राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-321
लखनऊ, गुरुवार 11 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





तत्काल अतिक्रमण हटाएं नगरीय निकाय : एके शर्मा 03

सनातन संस्कृति की आस्था को मिलेगा बल : पुष्कर सिंह धामी 12


## मुख्यमंत्री योगी ने 7720 नवचयनित लेखपालों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

### निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई चयन प्रक्रिया, अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें लेखपाल : योगी आदित्यनाथ

**4700 नई नियुक्तियों के अधियाचन भी भेजे गए, खत्म होगी लेखपालों की कमी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित मिशन रोजगार कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सीएम योगी ने नवचयनित लेखपालों को उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह किया।

उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी। ऐसे में ये आपकी जिम्मेदारी बनती है कि बिना किसी सिफारिश के प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही एक गरीब की ईज ऑफ लिविंग के लिए आपको अपने स्तर पर विशेष कार्य करना है। एक गरीब के जीवन के लिए आपकी ऊर्जा और प्रतिभा लगे, निवेश की संभावनाओं में आपका सकारात्मक सहयोग मिले, जाति, निवास, आय प्रमाणपत्र के लिए जो समय सीमा तय की गई है उसके अनुसार आम जनमानस और युवाओं को सहयोग प्राप्त हो। वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्यवाही समय से पूरी हों। लोगों के बीच में आपकी अच्छी छवि बने और लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं। कार्यक्रम के दौरा सीएम योगी के समक्ष मिशन रोजगार को लेकर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। लोकभवन के

**प्रदेश में निवेश व योजनाओं से करोड़ों नौकरियों का हुआ सृजन**

सीएम योगी ने प्रदेश में मिशन रोजगार को लेकर कहा कि पिछले 7 वर्ष में आपने देखा होगा कि प्रदेश सरकार नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरी इमानदारी और बिना भेदभाव के युवा की योग्यता और उनकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। इसी का परिणाम है कि 6 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है और आज वो सभी युवा अलग-अलग क्षेत्र में प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रदेश में एक लाख 55 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की नियुक्ति की गई है, जबकि 1 लाख 54 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों में भी इसी प्रकार की भर्तियों की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में अब तक हमारी सरकार 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को धरातल पर उतार चुकी है। हमारे पास अभी लगभग 30 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव बाकी है, जिन्हें धरातल पर उतारने की कार्यवाही चल रही है। प्रदेश में निवेश का बेहतरीन माहौल बना है, एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहित करने का कार्य हुआ, इन सबसे भी हमने प्रदेश में एक करोड़ 62 लाख युवाओं को अपने ही जनपद में नौकरी की संभावनाएं उपलब्ध कराई हैं। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अपने जनपद और गांव में रोजगार की सुविधा प्राप्त हुई।

**जल्द पूरी की जाएंगी 4700 नई नियुक्तियां**

सीएम योगी ने कहा कि इस नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 2022 में राजस्व विभाग ने अपना अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दिया था। चयन की प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आयोग ने संपन्न की, लेकिन कुछ लोगों की फितरत होती है कि हर अच्छे कार्य में रोड़ा अटकाया जाए। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4700 और नई नियुक्ति के अधियाचन हम भेज चुके हैं और जल्द ही उस प्रक्रिया को भी पूर्ण करने वाले हैं। इस प्रक्रिया के पूरा होते ही 3837 लेखपाल जो प्रदेश में नियुक्त होने चाहिए, उनकी संख्या पूरी हो जाएगी।

### आईटीबीपी ने लद्दाख में तस्करों से सोने के 108 बिस्कुट जब्त किए

**नयी दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने पूर्वी लद्दाख के दक्षिणी सेक्टर से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 108 किलोग्राम वजन की 108 सोने के बिस्कुट और चीन के खाद्य पदार्थों सहित अन्य सामान जब्त किया है। आईटीबीपी ने बुधवार को यहां बताया कि पकड़े गये लोगों के नाम तेनजिन टार्गी और त्सेरिंग चंबा हैं तथा उन्हें 21वीं बटालियन के जवानों ने मंगलवार को गश्त के दौरान हिरासत में लिया। आईटीबीपी के अनुसार,गश्त करने वाली टीम को सिरिगापले क्षेत्र में तस्करी के बारे में गुप्त जानकारी मिली थी। टीम को गश्त के दौरान खच्चरों के साथ दो संदिग्ध व्यक्ति मिले। इनके भागने पर बल के जवानों ने दोनों को पीछा कर पकड़ लिया।

## संक्षिप्त समाचार

**समलैंगिक विवाह में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई स्थगित**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई नई पीठ के गठन तक बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को (10 जुलाई) न्यायाधीश कक्ष में इस मामले पर सुनवाई करनी थी। इस बीच पांच सदस्यीय इस पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले से अपने को अलग कर लिया। इस वजह से पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी और नई पीठ के गठन होने तक इस मामले को स्थगित कर दिया गया।

**यूट्यूबर एल्विश की बढ़ीं मुश्किलें, ईडी ने भेजा समन**

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फएल्विश यादव को उसके द्वारा आयोजित पार्टियों में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए 23 जुलाई को तलब किया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय एजेंसी ने मई में मामला दर्ज किया था और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) जिले में पुलिस द्वारा एल्विश यादव और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफदर्ज एक प्राथमिकी और आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप लगाए थे। सूत्रों ने बताया कि एल्विश यादव को इस सप्ताह ईडी के लखनऊ कार्यालय के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने अपनी विदेश यात्रा और पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण मोहलत मांगी थी।

**ईडी की टीम कांके रिसॉर्ट ब्लॉक में कर रही छापेमारी**

**रांची।** झारखंड में प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के अवैध कब्जा मामले में कार्रवाई तेज कर दी है। प्रर्वतन निदेशालय की टीम बुधवार को जमीन कारोबारी कमलेश कुमार से जुड़े मामले में जांच के लिए रांची के कांके स्थित चामा गांव पहुंची। यहां ईडी की टीम ने ग्रामीणों से पूछताछ की। इसके बाद ईडी की टीम दस गाड़ी में सवार होकर कांके रिसॉर्ट और कांके ब्लॉक पहुंचकर छापेमारी कर रही है। ईडी को जमीनों का नेचर बदलकर उसे बेचे जाने की शिकायत मिली है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। बीते 21 जून को ईडी ने कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके ठिकानों से एक करोड़ कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे। इस पूरे मामले में ईडी ने झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी।

**रणनीतिक साझेदारी में बदलेंगे भारत-आस्ट्रिया संबंध : मोदी**

**विएना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहैमर ने बुधवार को यहां आपसी सहयोग को और मजबूत करने तथा संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया। आस्ट्रिया की यात्रा पर आये श्री मोदी ने चांसलर नेहैमर के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित दुनिया में अलग अलग स्थानों पर चल रहे विवादों पर विस्तार से चर्चा की।

# बस व ट्रक की टक्कर में 18 की मौत

### आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, 19 लोग गंभीर रुप से घायल, सीएम योगी ने व्यक्त किया दुख

**पुलिस व यूपीडा टीम ने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला**

समृद्धि न्यूज



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर क्षेत्र में बुधवार भोर ट्रक और प्राइवेट बस की भिड़ंत में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि 19 अन्य घायल हो गये। जिलाधिकारी गौरांठी राठी ने बताया कि आज सुबह करीब सवा पांच बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार निजी बस और दूध के टैंकर में टक्कर हो गयी। इस हादसे में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी है जबकि 19 अन्य गंभीर रुप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। उन्होने बताया कि प्रथम दृष्टया बस की रफ्तार को हादसे का कारक बताया गया है हालांकि हादसे के कारणों का पता लगाया जायेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होने एक्स पर पोस्ट किया। जनपद उन्नाव में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार करीब 05.15 बजे थाना बेहटा मुजावर क्षेत्रांतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे किमी संख्या 247 पर यह हादसा उस समय हुआ जब बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस ने पीछे से दूध से भरे टैंकर को टक्कर मार दी जिसमे 18 लोगो की मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को बाहर निकाल कर उपचार के लिये सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती करवाया गया है एवं शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। बस यात्रियों के परिजन 0515-2970767, 9651432703, 9454417447, 8887713617 और 8081211289 पर संपर्क कर सकते हैं। हादसे की सूचना पर बांगरमऊ कोतवाली पुलिस और यूपीडा टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करके बस में फंसे लोगों को बाहर निकलवाकर सीएचसी भेजा गया। हादसे में बस में सवार रहे एक बच्चे सहित 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 19 लोग घायल हुए हैं।

**पीएम ने दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में सड़क दुर्घटना को पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रूपये तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, यूपी के उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

**राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताया**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे पर दुख जताया है। इस हादसे में 18 लोगों की जान गई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स हैंडल पर जारी शोक संदेश में कहा है, उत्तर प्रदेश में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखदाई है। ऐसी आकस्मिक मृत्यु का शिकार हुए लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति मैं गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं।

## यूपी में प्रशासनिक फेरबदल, 10 आईएएस-पीपीएस का ट्रांसफर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद से योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा शुरू किया गया तबादलों का सिलसिला लगातार जारी है। यूपी में आईएएस और आईपीएस के तबादलों के बाद आज यानी बुधवार को 10 पीपीएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। यह तबादले महाकुंभ मेला 2025 को देखते हुए किया गया है।

अवनीश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद मेरठ तैनाती मिली है। असीम चौधरी को एएसपी कुंभ मेला प्रयागराज तैनाती मिली है। प्रदीप कुमार वर्मा को एएसपी जनपद जालौन बनाया गया है। वीरेंद्र कुमार प्रथम को उपसेना नायक 01 वाहिनी एसएसएफ लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह प्रवीण सिंह चौहान एएसपी कुंभ मेला प्रयागराज बने है। अनित कुमार उपसेनानायक 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, पीयूष कुमार सिंह एडीसीपी गाजियाबाद बनाए गए, देवेश कुमार शर्मा एएसपी यूपीपीसीएल लखनऊ बने। मनोज कुमार यादव एसपी ट्रैफिक मथुरा बनाए गए और कृष्णकांत सरोज को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूं में तैनाती मिली है। इससे पहले आईएएस अनुराग जैन सीडीओ अम्बेडकरनगर को महराजगंज का नया सीडीओ बनाया गया है। आईएएस अनिल कुमार सिंह सीडीओ लखीमपुर खीरी का तबादला सीडीओ महराजगंज किया गया था। आईएएस अनिल सिंह को अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता बनाया गया है। अपर प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी प्रणता ऐश्वर्या को सीडीओ अम्बेडकरनगर बनाया गया।

## 13 सीटों पर उपचुनाव में 63.23 प्रतिशत वोटिंग

**झड़प में एसएचओ का सिर फटा, भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद बुधवार (10 जुलाई) को 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई, जो शाम 6 बजे तक चली। छिटपुट घटनाओं के अलावा कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। नतीजे 13 जुलाई को आएंगे।

पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भाजपा-टीमएसी समर्थक बूथ पर गड़बड़ी का आरोप लगाकर एक-दूसरे से भिड़ गए। पुलिस ने मामला शांत कराया। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजुमदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडे चौराहे पर खड़े होकर वोटिंग करने जा रहे लोगों को रोक रहे हैं। उत्तराखंड की मंगलौर सीट पर झड़प के बाद पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बिहार में पूर्णिया की रुपौली सीट पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। पुलिस की माने तो बूथ के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने हटने को कहा तो बहस शुरू हो गई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। एक एसएचओ और सिपाही घायल हो गए। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 4 सीटों- रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला पर उपचुनाव हो रहे हैं। उत्तराखंड में बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब में जालंधर पश्चिम सीट के लिए वोटिंग हुई। हिमाचल में देहरा, हमीरपुर और नालागढ़, बिहार में रूपौली, तमिलनाडु में विक्रवंडी, मध्य प्रदेश में अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव के लिए वोट डाले गए। इन 13 सीटों में से बंगाल की 3 सीटें पिछली बार भाजपा ने जीती थी। अन्य 10 में से कांग्रेस ने 2, अन्य पार्टियों ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

**बिजली गिरने से बच्ची सहित पांच लोगों की मौत**

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बारिश के बीच बिजली के कहर ने बुधवार को एक बच्ची सहित पांच लोगों की जान ले ली। थाना एलाऊ में एक, बेवर में तीन और भोगांव में एक किसान की मौत हो गई। बुधवार की सुबह तड़के अचानक तेज बारिश ने माहौल बदल दिया। बारिश तो कुछ देर बाद थम गई लेकिन बारिश के कहर ने कई लोगों की जान ले ली। थाना बेवर क्षेत्र के गांव नगला पैठ में चारू पुत्री दीप चंद्र (22) बारिश से बचने के लिए मंदिर पर बैठी थी। तभी बिजली गिरने से मौत हो गई। कस्बा निवासी अंश उर्फ मोनू शाक्य (22) पिता के साथ छत पर मूंगफली इकट्ठा कर रहा था। तभी बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। उत्तरी काजीटोला निवासी सुनील कुमार की भी बिजली गिरने से मौत हो गई।

## निर्देश : अधिकारी डेंगू से निपटने व रोकथाम के लिए रहें तैयार : नड्डा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को देशभर में डेंगू बुखार की स्थिति और इसकी रोकथाम, नियंत्रण प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा की।

इस उच्च स्तरीय बैठक में देश भर में डेंगू की स्थिति और तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। मानसून की शुरुआत और बरसात के मौसम में डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या के खतरे से उत्पन्न चुनौती का उल्लेख करते हुए श्री नड्डा ने डेंगू से निपटने के लिए तैयार रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को डेंगू के खिलाफ रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों से डेंगू से प्रभावित उन राज्यों और क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, जहां अक्सर प्रकोप की सूचना मिलती है। अधिकारियों से डेंगू की रोकथाम के लाने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने विशेष रूप से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय नगर निगमों और स्थानीय स्वशासन को शामिल करते हुए अंतर-मंत्रालयी समन्वय अभिसरण पर जोर दिया।

**भारत ने तीसरे टी-20 में जिम्बाब्वे को 23 रन से हराया**

**हरारे।** कप्तान शुभमन गिल (66) और रुतुराज गायकवाड (49) की बेहतरीन बल्लेबाजी के बाद वाशिंगटन सुंदर (चार ओवर 15 रन 3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बुधवार को हरारे में पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20आई में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा दिया। भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। वाशिंगटन सुंदर को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी रही, क्योंकि तडिवानाशे मारुमानी ने पहले ओवर में खलील अहमद के खिलाफ दो चौके लगाए। लेकिन अगले ओवर में आवेश खान ने एक बेहतरीन गेंद फेंकी और वेस्ली मधेवेरे को (01) पवेलियन भेज दिया।

## सुप्रीम फैसला : मुस्लिम महिलाएं भी मांग सकती हैं पति से गुजारा भत्ता

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के हित में बुधवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि अब तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर अपने पति से भरण पोषण के लिए भत्ता मांग सकती हैं। हालांकि, कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कह दिया है कि यह फैसला हर धर्म की महिलाओं पर लागू होगा और मुस्लिम महिलाएं भी इसका सहारा ले सकती हैं। इसके लिए उन्हें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत कोर्ट में याचिका दाखिल करने का अधिकार है।

इस संबंध में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने फैसला सुनाया है। दरअसल, यह पूरा मामला अब्दुल समद नाम के व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। बीते दिनों तेलंगाना हाईकोर्ट ने अब्दुल समद को अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। इस आदेश के विरोध में अब्दुल समद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। अब्दुल ने अपनी याचिका में कहा कि उनकी पत्नी सीआरपीसी की धारा 125 के अंतर्गत उनसे गुजारा भत्ता मांगने की हकदार नहीं है। महिला को मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 अधिनियम के अनुरूप चलना होगा। ऐसे में कोर्ट के सामने सबसे बड़ा सवाल यह था कि वो किसे प्राथमिकता दे।

**आरोप**

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई में कार्यक्रमों में की शिरकत, कहा**

## अपनों को नौकरियों में एडजेस्ट कर घोटाला कर रही भाजपा

समृद्धि न्यूज



**सैफई।** भाजपा सरकार ने नौकरियों में घोटाला किया है। हाईकोर्ट में खुलासा हुआ कि कापियां तक बदल दी गयी। ये अपने लोगों को नौकरियों में एडजेस्ट करने के लिए घोटाला करते हैं। सैफई मेडिकल कॉलेज में एक ही कोचिंग के बच्चों को बड़े पैमाने पर नौकरी कैसे मिल गयी? सैफई के साथ लखनऊ के अन्य मेडिकल संस्थानों में भी यही हुआ है। यह बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही।

सपा अध्यक्ष बुधवार को निजी कार्यक्रमों में शिरकत करने सैफई पहुंचे थे। यहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों में आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसलिए भर्तियों में घपले और घोटाले करती है। ये पिछड़े, दलितों और पीडीए परिवार को साजिश के तहत नौकरियों से दूर रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। चीन और देश की सीमाओं को लेकर सरकार को सावधान रहना चाहिए था और जितने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करना चाहिए था, नहीं किया। फोर्स को पर्याप्त टेक्नोलॉजी और जानकारी मिलनी चाहिए थी। उसमें इंटेलिजेंस फेलियर है, इसके कारण हमारी आंतरिक और बार्डर की सुरक्षा खतरे में हैं। चीन के सवाल पर सरकार झूठ बोलती है। सुनने में आ रहा है कि काफी जमीन कब्जा हो गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से हर मुद्दे पर झूठ बोला है। स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। नगरों का बुरा हाल है। सड़कों में गड्ढे हैं। जलभराव है। गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। गाड़ियां नहीं चल पा रही हैं। लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बेकार हो गयी हैं। बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। उसे नौकरी की तलाश है। भाजपा सरकार पूरी तरह झूठ पर चल रही है।

**अयोध्या में हुए अरबों के जमीन घोटाले**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या में अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। यहां पर भू-माफ़ियाओं ने जमीनें खरीदी हैं। उन्होंने मांग की है कि जांच की जानी चाहिए। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा कि जैसे-जैसे अयोध्या की जमीन के सौदों का भंडाफोड़ हो रहा है उससे ये सच सामने आ रहा है कि भाजपा राज में अयोध्या के बाहर के लोगों ने मुनाफा कमाने के लिए बड़े स्तर पर जमीन की खरीद-फरोख्त की है। भाजपा सरकार द्वारा पिछले सात सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के खिलाफएक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। यहां आस्थावानों ने नहीं बल्कि भू-माफ़ियाओं ने जमीनें खरीदी हैं। इससे अयोध्या-फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में रहनेवालों को इसका कोई भी लाभ नहीं मिला।

# बाढ़ पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री, खिले चेहरे

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को पीलीभीत, लखीमपुर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर निकले सीएम योगी बुधवार दोपहर शारदा नगर पहुंचे। उन्होंने यहां पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दुख-दर्द साझा कर उन्हें राहत सामग्री प्रदान बांटी। हर समय सरकार उनके साथ होने के भरोसे के साथ अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी को तनिक भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। यहां उन्होंने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और राहत सामग्री का वितरण किया।

**फसल मुआवजा के लिए अभी से सर्वेक्षण-** सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों के बर्बाद फसलों की क्षतिपूर्ति का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलें बाढ़ के पानी में डूब गई हैं, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए अभी से सर्वेक्षण भी शुरू करा दिया गया है। ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि सभी प्रभावित किसानों को समय से फसल मुआवजा मिल जाए।

**बाढ़ की आशंका को देखते हुए एनडीआरएफ सक्रियः-** एसडीआरएफ व पीएसी की फ्लड यूनिट को पहले से ही सक्रिय कर दिया गया था। पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था के साथ राहत सामग्री का पर्याप्त इंतज़ाम है, जो भी बाढ़ की चपेट में आया उन्हें पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री दी जा रही है। हर राशन सामग्री किट में लाई ( धान की ) 05 किग्रा, भूना चना 02 किग्रा, गुण (प्लास्टिक पैक में) 01 किग्रा, बिस्कुट 10 पैकेट (50 ग्राम प्रति पैकेट ), मचिस 01 पैकेट (06 पीस प्रति पैकेट ),मोमबत्ती मोटी 50 ग्राम प्रति पैकेट 01 पैकेट, नहाने के साबुन 02 (75 ग्राम प्रति पीस),जरीकेन 01 (20 लीटर), तिरपाल 01 (12ङ्ग10) वर्गफिट, मोटाई 110 त्वस्रू आटा और चावल 10-10 किग्रा, अरहर दाल 02 कि0ग्रा0, आलू 10 किग्रा, हल्दी 200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सब्जी मसाला 200 ग्राम, सरसों का तेल एक लीटर, नमक आयोडाइज्ड एक किग्रा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि हम शीघ्र ही बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण प्राप्त कर लेंगे।

बैठक में विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अमन गिरी, सौरभ सिंह सोनू, विनोद शंकर अवस्थी, रोमी साहनी, शशांक वर्मा, एमएलसी अनूप गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब, एडीजी जॉन लखनऊ एसबी शिरोडकर, आईजी रेंज लखनऊ प्रशांत कुमार, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



### घबड़ाने की जरूरत नहीं, आपदा की घड़ी में यूपी सरकार आपके साथ : मुख्यमंत्री

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राजकीय हेलीकॉप्टर अपने निर्धारित समय पर शारदा नगर हैलीपैड पर लैंड किया। मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एनडीआरएफ के मोटरबोट से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ तहसील धौरहरा, विधानसभा निघासन क्षेत्र अंतर्गत के बाढ़ प्रभावित गांव सौहरिया के मजरा महादेव का जायजा लिया। उनके साथ सीएम के साथ मोटर बोट में विधायक शशांक वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल भी सवार रही। सीएम ने बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि वह चिंता न करें। आपदा की इस घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है। हर संभव मदद और सहयोग उन तक पहुंचाया जाएगा। अधिकारियों से राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिया कि बाढ़ पीड़ितों की मदद में कोई कोर कसर न छोड़ी जाए।



**सीएम ने बोट से किया प्रभावित इलाकों का दौरा**

### आपदा से मृत्यु के साथ पशु हानि पर भी आर्थिक सहायता



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की मृत्यु अत्यंत दुखदाई होती है। फिर भी आपदा में किसी की मृत्यु होने पर संबंधित के परिवार को चार लाख रुपये तत्काल आर्थिक सहायता देने का निर्देश प्रशासन को दिया गया है। सांप या अन्य हिंसक जहरीले जानवर के हमले में मृत्य पर भी यह मदद दी जाएगी। बाढ़ के चलते किसी किसान या बटाईदार की मृत्यु पर उसे तत्काल मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये की बीमा से आच्छादित करने का निर्देश प्रशासन को दिया गया है। इसी तरह यदि किसी व्यक्ति के पालतू पशु (गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी आदि) की बाढ़ के चलते मृत्यु हो जाती है तो उसके लिए भी सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन घरों में बाढ़ या बारिश का पानी घुस गया है, उन परिवारों के भोजन पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पशुओं का भी सरकार को खयाल है। प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं को भूसे चारे का संकट न हो, इसके लिए भी प्रशासन को निर्देशित किया। सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ के समय सांप व अन्य जहरीले जंतुओं तथा कुत्तों के द्वारा काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी रेबीज वैक्सिन व एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रहे। बीमारियों की आशंका को देखते हुए ऐसे क्षेत्रों में ओआरएस के पैकेट बांटने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इन बीमारियों से होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। साथ ही पेयजल को शुद्ध रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग को क्लोरीन टैबलेट बांटने को कहा गया है।

### सीएम ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों संग बैठक कर की हालात की समीक्षा



बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत सीएम योगी आदित्यनाथ ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ सिंचाई खण्ड, शारदानगर कालोनी मैदान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों संग बैठक कर हालात की समीक्षा की। व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम ने कहा कि इस समय जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। सभी अफसर अलर्ट मोड में रहें। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए गत वर्षों में अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए। बाढ़ की स्थिति पर रेग्युलर मॉनीटरिंग बनाए रखे। एसडीआरएफ और पीएसी फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें 24×7 एक्टिव मोड में रहें। अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण रखा जाए। बाढ़ के दौरान और बाद में बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य किट यथा क्लोरीन टैबलेट, ओआरएस आदि की उपलब्धता होनी चाहिए। बुखार आदि की पर्याप्त दवा उपलब्ध हो। सर्प दंश की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सकीय मदद मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार बाढ़ प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। सरकार लोगों के हुए नुकसान की भरपाई करेगी। बैठक में विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अमन गिरी, सौरभ सिंह सोनू, विनोद शंकर अवस्थी, रोमी साहनी, शशांक वर्मा, एमएलसी अनूप गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नदियों में आई अचानक बाढ़ के कारण कमजोर तट बांध फटे

**गांव की तरफ शारदा नदी के तेज पानी का बहाव होने से फसल क्षतिग्रस्त, किसान परेशान**

**ईसानगर, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र में बाढ़ का कहर पहाड़ों पर हुई बारिश के चलते नदियों के बढ़े जलस्तर के कारण पानी को काबू करना मुश्किल हो रहा है। लगातार बैराजों से पानी रिलीज होने के चलते शारदा व घाघरा नदी रौद्र रूप दिखा रही है। नदियों में आई अचानक बाढ़ के कारण कमजोर तट बांध फट रहे है। तहसील धौरहरा अधिकांश गांव बाढ़ की चपेट में आए हैं हजारों बीघा फसल बाढ़ के पानी मे डूब चुकी है। घर, सड़क, खेत, जंगल हुआ पानी-पानी ने जिले की तहसील धौरहरा मे कहर बरपाया हुआ है। लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

तट बांध में छोटी समस्या होने पर ग्राम प्रधान व ग्राम वासियों द्वारा अधिकारियों को सूचित किया गया था लेकिन छोटी समस्या बता कर अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया उसका समुचित समाधान रौद्र रूप में आई शारदा ने करीब 10 मीटर तट बांध को काटते हुए हरी भरी फसल को तहस-नहस कर दिया है। गांव की तरफ बढ़ रही नदी से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

जिस संबंध में उप जिला अधिकारी धौरहरा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई फोन स्विच ऑफ रहा।

जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी के नंबर पर संपर्क किया गया तो वहां से जल्द से जल्द आश्वासन दिखवाने को मिला। बाढ़ खण्ड जेई को भी इस संबंध में सूचित किया गया।



प्रधान ग्राम पंचायत लखपेड़ा सरस्वती प्रताप ने कहा कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान किया गया होता तो इतना विकराल रूप आज देखने को नहीं मिलता। कई दिन पूर्व इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी गई थी लेकिन अब तक कोई भी कार्य नही कराया गया। सूचना देते वक्त महज एक मीटर ही काटा था तटबंध अब करीब 10 मी0 हो चुका है।
शिवकुमार सिंह ने कहा कि आपदा में अवसर को तलाशते रहते हैं सभी, चाहे अधिकारी हो या नेता या ठेकेदार, बरसात के पहले अगर बांध की मरम्मत हुई होती तो आज हम लोगों की फसल ना जाती, अभी तक तो फसल गई है अगर यही रहा तो घरों से भी हाथ धोना पड़ेगा।
सुनील मिश्रा ने कहा कि अधिकारी अगर छोटी समस्या का ही सुधार चालू कर दे तो बड़ी समस्या जन्म नही लेगी। इस प्रकार की समस्याएं रोजाना हम सभी को झेलनी पड़ती हैं अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं मिला।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** बीते सप्ताह थाना भीरा क्षेत्र के 20 मजदूर काम करने के उद्देश्य से हरियाणा जा रहे थे। जहां बरेली बाईपास पर सड़क दुर्घटना होने के कारण एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई थी जिसमें तीन गंभीर घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सप्ताह तक इलाज चलने के बाद बुधवार को रामनगर कलां निवासी केदारी 45 की दर्दनाक मौत हो गई मौके पर पहुंची बिजुआ पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना भीरा क्षेत्र के रामनगर व चंदपुरा गांव के लगभग 20 मजदूर बीते 28 जून को मजदूरी करने के उद्देश्य से अर्टिगा कार किराए पर लेकर हरियाणा जा रहे थे। रास्ते में रात करीब 12 बजे बरेली बाईपास स्थित एक ढाबे पर चाय पीने के उद्देश्य से मजदूरों ने सड़क किनारे कार खड़ी करवा दी। सड़क किनारे खड़ी कार में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार के अंदर लेटे मजदूरों में शिवपूजन की मौके पर ही मौत हो गई थी।वहीं चंदपुरा निवासी अनुरुध एवं रामनगर निवासी केदारी,महेश,रामासरे गंभीर घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। जिसमें बुधवार को रामनगर निवासी केदारी की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चकपुरवा गांव का मिट गया अस्तित्व



**शारदा नदी ने कहीं गांव तो कहीं शिक्षा के मंदिर का मिटा दिया अस्तित्व**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** तहसील गोला के ब्लॉक बिजुआ के क्षेत्र में इस वक्त शारदा नदी ने उत्पात मचा रखा है जिससे शारदा नदी के किनारे बसे गांवों के दिलो में दहशत का माहौल है। शारदा नदी के कटान में न जाने कितने घर मकान कट चुके हैं, और जब भी बरसात आती हैं तो कटान का कार्य शुरू हो जाता हैं जिसके चलते सिंघिया फार्म में दो ग्रामीणों अमेरिका पुत्र भागी लाल व भार्गनाथ पुत्र देवपूजन के घर व स्कूल कट गया है। स्कूल के कटने से बच्चों को शिक्षा के लिए दिक्कते खड़ी हो गई है। इतना ही नही दो दिन पूर्व ग्राम पंचायत करसौर के मजरे चकपुरवा में पिछले वर्ष कटान में बचे तीनो मकान इस बार शारदा नदी में समा गए हैं, और इस तरह चकपुरवा गाँव का अस्तित्व मिट गया है। इस गाँव मे लगभग 55 मकान बने हुए थे, जिसमे से पिछले वर्ष के कटान में 52 मकान कट गए थे और बचे हुए 3 मकान इस वर्ष हुए कटान में कट गए हैं। पिछले वर्ष के चकपुरवा गाँव के कटान में केवल तीन लोगों के मकान बचे थे, ये मकान नंगाराम, छोटकन्न और लल्लू राम के थे जो सोमवार को शारदा नदी के कटान के चलते नदी में समा गए। इस प्रकार इस गाँव का नाम केवल कागजो में सिमट कर रह गया है।

### मातृत्व लाभ योजना सप्ताह के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजित



**लखीमपुरी खीरी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार 10 जुलाई 2024, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव के दिशा निर्देशन में वन स्टाप सेन्टर, चाईल्ड लाईन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ पर पर अधीक्षक डॉ पवन की अध्यक्षता में मातृत्व लाभ योजना सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ज्ञात को कि संकल्प HEW के 100 दिन के जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव के निर्देशन मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड मे अधीक्षक डॉ पवन की अध्यक्षता मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें अधीक्षक महोदय द्वारा गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की चिकित्सीय देखभाल एवं खान-पान के ऊपर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर की काउंसलर सुश्री विजेता गुप्ता द्वारा केंद्र कि कार्य प्रणाली एवं महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के ऊपर प्रकाश डाला गया। चाईल्ड हेल्प लाईन ( 1098 ) से परियोजना समन्वयक अंजुम परवीन द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी बच्चा जिसको किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो जैसे भटकता हुआ, भीख मांगता हुआ, शिक्षा से वंचित, बाल श्रम करता हुआ, जिस बच्चे की देखरेख करने वाला कोई न हो या बच्चा किसी भी प्रकार की समस्या में हो जिसे सहायता की आवश्यकता हो तो वह बच्चा स्वयं या किसी भी व्यक्ति द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना दर्ज कराई जा सकती है सूचना देने वाला व्यक्ति यदि चाहे तो उसका नाम नम्बर गुप्त रखा जाएगा। स्टाफ नर्स खुशबू अवस्थी द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया गया की योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को अच्छा खान-पान एवं पोषण की सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस योजना के लिए आवेदन हम आधिकारिक वेबसाइट pmmvy.nic.in पर लॉगिन करके कर सकते हैं। योजना में पहले बच्चे के जन्म पर रु. 5000 की धनराशि मिलती है एवं दूसरी बालिका के जन्म पर रु. 6000 की एक मुश्त धनराशि प्राप्त होती है। कार्यालय सहायक रश्मि बर्मा द्वारा कन्या सुमंगला योजना के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं जानकारी दी गई कि इस योजना की धनराशि 15000 से बढ़कर 25000 रुपए कर दी गई है। चाइल्ड हेल्प लाइन से विभा सक्सेना , अखिल दीक्षित व अनुज तिवारी की भी सहभागिता भी रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के प्रथम व द्वितीय श्रेणी के पात्र लोगो के आवेदन भराने व चिन्हीकरण के बारे में भी बताया गया है।

# विद्युत उपकेंद्र पर बैटरी खराब होने से दिक्कत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बिजुआ के विद्युत उपकेंद्र पर लगी मशीनों की डीसी आपूर्ति बंद होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बिजली कटौती से प्रतिदिन परेशान होना पड़ता है। विद्युत उपकेंद्र पर बैटरी चालित डीसी आपूर्ति में बैटरी खराब होने से लाइनें खराब होने की जानकारी विद्युत कर्मियों को नहीं मिल पाती।

विद्युत उपकेंद्र बिजुआ में मशीनों को संचालित करने वाली बैटरी पूरी तरह से खराब हो गई हैं जिससे प्रतिदिन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। बिजुआ हाइडिल में बिजली आपूर्ति चालू करने के लिए लगाई गई मशीनों को दी जाने वाली डीसी सप्लाई काफी समय से बंद पड़ी है। डीसी आपूर्ति देने वाली बैटरी पूरी तरह से खराब हो चुकी है, जिस कारण डीसी आपूर्ति मशीनों तक नहीं पहुंच रही और मशीनों को चालू करने में परेशानी हो रही है। बिजलीघर पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि बैटरी



खराब हो गई हैं जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है,और कोई भी फाल्ट होती है तो पूरा पावर हाउस ही बंद करना पड़ता है और देखा जाए तो विद्युत कर्मचारी(लाइन मैन) अपनी जान जोखिम में डालकर लाइन पर कार्य कर रहे हैं। इसी वजह से बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत झेलनी पड़ती है। पावर हाउस के कर्मचारियों ने अधिकारियों से बैटरी बदलवाने की लिखित रूप से मांग की है ताकि सभी लाइने सुचारू रूप से चल सकें और जिस लाइन में फाल्ट हो वो लाइन ट्रिप हो जाए ताकि अन्य लाइनों को बंद न करना पड़े।

# मामूली बारिश में ही जगह-जगह जलभराव

**पाइप लाइन के लिए हुई खुदाई से बने गड्ढे ही गड्ढे**

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत सिसोरा नासिर में मामूली बारिश में ही विकास की पोल खुल गई है। गांव में जल निकासी न होने के कारण जगह-जगह जलभराव की समस्या है। जलभराव से ही यहां के कार्यों की गुणवत्ता को समझा जा सकता है। ग्रामीणों ने समस्या निस्तारण की मांग उठाई है।ग्राम पंचायत ससोरा नासिर के मजरा कटघरा और बरैची के ग्रामीणों ने मीडिया को बताया है कि पहली बारिश ने जहां आवागमन में बाधा डाल दी है वहीं गंदा पानी घरों में घुसने लगा है। ग्राम प्रधान और सचिव पर धन के बंदरबांट का आरोप लगाया। यहां की मानक विहीन बनी नालियों में बारिश का



पानी बजाय बहने के घरों के अंदर घुसता है। वहीं सामान्य दिनों में बहाव न होने से, गहरी कम होने से नालियों का पानी मार्ग में बहता है। मानक विहीन बने संपर्क मार्ग में गड्ढे और उनमें भरा पानी-कीचड़ लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करता है। यहां तक की घुटनों से भरे हुए पानी से ग्रामीण निकलने को मजबूर है। समय रहते गावों में इन विकास कार्यों की समीक्षा नही की जाती तो विकास के नाम पर व्यय धन एक साल भी काम नही आयेगा।

बरैची गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर गांव में कोई भी विकास कार्य न कराये जाने का आरोप लगाया है। नाम न छापने की शर्त पर कई ग्रामीणों ने बताया है कि मुख्य मार्ग पर काफी पुराना खड़ंजा पड़ा था जो जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालते समय खोद दिया गया लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद भी जल निगम वालों की लापरवाही रही और गढ्ढो को नहीं भरा गया जिसके कारण बरसात में गढ्ढो में पानी भर गया और पूरा मार्ग दलदल बन गया। गांव के एक व्यक्ति ने बताया है कि इन्ही गढ्ढो में फंसकर उसकी भैंस काफी देर तक तड़पती रही जिसके बाद कई ग्रामीणों ने मिलकर उसको बाहर निकाला।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान द्वारा गांव के किसी भी रास्ते पर इंटरलॉकिंग का कार्य नहीं कराया गया काफी पुराने खडन्जा जो जगह-जगह से पूरी तरह से उखड़ चुका है और उनकी ईंटें गायब हो गई हैं जिसके कारण हमेशा इनमें बरसात का पानी भरा रहता है।

लगभग यही हाल ग्राम पंचायत के दूसरे मजरा कटघरा का है गांव का मुख्य मार्ग पूरी तरह से कीचड़ और दलदल से भरा पड़ा है। गांव वालों ने बताया है कि इस पर साइकिल और मोटरसाइकिल से तो दूर की बात पैदल निकलने वाले राहगीरों को भी बहुत ही परेशानी हो रही है इस तरफ किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ रही है।

# विकासखंड मितौली सभागार में बैठक संपन्न

**बीडीओ नें पुरानी कार्यवाई को पढ़ कर सुनाया**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड मितौली सभागार में ब्लॉक प्रमुख मितौली खुशबू सिंह की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू की व खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार, सांसद प्रतिनिध वीरेंद्र वर्मा की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। खंड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार नें पुरानी कार्यवाई को क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पढ कर सुनाया। लोगों ने ध्वनिमति से स्वीकृति प्रदान कर दी प्रमुख क्षेत्र पंचायत के कार्यो की सराहना की। मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ



सिंह सोनू ने उपस्थित ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीब किसानों, दलित, मजदूरों, आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्तियों का चिंतन करती है खंड विकास अधिकारी मितौली ने विकास खंड की योजनाओं के बारे में अवगत कराया, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुधन, महिला सशक्तीकरण, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वच्छता से संबंधित चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा, जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार, अल्पसंख्यक युवा मोर्चा के अध्यक्ष समसाद अली, ग्राम विकास अधिकारी मनोज वर्मा सहित समस्त विकासखंड मितौली के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल वनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में 21वां त्रैवार्षिक प्रांतीय चुनाव संपन्न



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की समन्वय समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल के प्रतिष्ठान एस एच एजेंसी पर आहूत की गई। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में संपन्न हुए त्रायबार्षिक प्रांतीय चुनाव अधिवेशन में जनपद लखीमपुर खीरी से 6पदाधिकारियों को विजयी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ वरिष्ठ पदाधिकारी अजय गोयल को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्यापार मंडल जनपद लखीमपुर खीरी के जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा को प्रदेश वरिष्ठ मंत्री अमित मिश्रा को प्रदेश मंत्री जगदीश शर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री राजू अग्रवाल को प्रदेश संगठन मंत्री एवं अजय अग्रवाल को प्रदेश संगठन मंत्री पद पर निर्वाचित होने पर व्यापार मंडल के सभी सदस्यों ने फूल माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया और सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देकर उनका उत्साह वर्धन किया। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर व्यापार मंडल को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का वादा किया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का श्रेय मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल को जाता है । संजय एवं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महिला उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

# आपदा पीड़ित परिवार को रेडक्रॉस ने पहुंचाई मदद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखीमपुर खीरी द्वारा ग्राम मरखापुर कस्बा ओयल के आपदा पीड़ित परिवार की मदद की गई। जानकारी के मुताबिक बीती 6 जुलाई को हुई तेज बारिश और हवाओं के चलते एक पुराना गुलर का पेड़ संतराम पासी के मकान पर गिर गया जिसमें वो छप्पर के नीचे अपनी छः बेटियों और पत्नी के साथ सो रहे थे, जिसमें परिवार के लोगों को चोटे भी आई और नुकसान भी हुआ।

रेडक्रॉस सचिव आरती श्रीवास्तव को जानकारी मिलते ही उन्होंने रेडक्रॉस आपदा प्रबंधन टीम के सदस्यों सुधाकर लाला, वीरेंद्र सिंह, अनुराग सक्सेना, हरयंक सिंह के साथ जाकर पीड़ित परिवार से



मिलकर जानकारी ली आस पास के लोगों ने बताया परिवार पहले ही परेशानियों से जूझ रहा था उपर से पेड़ गिरने से घर में रखी चारा काटने की मशीन, साइकिल, नल आदि अन्य समान भी क्षतिग्रस्त हो गए, संतराम और उनकी पत्नी निर्मला ने भी रेडक्रॉस को अपनी परेशानी बताई। रेडक्रॉस खीरी द्वारा पीड़ित परिवार को तारपोलिन (त्रिपाल), किचेन सेट एवं हाइजीन किट दी गई।

इस अवसर पर सचिव आरती श्रीवास्तव, आपदा प्रबंधन समिति सदस्य सुधाकर लाला, वीरेंद्र सिंह, अनुराग सक्सेना हर्यक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विधायक की अध्यक्षता में 130 स्मार्टफोनों का हुआ वितरण

**स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड मितौली स्थित बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में बतौर मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू , पूर्व राज्यसभा सांसद, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर की अध्यक्षता में बीए व बीएड फाइनल के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू की अध्यक्षता में 130 स्मार्टफोनों का वितरण किया गया जिसमें बीए



फाइनल के 57 व बीएड फाइनल के 73 स्मार्टफोन वितरित किए गए। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि विद्या वह धन है जो न कभी बाटा जा सकता है ना कभी चुराया जा सकता है इसलिए समस्त धनो में सर्वोपर विद्या धन है। इसलिए समस्त छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए और कक्षा में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर नें स्मार्टफोन पाने वाले छात्र छात्राओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह क्षेत्र लड़कियों की शिक्षा में पिछड़ा था इसलिए हमने एक क्षेत्र में और एक जिले पर सरैयां में दो महाविद्यालयों की स्थापना की जिससे क्षेत्र में गरीब कन्यायें, गरीब क्षात्र क्षात्रायें शिक्षा से वंचित न रहे और बच्चों को आशीर्वाद देकर मंगलमय भविष्य की कामना के साथ आगे की शिक्षा प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महा विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर कौशल कुमार पांडेय, विजय प्रकाश मिश्र बाईकुआं,भाजपा महामंत्री मैगलगंज कमलाकांत, मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमशाद अली, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश शुक्ल, पंकज कुमार, विद्यालय के छात्र और छात्राएं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मेट्रो के फेज-2 को मंजूरी, बसंतकुंज से चारबाग तक दौड़ेगी मेट्रो, 12 स्टेशन होंगे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर (चारबाग से वसंतकुंज) के डीपीआर को मंजूरी मिल गई है। दिल्ली में 9 जुलाई को हुई नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप की बैठक में इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी भी दे दी गई। योगी सरकार ने मार्च 2024 में प्रोजेक्ट फाइनल कर केंद्र सरकार को भेज दिया था।

बैठक में प्रधानमंत्री गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान पोर्टल का उपयोग किया गया। वसंतकुंज से चारबाग के 12 किमी. के रूट में पड़ने वाले यूटिलिटी (वाटर पाइप लाइन, ट्रांसमिशन लाइन, सीवर लाइन) को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही बड़ी इमारतों, बस स्टैन्ड, मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी पर भी अधिकारियों ने बात की। इसमे ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर मेट्रो निर्माण के लिए किसी भी प्रकार की बाधा न होने की बात कही गई। चारबाग से वसंत कुंज रूट पर एलिवेटेड रूट की लंबाई 4.286 किलोमीटर होगी। जबकि भूमिगत लंबाई 6.879 किलोमीटर होगी। जिसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। ये कॉरिडोर मौजूदा नार्थ साउथ कॉरिडोर के चारबाग मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगा, चारबाग मेट्रो स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन के तौर पर काम करेगा। 11.165 किलोमीटर लम्बे इस कॉरिडोर के निर्माण पर लगभग 5,801 करोड़ रुपए खर्चहोगा। ईस्ट बेस्टकारिडोर अमीनाबाद, पाण्डेयगंज, मेडिकल कालेज व चौक जैसेव्यस्त इलाकों को जोड़ेगा।

# मुख्यमंत्री कल करेंगे तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ

## आम की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही पैकेजिंग पर सरकार का फोकस, विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ आयोजित किए जाएंगे प्रशिक्षण सेमिनार

**उत्तर प्रदेश के आम की पूरी दुनिया में पहचान कायम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में 12 जुलाई को पूर्वान्ह् 11 बजे से तीन दिवसीय आयोजित होने वाले आम महोत्सव को शुभारम्भ करेंगे। उत्तर प्रदेश में उत्पादित होने वाले आम की प्रजातियों को जनमानस में लोकप्रिय बनाने व संरक्षण देने के लिए तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के आम की पूरी दुनिया में पहचान कायम हैं। इसलिए पूरे देश में आम के निर्यात में उत्तर प्रदेश का अहम योगदान है।



फाइल फोटो

योगी सरकार आम की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दे रही है जिससे आम के निर्यात में बढ़ोत्तरी हो तथा निर्यातकों की आमदनी बढे और इसके साथ ही आम उत्पादको को इसका लाभ मिले सके।

प्रदेश के उद्यान कृषि विपणन कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आम महोत्सव के आयोजन के बारे में प्रेस प्रतिनिधियो को सम्बोधित कर रहें थे। फलों का राजा आम खासतौर से उत्तर प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। एक बडे क्षेत्रफल में विभिन्न प्रजातियों का उत्पादन किया जाता है और आम उत्पादन में स्वरोजगार के साथ ही आमदनी की भरपूर सम्भावनाये हैं। राज्य सरकार आम की गुणवत्ता, विविधिता तथा विभिन्न प्रजातियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### 800 से अधिक आम की प्रजातियों का होगा प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2024 में आम के हितधारक तथा किसान, समितियां, स्वयं सहायता समूह, पैक हाउस, फ्रूट प्रोसेसर, निर्यातक, व्यापारी, नर्सरी मालिक, मशीनरी और उपकरण आपूर्तिकर्ता, शोधकर्ता, वैज्ञानिक आदि शामिल होगें। आम महोत्सव 2024 में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस वर्ष 100 से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं। आम महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन भी प्रदर्शित किये जायेंगे, साथ ही प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष विशेष आकर्षण में आम विविधता प्रदर्शनी में 120 से अधिक किस्मों के प्रदर्शन किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### मुख्य सचिव और डीजीपी ने किए बांकेबिहारी के दर्शन

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।** श्रीकृष्ण की नगरी में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे और ठाकुर जी की दर्जन-पूजन किया। इसके बाद मंदिर का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में डीएम और एसएसपी से जानकारी ली। इसके बाद वह कोसीकलां में बने ऑक्सीजन प्लांट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। इस दौरान वृंदावन पूरा पुलिस छावनी में तब्दील दिखाई दी। अधिकारियों के दौरे को देखते हुए जिले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान मुख्य सचिव ने बांकेबिहारी मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मंदिर तक पहुंचने वाले रास्तों की जानकारी हासिल की। विदित रहे कि आज कोसीकलां में बने ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन कार्यक्रम है। सीएम योगी आदित्यनाथ वर्चुअली इसका उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर डीजीपी और मुख्य सचिव यहां मौजूद रहेंगे। दोनों अधिकारी धार्मिक पर्यटन के बिंदुओं पर विकास को लेकर स्थानीय अधिकारियों संग बैठक भी करेंगे।

### राशनकार्ड सत्यापन में मुरादाबाद प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।** जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर राशनकार्डों के कराए जा रहे सत्यापन में मुरादाबाद जनपद प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। 5.50 लाख उपभोक्ताओं वाले इस जिले में कोटेदारों द्वारा 28.01 फीसदी राशनकार्डों की केवाईसी की जा चुकी है। देवरिया प्रदेश में पहले तथा चंदौली तीसरे स्थान पर है। डीएसओ ने बताया कि शासन के निर्देश पर राशनकार्डों में अंकित प्रत्येक व्यक्ति के नाम के सत्यापन का काम चल रहा है। आगे भी सत्यापन का कार्य जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद का तीसरा स्थान रहना सराहनीय है।

### जद यू अध्यक्ष ने सड़क हादसे पर जताया गहरा दुख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बस टैंकर में भिड़ंत से हुए भीषण बस हादसे पर गहरा दु:ख जताया है। बस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने शोक-संतप्त परिवारों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने भीषण हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार से बस हादसे में मृतकों के परिजनों एवं घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि चूंकि मृतकों में बिहार के भी लोग थे इसलिए बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए मृतक आश्रितों एवं घायलों को उचित मुआवजा देने की घोषणा कर दी है।

### भूतल पर पेंशन भोगियों की उपस्थिति दर्ज कराने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के दो गेट खोलने को लेकर एनएसयूआई मुखर हो गई है। प्रवेश परीक्षा का हवाला देते हुए छात्र संगठन ने कुलपति को ज्ञापन दिया है। इस दौरान छात्रों द्वारा पौधरोपण करते हुए युवाओं को जागरूक करने का कार्य भी किया। कांग्रेस की एनएसयूआई शाखा विवि इकाई अध्यक्ष सुधांशु शर्मा के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र एकजुट हुई। परिसर में छात्रों ने पौधरोपण किया। फिर सभी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मिले और उनके सामने छात्रों की परेशानी बताई। छात्र संगठन ने बताया कि 11 जुलाई से विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों को लेकर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। ऐसे में गेट नंबर 2 और 4 बंद रखना उचित नहीं है। संगठन ने छात्रों से जुड़े अन्य विषयों पर भी कुलपति से वार्ता की। इस दौरान अहमद रजा खान, विशाल सिंह, प्रिंस प्रकाश, शुभम खरवार, अंकुश, अर्सलान, शोएब अली, हर्षित, तनय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सीएम ने रक्षा मंत्री राजनाथ को दी जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को देश के रक्षा मंत्री तथा लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, जनप्रिय राजनेता, भारतीय जनता पार्टी परिवार के वरिष्ठ सदस्य, माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक बधाई! मुख्यमंत्री ने लिखा ''प्रभु श्री राम की कृपा से आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं सुयश पूर्ण जीवन की प्राप्ति हो, यही प्रार्थना है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी और फिर भाजपा की युवा शाखा में शामिल हो गए। सिंह की छवि एक गैर-विवादास्पद नेता की है। चाहे सहयोगी दल हों या विपक्षी, पेचीदा मुद्दों पर आम सहमति बनाने के लिए वह अक्सर पार्टी की पसंद रहे हैं। वह वर्तमान में लोकसभा में लखनऊ संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### मायावती ने एसआईटी रिपोर्ट पर उठाया सवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने हाथरस में हुए हादसे पर तैयार की गई एसआईटी रिपोर्ट पर गंभीर सवाल उठाया है। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के जरिये उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा है कि 121 लोगों की मौत सरकारी लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है, लेकिन एसआईटी ने जो रिपोर्ट पेश की है वो राजनीति से प्रेरित है। इसको घटना की गंभीरता के हिसाब से नहीं तैयार किया गया है। मायावती ने लिखा कि इस अति-जानलेवा घटना के मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका के सम्बंध में एसआईटी की खामोशी भी लोगों में चिन्ताओं का कारण। साथ ही, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाय उसे क्लीनचिट देने का प्रयास खासा चर्चा का विषय।

## नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने सम्भव पोर्टल के माध्यम से राज्यस्तरीय जनसुनवाई में कहा

# तत्काल अतिक्रमण हटाएं नगरीय निकाय

**'सम्भव' के तहत जनसुनवाई को पुन: करें शुरू**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगरीय निकाय नाले-नालियों के ऊपर किये गए अतिक्रमण को तत्काल हटाएं, जलभराव, नाले नालियों के ओवरफ्लो होने की शिकायत न मिले, जहां पर भी जलभराव व फ्लडिंग की समस्या उत्पन्न हो, तत्काल इसकी जानकारी डीसीसीसी और टोल फ्री नं0 1533 के माध्यम से मुख्यालय को अवगत कराए। निकाय सुबह 05 बजे से 08 बजे के बीच होने वाली नियमित सफाई, नाले-नालियों की सफाई उपरान्त सिल्ट व कूड़ा उठान, जलभराव एवम् फ्लडिंग पर विशेष ध्यान देंगे। बरसात के मौसम में लोगों को परेशानी न हो, इसकी चिंता करें।

निकायों के व्यवस्थापन में समस्या न आये, स्थानातरित कर्मचारी अपनी नवीन तैनाती स्थल पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करें। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने निकायों के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। निकायों के जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, विधायकों का भी सहयोग लें,



जिससे कि समस्या का शीघ्र निस्तारण हो सके। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री बुधवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल में 'सम्भव' पोर्टल के माध्यम से राज्यस्तरीय जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने निकायों के अधिकारियों कर्मचारियों को नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

वाराणसी, आगरा, झांसी, गोरखपुर नगर निगमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराया। मुरादाबाद नगर निगम से शिकायतकर्ता द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र न मिलने की शिकायत पर मंत्री ने कहा कि यह समस्या बहुत पुरानी है हमने भी इसे झेला है, यह अभी तक बनी हुई है। निकाय तत्काल इस व्यवस्था में सुधार लाने के प्रयास करें, जिस किसी भी कार्मिक की इसमें संलिप्तता पाई जाए उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाय।

### 13 गंभीर शिकायतों का मौके पर निस्तारण

श्री शर्मा ने 'सम्भव' के तहत निकाय स्तर पर होने वाली जनसुनवाई को गंभीरता से पुन: शुरू करने के निर्देश दिए, शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही समाधान हो सके। निकायों द्वारा कराये जा रहे अच्छे कार्यों का सोशल मीडिया व अन्य प्रचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये।नगर विकास मंत्री ने 'सम्भव' पोर्टल में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त 13 गंभीर शिकायतों का जनसुनवाई के दौरान मौके पर निस्तारण कराया। पेयजल, पार्क में कब्जा, नाले-नालियों की सफाई, गंदे पानी की अपूर्ति, कूड़ा उठान, जलभराव, प्रमाण पत्रों के देरी से मिलने, खुले नाले, कूड़ा जलाने जैसी विभिन्न थी। शिकायतकर्ता से समस्याओं से होने वाली परेशानियों को वर्चुअल सुना और तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला के घर का पेयजल कनेक्शन काटने और 06 माह के बाद भी उसे न जोड़ने पर आईजीआरएस में की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंत्री श्री शर्मा ने नगर आयुक्त को उनका कनेक्शन जुड़वाने के निर्देश दिए। लखनऊ नगर निगम क्षेत्र के इंदिरा नगर सेक्टर 13 स्थित मधुवन पार्क एवम् पीपल वाले पार्क में दबंगों द्वारा कब्जे की शिकायत पर मंत्री श्री शर्मा ने इसका तत्काल निस्तारण कराते हुए पार्क के गेट का ताला खुलवाया गया। स्थानीय कब्जाधारकों द्वारा भविष्य में ऐसा करने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए।

### किसी न किसी थीम पर कराएं पौधरोपण

मंत्री ने सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया कि बाजारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों व वेंडरों को अनिवार्य रूप से कूड़ादान रखवाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं, जिससे कूड़ा इधर-उधर फेंकने के बजाय लोग कूड़ेदान का प्रयोग करें। उन्होंने 20 जुलाई को बृहद वृक्षारोपण के दिन निकायों में होने वाले पौधरोपण की सभी तैयारिया पहले से ही कर लें। गंदे स्थानों को साफ कर वहां पर योजनाबद्ध तरीके से किसी न किसी थीम पर पौधरोपण कराएं। निकायों के पौधरोपण लक्ष्य को पूरा करने के लिए वन महोत्सव को गंभीरता से लें। नागरिकों के क्वालिटी ऑफलाइफ के लिए यह कार्य बहुत जरूरी है।

बुलंदशहर की नगर पालिका परिषद खुर्जा, हापुड़ की पिलखुवा, जौनपुर, महोबा व उन्नाव नगर पालिका परिषद से आई समस्यायों का समाधान कराया।

# मेडिकल कॉलेज के क्लीनिकल विभागों में शिक्षकों की कमी, संविदा पर होनी है भर्ती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के अधिकांश सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों का अभाव है, शासन के निर्देश पर कॉलेजों को साक्षात्कार के जरिए संविदा पर शिक्षकों की भर्ती करनी हैं, लेकिन कॉलेज को शिक्षक ही नहीं मिल पा रहे हैं। यहीं स्थिति रही तो छात्रों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव से गुणवत्ता युक्त शिक्षा कैसे मिलेगी।

वहीं इस विषय पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों की कमी नहीं रहेगी। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा मानक अनुरूप शिक्षक पूरे न होने की दशा में बीते दिनों कॉलेजों पर जुर्माना लगाया जा चुका है। जिसके बाद राज्य सरकार ने साक्षात्कार के जरिए, संविदा पर नियुक्त करने के निर्देश दिए थे, लगभग एक महीना बीतने को है, कॉलेजों में शिक्षकों की संख्या पूरी नहीं हो पाई है। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर एक कॉलेज के प्रधानाचार्य का कहना है कि सरकारी नौकरी में सख्त नियमों की वजह से कोई डॉक्टर नहीं आना चाह रहे हैं।



उन्होंने बताया कि निजी कॉलेजों में शिक्षकों को बेहतर वेतन के साथ कई तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिसकी वजह से शिक्षक आनाकानी कर रहे हैं। एक दूसरे प्रधानाचार्य का कहना है कि उनके शिक्षकों की संख्या तो पूरी हैं, मगर विभागवार शिक्षकों की कमी है।

नॉन क्लीनिकल शिक्षक पर्याप्त हैं, वहीं न्यूरो सर्जरी, मेडिसिन, सर्जरी व अन्य कई विभाग में शिक्षक आ ही नहीं रहें हैं। एनएमसी के नए मानक के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में हर विभाग में एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट व दो असिस्टेंट प्रोफेसर होने चाहिए, अर्थात कॉलेज में 17 प्रोफेसर और कुल 86 चिकित्सा शिक्षकों की जरूरत है। साथ ही 40 सीनियर रेजीडेंट होने चाहिए। वर्तमान में प्रदेश में 35 सरकारी मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं, इनमें राजकीय मेडिकल कॉलेजों के हालात खराब हैं।

# सर्वे करने गई एलडीए और सिंचाई विभाग की टीम को लोगों ने घेरा

समृद्धि न्यूज

**नाले के किनारे बने आधा दर्जन से ज्यादा अपार्टमेंट और 20 से ज्यादा मकान पर निशान लगा**

**लखनऊ।** इंद्रप्रस्थ नगर और पंत नगर में सर्वे करने गई एलडीए और सिंचाई विभाग की टीम को लोगों ने घेर लिया। मकानों पर लाल निशान लगाने के दौरान लोग नाराज हो गए। लोगों का कहना था कि किस आधार पर सर्वे किया जा रहा है। पहले उसकी जानकारी दी जाए। दरअसल, नाले के किनारे बने आधा दर्जन से ज्यादा अपार्टमेंट और 20 से ज्यादा मकान पर निशान लग गया। इस दौरान हर मकान पर यह भी लिखा गया कि उसके कितने मीटर बाद तक विभाग की जमीन है।

नाराज 100 से ज्यादा लोगों ने एलडीए और सिंचाई विभाग की टीम के पास पहुंचे। चारों तरफसे लोगों को घेरा लिया। 20 मिनट तक काम ठप रहा। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों ने समझाया कि अभी मैपिंग हो रही है। बड़े स्तर पर आप लोगों को बात करनी चाहिए। हमारा काम केवल मैपिंग करना है। इसके बाद पुलिस को बुला लिया गया। पुलिस को देख लोग वहां से हटने लगे। इस दौरान कुछ वकील भी पहुंच गए। बुधवार को अभियान बड़े पैमाने पर चला। टीम ने 100 से ज्यादा मकान चिन्हित किए हैं।

गाजी हाउस के नाम यहां 5000 स्क्वायर मीटर से बने मकान के ऊपर लाल निशान लगा है। इसमें लिखा है। मकान का निर्माण 6 मीटर तक कुकरैल की जमीन पर है। अबरार नगर, रहीम नगर, इंद्रप्रस्थ नगर और पंत नगर में 1000 मकानों पर बुलडोजर चल सकता है। हालांकि अंतिम जांच के बाद इस संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है।

अधिकारियों ने बताया, रहीम नगर में जिन मकानों को गिराया जाना है, उन पर लाल निशान लग रहा है। यहां का सर्वे पूरा होने के बाद अबरार नगर में भी सर्वे किया जाएगा। नक्शे की बता करें तो कुकरैल नदी की चौड़ाई 35 मीटर है। दोनों तरफ 50 मीटर तक अवैध निर्माण तोड़े जाने है। एक तरफ पहले से बंधा बना है। ऐसे में उस तरफ अवैध निर्माण की संभावना कम है। दूसरी तरफनिर्माण दिख रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी जांच हो रही है। नदी की चौड़ाई जहां खत्म हो रही है, वहां से 50 मीटर का दायरा लिया जाएगा।

# घर-घर से सीधे जुड़ा विभाग है डाक विभाग : प्रणव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिमंडल के नए चीफ पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार ने परिमंडल के अधिकारियों के साथ बैठक कर कामकाज को और तेज करने के लिये दिशा निर्देश दिए।श्री प्रणव कुमार दिल्ली से प्रमोशन पर उत्तर प्रदेश के सीपीएमजी बनकर आये हैं। सीपीएमजी यूपी परिमंडल बी सिल्वकुमार सेवानिवृत्त हो गये हैं,प्रणव कुमार ने अब सीपीएमजी पद का चार्ज संभाला है।उन्होंने आज विभागीय अफसरों के साथ मीटिंग में साफ कहा कि हमारा विभाग सीधे आमजन से जुड़ा है। घर-घर तक सीधे जुड़ाव है । बदलते परिवेश में डाक विभाग ने डाक सेवाओं के साथ ही बैंकिंग सेवाये भी उपलब्ध करा रहा है। अब हमारा डाकिया केवल चिट्ठी ही नही बल्कि अनेक सेवाएं घर बैठे लोगों को पहुंचाने का काम कर रहा है। घर बैठे खाते से धन भी निकाल देता है। हम जितनी सहूलियत देंगे, उतना ही हमसे लोग जुड़ेंगे और विभाग नित नए आयाम स्थापित कर सकेगा।डाक विभाग की कई योजनाएं काफी लोकप्रिय हुई हैं, हमे उन्हें और आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर पीएमजी मेल एंड बीड़ी अशोक कुमार यादव, निदेशक डाक सेवाएं मुख्यालय आनन्द कुमार सिंह तथा डाक विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# आउटसोर्सिंग नौकरियों में आरक्षण लागू करेगी सरकार

**विधानमंडल अनुसूचित जाति जनजाति व विमुक्त जाति की संयुक्त समिति ने विभागों से मांगा ब्यौरा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में आउटसोर्सिंग की नौकरियों में आरक्षण लागू करवाने के लिए सक्रिय है। उत्तर प्रदेश विधान मण्डल अनुसूचित जाति-जनजाति तथा विमुक्त जाति की संयुक्त समिति ने राज्य के कार्मिक विभाग से आउटसोर्सिंग की नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने के लिए 23 जनवरी 2008 को जारी शासनादेश के अनुपालन के बारे में विभागों से ब्यौरा मांगा है। समिति ने जानकारी मांगी है।

विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों की इस समिति के अध्यक्ष एमएलए श्रीराम चौहान हैं। समिति के सदस्यों में विधान परिषद सदस्य डा. लालजी प्रसाद निर्मल, विधानसभा सदस्य त्रिभुवन राम, जयदेवी, पलटूराम, मनोज पारस आदि शामिल हैं। इस समिति की बैठक हो चुकी है। बैठक में कार्मिक विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। समिति ने कार्मिक विभाग से यह भी अपेक्षा की है कि




जेम पोर्टल पर पंजीकृत आउटसोर्स की सर्विस प्रोवाइडर एजेंसियों को भी आरक्षण के दायरे में लाया जाए। समिति के सदस्य त्रिभुवन राम के मुताबिक आउटसोर्स की नौकरियों के लिए मैनपावर उपलब्ध करवाने वाली एजेंसियों पर आरक्षण इसलिए लागू किया जाना चाहिए क्योंकि इससे आरक्षित वर्ग के लोगों को भी ऐसी एजेंसियां संचालित करने का अवसर मिलेगा। वह आउटसोर्सिंग की नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था का पूरी निष्ठा से अनुपालन भी करेंगी। 23 जनवरी 2008 को तत्कालीन प्रमुख सचिव जेएस दीपक ने प्रमुख सचिवों, सचिवों को एक शासनादेश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों आदि द्वारा ऐसी सेवाएं जो पूर्व में उनके द्वारा स्वयं प्रदान की जा रही थीं। शासनादेश के अनुसार राज्य सरकार के विभागों, निगमों व परिषदों द्वारा अपने कार्यालयों में रख-रखाव का कार्य स्वयं किया जा रहा था यदि अनुबंध के आधार पर सम्पन्न करवाए

**समिति के सदस्य त्रिभुवन राम के मुताबिक आउटसोर्स की नौकरियों के लिए मैनपावर उपलब्ध करवाने वाली एजेंसियों पर आरक्षण इसलिए लागू किया जाना चाहिए क्योंकि इससे आरक्षित वर्ग के लोगों को भी ऐसी एजेंसियां संचालित करने का अवसर मिलेगा।**

जाते हैं तो ऐसे कार्यों के लिए होने वाले करार में यह भी सन्निहित होगा कि कुल रोजगार का 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति, दो प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों और 27 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को प्रदान किया जाए। यह व्यवस्था लोक निर्माण, सिंचाई, ग्राम्य विकास विभागों के ऐसे कार्यों में लागू नहीं होगी जो परम्परागत रूप से ठेके के आधार पर सम्पन्न करवाए जाते हैं। विधान मण्डल की संयुक्त समिति के अनुसार विभागों ने इस शासनादेश का सही ढंग से अनुपालन नहीं किया। समिति की सोमवार को हुई बैठक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल. संतोष की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों, अनुसूचित मोर्चे की बैठकों में भी जोरशोर से उठने के बाद बुलाई गई थी।

# जेई-2018 रिजल्ट के लिए प्रदर्शन पुलिस ने अभ्यर्थियों से की अभद्रता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में जेई अभ्यर्थी बुधवार को पिकप भवन पहुंचे। पुलिस ने अंदर जाने से रोका तो अभ्यर्थी नाराज हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। अभ्यर्थियों को घसीटते हुए पुलिस ने बस में बैठाया और ईको गार्डन भेज दिया। बता दें, अभ्यर्थी जेई 2018 भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी रिजल्ट नहीं आने से नाराज हैं।

अभ्यर्थियों ने कहा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और जनता दरबार के चक्कर लगाते-लगाते 6 साल बीत गए। लेकिन अभी तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है।जब भी मिलते हैं सचिव कहते हैं बस अगला रिजल्ट आप लोगों का ही आएगा। लेकिन आज तक रिजल्ट नहीं आया। आज हम सभी मिलने आए, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हुई। उन्होंने पुलिस बुला दी। पुलिस हम लोगों को भरकर ईको गार्डन लेकर जा रही है। हम सीएम दरबार में भी अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन यहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों ने कहा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 2018 में जूनियर इंजीनियर भर्ती निकाली थी। 6 साल बाद भी भर्ती पूरी नहीं हो सकी है। हम अंतिम रिजल्ट जारी कराने के लिए लगातार 207 दिनों से ईको गार्डन में धरना दे रहे हैं। जेई अभ्यर्थियों ने बताया, दस्तावेजों का सत्यापन हुए 9 माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आयोग ने अभी तक अंतिम रिजल्ट जारी नहीं किया है। अभ्यर्थियों ने कहा पिछले महीने मुख्यमंत्री और आयोग के अध्यक्ष के बीच मीटिंग हुई थी।

# कंटेनर ने डीसीएम को टक्कर मारी, 2 की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में आईआईएम रोड पर तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क पर खड़े डीसीएम में पीछे से टक्कर मार दिया। डीसीएम से सामान उतार रहे चालक और दो मजदूर दोनों गाड़ियों के बीच फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। मड़ियांव पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकाला। पुलिस तीनों को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर ले गई। जहां चालक और एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं एक मजदूर का इलाज चल रहा है। मड़ियांव पुलिस ने बताया, बुधवार सुबह नहर रोड पर रहने वाले डीसीएम चालक सेवा राम मिश्रा दो मजदूरों के साथ एबीसी बिजली के तार लादकर दुबग्गा से सीतापुर रोड की ओर आ रहा था। सहारा सिटी होम्स के पास गाड़ी खराब होने पर डीसीएम चालक दो मजदूर के साथ केबिल उतार कर ट्रैक्टर पर लाद रहे थे।

**निर्देश**

## उत्तर प्रदेश के पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा

# कृषि विभाग से समन्वय कर उन्नत किस्म के चारे की हो बुवाई

**गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण में गुणवत्ता का रखा जाए विशेष ध्यान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि निराश्रित गोवंश के लिए साल भर पौष्टिक चारे की उपलब्धता के लिए गोचर भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि पर चारा बोया जाए। वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नेपियर घास लगाई जाए और कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर उन्नत किस्म का चारा बोए जाने पर भी कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों में गोवंश हेतु टीन शेड,चारा-भूसा, पानी, प्रकाश एवं वर्षा



ऋतु व बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें।

गोवंश को भीगने से बचाव हेतु टीनशेड की व्यवस्था की जाये और खड़ंजा लगाया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश खेतों या सड़कों पर विचरण करते न दिखाई दें। इसलिए अधिकारी निराश्रित गोवंश को आश्रय स्थलों पर पहुचाये जाने के लिए निरन्तर प्रयास करें। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश को गो आश्रय स्थल तक पहुंचाने, बरसात से बचाव हेतु गोशालाओं की सुविधाओं, कब्जा मुक्त गोचर भूमि,हरा चारा उत्पादन तथा वृहद गोसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य के संबंध में समीक्षा की। श्री सिंह ने कहा कि गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्माण कार्य खराब या मानकों के अनुकूल न पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सभी जनपदों के अधिकारियों द्वारा वर्षाकाल के दृष्टिगत पशुधन की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पांडे, पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास डॉ रघुनाथ सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र डॉ पीएन सिंह, अपर निदेशक डॉ जयकेश कुमार पाण्डेय तथा अपर निदेशक डॉ अरविन्द कुमार सिंह तथा एल डी बी के कार्यकारी अधिकारी डॉ नीरज गुप्ता सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जलभराव की समस्या का करें निस्तारण

गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु समय से पूरे इन्तजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयों एवं वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव रविन्द्र ने मंत्री को आश्वस्त किया कि मंत्री जी द्वारा दिए गये सभी दिशा-निर्देशों का पालन पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में संक्रामक रोगों के दृष्टिगत वैक्सीनेशन कार्य निरंतर किया जाए और ईयर टैगिंग में तेजी लाई जाए। इसके साथ ही पोर्टल पर भी फीड कराया जाये। टैगिंग कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में 31 जुलाई तक चलेगा विश्व जनसंख्या पखवाड़ा : रश्मि

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

विश्व जनसंख्या दिवस पर दिनांक 10 जुलाई 2024 को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया।




मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा ने अपने विचारों से अवगत कराते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश ने विश्व जनसंख्या दिवस 11 से 31 जुलाई तक जनपद में विश्व जनसैंख्या पखयाडा का आयोजन। विश्व कि जनसँख्या वर्तमान में भारत कि जनसँख्या का 10 प्रतिशत है तथा विश्व की जनसँख्या का 20 प्रतिशत है प्रदेश की आबादी ब्राजील देश कि जनसंख्या के बराबर है। एस0आर0 एस0-2018 आंकड़ो के अनुसार मातृ मृत्यु दर 197 तथा बि मृत्यु दर 43 थी। विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश ने मातृ मृत्यु दर एवं मृत्यु दर जैसे स्वारस्य संकेतकों में अच्छी प्रगति की है एस0आर0 एस0-2020 के आंकड़ों के अनुसार मातृ मृत्यु दर घटकर 16 तथा मृत्यु दर घटकर 30 ही गयी है क यही आंकड़े क्रमशः 103 (मातृ मृत्यु दर) एवं 28 ( मृत्यु दर) है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश कि कुल प्रजनन दर 2.4 है तथा प्रदेश जनसँख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 को प्राप्त करने की दिशा में लगातार अग्रसर है।

उत्तर प्रदेश की परिवार नियोजन साधनों की अपूरक मांग 12.9 है। अभी भी कुल प्रजनन दर अपूरक नांग जैसे संकेतकों में अपेक्षित सुधार लाने की आवश्यकता है।

### उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन

इस अवसर पर उम्मीद परियोजना के अंतर्गत उम्मीद परामर्श केंद्र का सांकेतिक उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। उम्मीद परियोजना के अंतर्गत मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जनपद के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उम्मीद परामर्श केन्द्रों की स्थापना नवीन प्रचार प्रसार सामग्री विकसित किया जाना हेल्थ एंड वैलनेस केन्द्रों हेतु एफपी किट दिया जाना तथा फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं की ट्रेनिग की जायेगी परियोजना का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करते हुए परिवार कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाओं में वृद्धि एवं विस्तार किया जाना है।

# नवाबगंज लूट कांड के आठ अभियुक्त गिरफ्तार



- फाइनेंस कंपनी के लूट का तीन लाख दो हजार रुपये बरामद

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना नवाबगंज पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु0अ0स0-228/24, धारा 309(6), 317 (2), 61(2)A बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तो 01. सुधाकर पाण्डेय, 02. ऋषभ चौधरी, 03. अनुराग त्रिपाठी, 04. हर्षित शुक्ला उर्फ गौरव शुक्ला, 05. प्रशान्त दूबे को सरयू पुल अयोध्या बस्ती मार्ग स्थित खाली मड़हे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की 3,02,000/- कैश, 01 अदद टूटी हुई माइक्रो एटीएम डिवाईस बीएम 30, 01 अदद नीले रंग का पीट्ठू बैग, 01 आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त 03 अदद मोटरसाईकिले व 04 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### पूछताछ का विवरण

अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ इस घटना में कुल 08 लोग संलिप्त है । सुधाकर पाण्डेय पिछले 16 माह से फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस कम्पनी में कार्य करता है उसी कम्पनी से वादी अपने सी0एस0पी0 के नाम पर पैसा ले जाता था । जिसकी जानकारी सुधाकर द्वारा अपने साथियों को दी गयी। दिनांक 04.07.2024 को घटना से पूर्व अयोध्या नया घाट हाईवे पुल के पास शाम इक्ट्ठा होकर सी0एस0पी0 के एजेंट से कैश लूटने की योजना बनाई थी। सुधाकर ने अपने साथी शिवा उपाध्याय को कहा था कि जैसे ही कम्पनी का एजेन्ट पैसा लेकर निकलेगा फोन पर बता दूगा अपने साथियों को जगह जगह अपने हिसाब व्यवस्थित कर देना। जैसे ही वादी/एजेंट पैसा ले कर अपने साथी के साथ निकला कि अभियुक्तगण अपने योजना के अनुसार मोटरसाइकिलों से पीछा करने लगे । पीछा करते हुए जैसे ही एकान्त जगह देखा की पीछे से एक अभियुक्त द्वारा वादी व उसके साथी को पीछे से डण्डे से मारकर सभी अभियुक्तगण हमलावर होते हुए कैश व सी0एस0पी0 से सम्बन्धित अन्य समानों से भरा बैग लूट कर फरार हो गये।

# 196 नव नियुक्त लेखपालों को मिला नियुक्ति पत्र



- जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम व सांसद प्रतिनिधि ने लेखपालों को दिया नियुक्ति पत्र

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देशानुसार बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जनपद के नव नियुक्त 100 लेखपालों को जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, तथा सांसद प्रतिनिधि गोण्डा ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके साथ ही प्रदेश में कुल 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद के 100 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पर वितरित किया गया है इसके साथ ही शेष नवनियुक्त लेखपालों को तहसील मुख्यालय से नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जनपद के चारों तहसीलों से 25-25 लेखपालों को जिला पंचायत सभागार में बुलाया गया था जिन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है।

# बस स्टैंड पर अभी तक नहीं बना सुलभ शौचालय, यात्री परेशान

- स्थानीय अधिकारियों सहित उच्चाधिकारियों से कई बार दर्ज कराई जा चुकी है समस्या, जिम्मेदार मौन

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय का नारा दिया जा रहा है। लेकिन कर्नलगंज कस्बे में तो सार्वजनिक स्थानों पर भी इसके इंतजाम नहीं किए गए हैं। कुछ ऐसी ही बदइंतजामी परिवहन निगम के गोंडा लखनऊ हाईवे पर स्थित कर्नलगंज बस अड्डे पर देखी जा सकती है। यहां अभी तक जिम्मेदारों ने शौचालय का निर्माण ही नहीं कराया है। जिससे बस अड्डे पर यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

महिला मुसाफिर तो शर्मिंदगी झेलने को मजबूर हैं। गोंडा लखनऊ हाईवे पर कर्नलगंज कस्बे में स्थित बस स्टाप विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की उपेक्षा का शिकार है। यात्रियों के लिए बस अड्डे पर एक अदद शौचालय का निर्माण कराया जाना मुनासिब नहीं समझा जा रहा है। इससे बस स्टाप से बस के द्वारा दूरदराज क्षेत्रों को आवागमन करने वाले यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला यात्रियों को उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों व समाजसेवियों ने बताया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों व परिवहन निगम के आला अफसरों को पत्र भेजकर यह समस्या दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बाद भी विभागीय अफसर इस अत्यंत गंभीर समस्या के समाधान में तनिक भी संजीदगी नहीं दिखा रहे हैं। बस स्टॉपेज पर सुलभ शौचालय न होने के कारण लोगों के सड़क किनारे ही लघुशंका करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि महिला यात्रियों को भी ऐसा करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिसके चलते वह कई बार शर्मशार भी हो जाती है। लेकिन प्रशासन इसे लेकर अब तक गंभीर नहीं है। कस्बे के बस स्टॉपेज पर शौचालय नहीं बनवाए जा रहे हैं,जो स्वच्छ भारत मिशन का मुंह चिढ़ाने का काम कर रहे है। आपको बता दें कि इसी बस स्टॉप से राजधानी लखनऊ, बाराबंकी, जरवलरोड, परसपुर, नवाबगंज, अयोध्या,कटरा बाजार, कौड़िया, भग्गड़वा बाजार, हुजूरपुर, चचरी, शाहपुर- धनावा, पसका सहित अन्य क्षेत्र के यात्री कर्नलगंज से ही बस पकड़ने के लिए दूरदराज क्षेत्रों से आते हैं। इसी के साथ ही कर्नलगंज तहसील मुख्यालय होने के वजह से अनेकों कर्मचारी एवं तहसील, ब्लाक, बैंक, रेलवे, विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी भी बसों से यात्रा करते हैं। इस बस स्टॉप पर आज तक यात्रियों के लिए शुलभ शौचालय की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है।

इस बस स्टॉप से प्रतिदिन करीब पांच हजार से अधिक यात्री आवागमन करते हैं और बसों का स्टापेज भी कई दशक से चला आ रहा है। उसके बावजूद किसी नेता या अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने अतिशीघ्र बसस्टाप के पास शुलभ शौचालय बनवाये जाने की मांग की है जिससे लोगों को इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने जनपद के समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का वेतन रोकने का आदेश किया जारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के जुलाई माह के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। यह कार्यवाही ग्रामीण क्षेत्रों में संचारी रोग नियंत्रण एवं स्वच्छता अभियान के तहत संपादित कार्यों की मॉनिटरिंग में लापरवाही, सामुदायिक शौचालय बंद होने, आरआरसी केन्द्रों पर ताला लगे होने जैसी गंभीर शिकायतों को देखते हुए की गई है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी एडीओ पंचायत इन अभियानों के अंतर्गत किए जा रहे निरीक्षण की दैनिक रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध कराएं। साफ कर दिया है कि अभियान में अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन न करने वाले सहायक विकास अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### पत्रकार से चिढ़ी कौड़िया पुलिस ने दर्ज कर दिया पत्रकार के विरुद्ध प्राथमिकी

**कटरा बाजार/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** थाना प्रभारी कौडिया पर मनमानी करने व बिपक्षी से मिलकर पत्रकार पर केस दर्ज करने का आरोप लगाकर एसपी को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर थाना प्रभारी पर कारवाई करने की मांग की है। थाना क्षेत्र कौड़िया के अशोकवापुर निवासी बैजनाथ अवस्थी ने बुधवार को एसपी से मिलकर दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह एक दैनिक अखबार का पत्रकार है दो जून को उसके ही गांव में ज्वाला प्रसाद व हीरालाल के बीच हुए विवाद में हल्ला गुहार सुनकर वह बीच–बराव करने वहां गया था तभी एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। घायल व्यक्ति को उठाकर वह अपनी चार पहिया गाड़ी पर बिठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार लाया जहां उपचार के बाद रात 11 बजकर 46 मिनट पर कौडिया थाना ले जाकर घटना की तहरीर दिलाई। तहरीर को देखकर थाना प्रभारी वेद प्रकाश शुक्ला भड़क उठे और उसे पर दो जून की जगह 3 जून लिखकर लाने को कहा इसी बात को लेकर पत्रकार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब चोटिल व्यक्ति के खिलाफ कोई तहरीर नहीं है तो आप उस पर अनावश्यक दबाव बनाकर भड़क रहे हैं। सादीवर्दी में बैठे थाना प्रभारी ने कहा कि उसके खिलाफ तहरीर नहीं है तो आ जाएगी। घटना में बातचीत का वीडियो रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। अगले दिन मिली भगत करके पत्रकार का नाम शामिल करके उसपर पर भी केस दर्ज कर लिया गया। एसपी से पूरे मामले पर निष्पक्षता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करना पड़ा भारी, 61 को पकड़कर 26350 रुपये का जुर्माना वसूला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कहीं आप भी ट्रेन में बिना टिकट यात्रा तो नहीं करते,अगर ऐसा तो सचेत हो जाए क्योंकि पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल कि और से बुद्धवार को ट्रेन संख्या 05376 और 15067 गोंडा से लूप लाइन के डेमो ट्रेन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान बिना टिकट रेल में यात्रा करना लोगों को भारी पड़ गया।ऐसेमें 61 यात्रियों पर कार्रवाई कर उनसे हर्जाना वसूला गया।मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के आदेश पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष कुमार गुप्ता के निर्देशन में बुद्धवार को 05376 और 15067 गोंडा से लूप लाइन के डेमो ट्रेन में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। वही प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव के नेतृत्व में चेकिंग स्टॉफ की मदद से सघन टिकट जांच के दौरान 61 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जिनसे रुपये 26350, जुर्माना वसूला गया।साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने की हिदायत दी गई।वही यात्रियों से अपील है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।

# विश्व जनसंख्या दिवस की पूर्व संध्या पर मीडिया कार्यशाला आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




- सीएमओ ने किया उम्मीद परामर्श केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन
- परिवार नियोजन सेवाओं का होगा विस्तार

विश्व जनसंख्या दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। उम्मीद परियोजना के अंतर्गत, मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जनसंख्या वृद्धि के कारण मौजूदा संसाधनों पर पड़ रहे दबाव व इससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय ÷मां और बच्चे की भलाई के लिए गर्भावस्था का सही समय और अंतराल÷ है, जो परिवार नियोजन की महत्ता को दर्शाने के साथ ही समाज में महिला और बाल स्वास्थ्य के सुधार पर भी जोर देता है। सीएमओ ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य बढ़ती हुई जनसंख्या को स्थिर रखने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है, ताकि खुशहाल परिवार की संकल्पना को साकार किया जा सके। यह तभी संभव है जब लोगों तक परिवार नियोजन के साधनों की पहुँच होगी और वे इसे सही समय पर अपनाने का निर्णय ले सकेंगे। इसके लिए 11 से 31 जुलाई तक जनपद में विश्व जनसंख्या पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे सास-बहू-बेटा सम्मेलन, स्वास्थ्य मेला और सामुदायिक बैठक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से दंपति को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों की जानकारी और सीमित परिवार के फायदे बताए जाएंगे। इस अवसर पर सीएमओ ने उम्मीद परियोजना के अंतर्गत उम्मीद परामर्श केंद्र का सांकेतिक उद्घाटन किया। इस परियोजना का उद्देश्य परिवार कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाओं का विस्तार करना है। उम्मीद परियोजना के अंतर्गत, मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में परामर्श केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से बाल विवाह के दुष्प्रभाव, दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर, और शादी के दो साल बाद गर्भधारण के लाभ के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, इन परामर्श केंद्रों के माध्यम से इच्छुक दंपति को आधुनिक परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी और सेवाओं तक पहुँच बनाने में मदद की जाएगी।इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष राणा, डॉ पी0 के0 बांदिल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. गौतम, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि अभिषेक पाठक, और यूपी टी.एस.यू. से राम बरन यादव सहित डीपीएम और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसंख्या स्थिरता में बाधक है बाल विवाह

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान ने बताया कि बाल विवाह जहां एक ओर उच्च जोखिम गर्भावस्था को जन्म देता है वहीं किशोर माताएं परिवार नियोजन साधनों को अपनाने और निर्णय लेने में झिझक महसूस करती हैं। इससे परिवार में अनचाहे बच्चों का दबाव बढ़ता रहता है । बच्चों के जन्म में कम अंतराल होने से उनकी देखभाल ठीक प्रकार से नहीं हो पाती और ज्यादातर बच्चे बीमार और माँ कमजोर हो जाती है। इन सबकी वजह से परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है और वह बीमारी व गरीबी से लड़ने में अपनी सारी शक्ति और सामर्थ्य खो देते हैं। यह स्थितियां परिवार नियोजन साधनों की स्वीकार्यता और जनसंख्या स्थिरता को लेकर चलाए जा रहे अभियानों में बाधा बन जाती है। सही उम्र (महिला की18 वर्ष के बाद) में विवाह और 20 वर्ष के बाद ही गर्भधारण की स्थिति जनसंख्या को स्थिर रखने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# जिले को मिले 114 नवचयनित लेखपाल

- जनप्रतिनिधियों द्वारा नवचयनित लेखपालों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र
- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण, सेवाओं का होगा विस्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7,720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लोक भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लोक भवन के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी व नानपारा के राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ जिले के लिए आवंटित 114 नवचयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के लिए आवंटित 114 लेखपालों को तहसील का आवंटन कर दिया है। तहसील सदर बहराइच को 15, कैसरगंज को 25, महसी को 16, नानपारा को 27, पयागपुर को 20 तथा मिहींपुरवा को 11 लेखपालों का आवंटन किया गया है। जनपद में लेखपालों के लिए कुल स्वीकृत पद 407 के सापेक्ष पूर्व में तैनात 198 एवं नवचयनित 114 को सम्मिलित करते हुए जिले में लेखपालों की संख्या 312 हो गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, मोतीपुर के संजय कुमार, तहसीलदारगण, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नवनियुक्त लेखपाल व उनके परिजन सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

- जाम के चलते वाहनों की लगी कतार, 10 से 12 घंटे से शहर के लोगों को नहीं मिल रही बिजली



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर मंगलवार रात को ग्रामीणों का सब्र टूट गया। सभी लखनऊ बहराइच मार्ग पर डीएम कार्यालय के निकट सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे वाहनों की कतार लग गई। धरना की जानकारी होने पर काफी संख्या में पुलिस ने पहुंच कर लोगों को समझाया बुझाया। शहर क्षेत्र में गर्मी के बीच जमकर बिजली की कटौती हो रही है। शहर के हुजूरपुर रोड से लेकर माधव रेती, सूफीपुरा समेत अन्य मोहल्लों में 10 से 12 घंटे से लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। कहीं ट्रांसफार्मर खराब है तो कहीं लाइन में खराबी के चलते बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। अघोषित बिजली कटौती से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शहर के लोगों ने सिविल लाइन स्थित विद्युत उप केंद्र का घेराव करते हुए सड़क जामकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जैसे ही सड़क जाम की सूचना कोतवाल नगर मनोज पांडेय को लगी, उन्होंने मौके पर जाकर लोगों को समझाया। जाम खोलने की बात कही इस दौरान नाराज लोगों ने बताया कि सुबह से बिजली की अघोषित कटौती की गई है और देर रात तक नही आई है। जिसपर कोतवाल नगर जेई के साथ खुद ही लाइन सही कराने मधवरेती पहुंच गए। वही इसकी सूचना कोतवाल देहात को भी दी, प्रदर्शन की सूचना पाते ही कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र पर लगातार फोन किया जा रहा था मगर कोई भी फ़ोन नही उठा रहा था। सभी ने उप केंद्र में जाकर भी धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 24 घंटे में 4 घंटे विद्युत आपूर्ति हुई मुश्किल

योगी सरकार लगातार विद्युत विभाग को लेकर जिले के आला अधिकारियों को सचेत कर रहे हैं लेकिन फिर भी उनके अधिकारी खुलेआम उनके आदेशों की धज्जियां उड़ाने पर तुले हुए हैं। नगर पंचायत रिसिया समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से 5 दिन से ठप पड़ी हुई है। 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का योगी सरकार का सख्त निर्देश है। लेकिन रिसिया पावर हाउस के जिम्मेदार 4 घंटे भी विद्युत आपूर्ति देने में कतरा रहे हैं। एशिया पावर हाउस पर जानकारी लेने के लिए लगातार फोन किया गया। लेकिन कोई भी जिम्मेदार ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

### भीषण गर्मी में लोगों के लिए मुसीबत

दो दिनों भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है लेकिन विद्युत विभाग लगातार अपनी नाकामी छुपाने में लगा हुआ है। पिछले 5 दिनों से रिसिया इलाके में विद्युत आपूर्ति ईद के चांद जैसा है। 24 घंटे में 4 घंटे मिल जाए तो बहुत बड़ी बात है। भीषण गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी फोन भी नहीं उठा रहे हैं।

# सड़क हादसों में बालिका समेत दो की मौत

- खेत जाते समय वृद्ध की वाहन की टक्कर से हुई मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के पयागपुर और हुजूरपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में वृद्ध और बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के बनकटा गांव निवासी शिवदयाल तिवारी (68) पुत्र केदार नाथ तिवारी बुधवार की सुबह सड़क मार्ग के किनारे स्थित अपने खेत की देखभाल करने जा रहे थे। तभी गोण्डा बहराइच मार्ग पर एक तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।पिकअप चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे पीएम के लिए भेजा है।खुटेहना चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि वाहन पुलिस के कब्जे में है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा। उधर पयागपुर थाना क्षेत्र के कोट बाजार निवासी चंदर की पांच वर्षीय पुत्री सुधा अपने ननिहाल सेमरेपुरवा थाना हुजूरपुर आई हुई थी। जहां आंगन के सामने खेलते समय अनियंत्रित कार ने उसे रौंद दिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि बारह तारीख को उसकी मौसी की शादी थी।

शाम साढ़े छ बजे जब वह अपने नाना गंगाराम के आंगन मे खेल रही थी तभी हुजूरपुर बहराइच मार्ग पर हुजूरपुर की ओर से आ रही कार का टायर पंचर हो गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर घर मे खेल रही बच्ची पर चढ़ गई।परिवार वालों ने बच्ची को चिरैयाटांड़ सीएचसी पंहुचाया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम है। थानाध्यक्ष अनिल मिश्रा का कहना है कि कार सहित चालक को पकड़ लिया गया है।

# राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- गोष्ठी में विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर के ग्राम भंगहा स्थित जय मां लेंगडेक मत्स्य बीज प्रजनन हैचरी परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन कर मौजूद कृषकों को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने मछुआ दुर्घटना बीमा, निषाद राज बोट योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अमरनाथ निषाद, ग्राम प्रधान भंगहा, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक नारद लाल राणा व बाबूराम, हैचरी संचालक आशाराम, राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषक, मत्स्य पालक व ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक ही परिवार के तीन लोगों को जिंदा जलाने का प्रयास

- ग्रामीणों के मुताबिक एक सप्ताह पहले दोनों पक्षों में हुआ था विवाद
- दंपति और बेटे को जिंदा जलाने का प्रयास, एक की मौत



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बेखौफ दबंगों ने घर के बाहर चारपाई पर सो रहे दंपति समेत मासूम बच्चे को जिंदा जलाया, दंपति समेत मासूम बच्चे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, डॉक्टर के मुताबिक दोनों पति-पत्नी 80त्न से अधिक जल गए हैं और उनकी हालत बहुत गंभीर है, मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के बंदीपुर गांव का है जहां घर के बाहर राम अवध अपनी पत्नी प्रीति व 10 साल के बच्चे दीपांशु के साथ चारपाई पर सो रहे थे तभी उनको देखो जला दिया जिससे दंपति समेत मासूम बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही घायल की मां रामकली ने बताया की खेत में पानी लगाने को लेकर गांव के ही सालिगराम से चार-पांच दिन पहले विवाद हुआ था और उसने देख लेने की धमकी दी थी हालांकि सूचना पर पहुंची ने घायलों का बयान दर्ज करने के बाद विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवक से हुआ था विवाद

ग्रामीणों ने बताया कि रामअवध का गांव के ही एक युवक से एक सप्ताह पूर्व विवाद हुआ था। इसी वजह से परिवार को जलाकर मारने की बात सामने आ रही है। राम अवध की हालत नाजुक बनी हुई है।वहीं रामअवध की मां ने बताया कि पूर्व में भी आरोपितों ने कुल्हाड़ी से हमला किया था। पुलिस से शिकायत भी गई थी। आरोप लगाया कि आरोपितों ने पांच दिन पहले जान से मारने की धमकी दी थी। रात को बेटा बहू व नाती को जला कर मारने का प्रयास किया। जिसमें बहू की मौत हो गई।

# जान जोखिम में डालकर लोग पार कर रहे रेलवे क्रॉसिंग

- आरपीएफ पुलिस गस्त के नाम पर कर रही खानापूर्ति

**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ प्रयागराज रेल खंड के बछरावां कस्बे के लालगंज रोड स्थित रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर प्रतिदिन लगभग 25 से 30 ट्रेन गुजरती है। परंतु क्रॉसिंग बंद होने के बाद भी लोग फाटक के नीचे से बाइक को झुका कर निकालने के लिए जल्दबाजी राहगीर करते हैं। रेलवे आरपीएफ द्वारा इस क्रॉसिंग पर किसी भी कर्मचारी की तैनाती नहीं की गई है। इस क्रॉसिंग से प्रतिदिन छोटे बड़े वाहन सहित 60 हजार लोग आवागमन करते हैं। दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन का हाल यह है कि जहां



आफपीएफ की चौकी मौजूद है। पर उसके सामने से ही लोग प्लेटफार्म नंबर दो पर पैदल पुल से न जाकर एक नंबर प्लेटफार्म से ही डायरेक्ट पटरिया क्रॉस कर रायबरेली से लखनऊ जाने वाली ट्रेनों को पकड़ने के लिए जाते हैं।

कस्बे के रहने वाले शशि शुक्ला का कहना है कि रेलवे लाइन पर आउटर से अंदर जहा तक आरपीएफ को ग्रस्त करना चाहिए वहां तक बछरावां आरपीएफ गस्त में लापरवाही करती है जिस कारण आए दिन कई दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

लालगंज रोड के रहने वाले शमशेर सिंह व कृपा शंकर ने बताया कि बीते दस माह पूर्व कस्बे के रहने वाले दिनेश जो लोहे की दुकान चलाता था। वह किसी कार्य से लालगंज रोड जा रहा था इसी बीच क्रॉसिंग बंद होने के चलते बंद क्रॉसिंग पार करने लगा इतने में ही ट्रेन आ गई जिसमें उसकी कट कर मौत हो गई। उसके बाद भी आरपीएफ पुलिस ग्रस्त के नाम पर सिर्फ क्रॉसिंग पर खानापूर्ति कर रही है।

आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि जल्द ही लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर कर्मचारी की तैनाती की जाएगी बन्द क्रॉसिंग पार करने वालों के ऊपर कारवाई भी की जाएगी ।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में भतीजे की मौत, चाचा का कटा पैर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार के चलते दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चाचा भतीजे को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर में भतीजे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में चाचा का एक पैर कट गया। जिसको गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। **हादसे में एक की मौके पर मौत:-** मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के रघुपुर गांव के पास का है जहां चाचा भतीजा बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भतीजे श्याम उम्र 20 वर्ष निवासी पृथ्वीपुर थाना सलोन की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चाचा का एक पैर कट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### नदी के तेज उफान में बहे बाइक सहित चाचा-भतीजा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर में एक लड़की की शादी में शामिल होने जा रहे चाचा-भतीजा मंगलवार की रात बाइक समेत बिसुही नदी के तेज उफान की चपेट में आकर पानी में बह गए। बुधवार की सुबह उनकी बाइक नदी से बरामद की गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश में जुटी है। वहीं इस घटना से दोनों के परिवार में कोहराम मचा है। परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना की सूचना पुलिस के आला अधिकारियों को दे दी गयी है। एएचओ का कहना है कि लापता लोगों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाई गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के पनन कुंइया गांव के रहने वाले दिनेश कुमार गौतम उम्र करीब 35 वर्ष के मामा मंगल प्रसाद की बेटी की शादी मंगलवार को थी। मामा की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए दिनेश अपने भतीजे सूरजभान (13) के साथ मंगलवार की शाम को खोड़ारे थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर स्थित अपने मामा के घर जाने के लिए बाइक से निकले थे। खोड़ारे थाना क्षेत्र के अमवा घाट पुल को पार करते समय वह सड़क पर बह रहे पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए और बाइक समेत नदी में गिर गए। सुबह जब रिश्तेदारी के लोगों ने तलाश शुरू की तो उनकी बाइक नदी से बरामद हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उन्हे तलाशने की कोशिश की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी गयी है। एनडीआरएफ की टीम बुलाई गयी है और लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

### समाजसेवी के प्रयास से घंटाघर से बशीरगंज तक सड़क की बदलेगी सीरत

- नजाकत को भांपते हुए नगर विधायिका ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में बाढ़ का कहर जारी है। घाघरा, सरयू, शारदा नदी के जलस्तर बढ़ने से तराई क्षेत्र बाढ़ की विभीषिका को झेल रहा है। शहर से लेकर गांव तक की सड़कें पानी मे जलमग्न देखी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले भी पहली बरसात में टापू बने हुए है जबकि जिम्मेदार मूकदर्शक है। शहर की सड़कों की हालत भी बद से बदतर होती जा रही है। दूसरी ओर समाजसेवियों ने सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण के लिए मोर्चा खोल रखा है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र में आने वाली सड़कों के कायाकल्प के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।शहर के दिल कहे जाने घण्टाघर से बशीरगंज होते हुए मौनी बाबा आश्रम रोड, पीपल तिराहे से काजीपुरा रोड, घण्टाघर से अस्पताल चौराहे तक की सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। यह सड़के नगर पालिका क्षेत्र के साथ सदर विधानसभा के अंतर्गत आती है।पिछले कई दिनों से समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार सचिन श्रीवास्तव ने शहर की बदहाल सड़कों के कायाकल्प के लिए सूबे के मुख्यमंत्री सहित नगर विकास मंत्री, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिलाधिकारी को आईजीआरएस, ट्विटर व अन्य माध्यमों से निर्माण हेतु निवेदन किया है।मौके की नजाकत को भांपते हुए एवं अपनी किरकिरी से बचते हुए नगर विधायिका ने समाजसेवी की मांग को जायज मानते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा है। अब देखना यह है कि इस पत्र के माध्यम से कोई कार्यवाही भी होती है या फिर सोशल मीडिया में छा जाने के लिए पत्र जारी किए गए है। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका की बात करें तो यह सड़क पहले से पास है, चौड़ीकरण के लिए चिन्हाकन भी हो चुका है।




### पुलिस चौकी की छत पर चढ़ा सांड़, वीडियो वायरल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली अंतर्गत सूची पुलिस चौकी पर एक अजीबो गरीब वाकया हुआ है। यहां एक छुट्टा सांड पुलिस चौकी की छत पर चढ़ गया और उसने पुलिसकर्मियों को खूब छकाया। चौकी की छत पर चढ़ने के बाद सांड ग्राम प्रधान की छत से टीन पर कूद पड़ा। हालांकि इस दौरान सांड को चोट भी आई है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है।सलोन कोतवाली क्षेत्र में लोग छुट्टा जानवरों से परेशान हैं। बुधवार को सूची पुलिस चौकी से एक चौंकाने वाला दृश्य सामने आया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चौकी के ठीक बगल में एक मकान निर्माणाधीन है, मकान बन रहा है जिसमें सीढ़ी भी बनी हुई है। दरवाजा न होने की स्थिति में सांड सीढ़ी के रास्ते पुलिस चौकी की छत के ऊपर चला गया। आनन-फानन पुलिस सांड को उतारने के लिए जुट गई। इसी बीच सांड चौकी के बगल ग्राम प्रधान जमुरवा बुजुर्ग के मकान की टीन पर कूद गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि निर्माणाधीन मकान में पुलिस बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग कर रही है।

# सरकारी इमारत पर चढ़ रही धूल, जिम्मेदार मौन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जहां एक ओर केंद्र सरकार के निर्देशन एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की अगुवाई में सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु नित नये सरकारी अस्पताल बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचने के लिए प्रयासरत है, तो वहीं दूसरी ओर एक ऐसा मामला देखने में आया है जब बीते 6 माह से विकास क्षेत्र के नीवा गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र मदारखेड़ा की इमारत धूल खा रही हैद्य मौके पर पहुंच कर जब संवाददाता ने इमारत का निरीक्षण किया तो यह देखा गया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के इस भवन के मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ है और विद्युत




कनेक्शन भी इस भवन में है, क्योंकि भवन के अंदर लाइटे जल रहीं हैद्य मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से जब संवाददाता ने बात की तो उन्होंने बताया कि इस भवन को बने लगभग 6 महीने से ऊपर हो गया है, परंतु अभी तक यहां कोई सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित नहीं हुई हैद्य साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि अगर यहां पर स्वास्थ्य सुविधा संचालित हो जाएं तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बहुत ही मदद मिलेगीद्य इस संबंध में जब संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से दूरभाष के माध्यम से बातचीत करनी चाही तो उनका फोन नहीं लगा, तत्पश्चात संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक प्रभात मिश्रा से दूरभाष के माध्यम से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में जानकारी कर जल्द ही वहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित की जाएंगीद्य लेकिन विचारणीय बिंदु यह है कि बीते 6 माह से धूल खा रही लाखों रुपए की लागत से बनी इस इमारत पर जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पड़ी?

### 'उ.प्र. आम महोत्सव' में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के आम उत्पादक कृषक करें संपर्क

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्यान अधिकारी जय राम वर्मा ने बताया है कि ''उ0प्र0 आम महोत्सव-2024'' का आयोजन 12 से 14 जुलाई 2024 को अवध शिल्प ग्राम अवध बिहार योजना, सेक्टर-9 अमर शहीद पथ, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के कर-कमलों द्वारा 12 जुलाई 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे किया जायेगा तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरण मा0 मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह द्वारा 14 जुलाई 2024 को अपराह्न 03रू30 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। जनपद के इच्छुक आम उत्पादक कृषक 11 जुलाई को प्रातः 10 बजे तक अपना प्रदर्श लगाकर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु वीरेश कुमार, व0उ0नि0, के सम्पर्क सूत्र 9260970291 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# पुलिस सुरक्षा शाखा के जवानों ने आईडीटीआर सेंटर से लिया प्रशिक्षण

- अपर पुलिस अधीक्षक ने दिए प्रमाण पत्र

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हरचंदपुर के दतौली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर (आईडीटीआर) में पुलिस सुरक्षा शाखा के दो दर्जन से अधिक जवानों ने दो दिवसीय प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बुधवार को सेंटर पहुंचकर जवानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

यातायात नियमों की जानकारी दी



आपको बता दें कि आईडीटीआर में हल्के और व्यवसायिक वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद यहां प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। आरटीओ विभाग की देखरेख में चल रहे आईडीटीआर सेंटर में पुलिस कर्मियों ने भी प्रशिक्षण लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों को वाहन चलाने का तरीका बताया और साथ ही कर्मियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी।

### 100 कर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ईद तक आरटीओ विभाग द्वारा इस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। यहां वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने इसका उद्घाटन किया था। आज हमारे सुरक्षा शाखा के करीब 25 पुलिसकर्मियों को यहां प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कई तकनीकी जानकारियां दी गईं। फ्लीट कैसे लेनी है, इसकी जानकारी दी गई। इस तरह कुल 100 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 25-25 कर्मियों के समूह को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर जानलेवा हमला, तीन घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर बेखौफ दबंगों ने लड़की के भाइयों पर घर में घुसकर लाठी डंडों से किया जानलेवा हमला दबंगों के हमले में महिला समेत चार लोग हुए घायल मामला गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदई का पुरवा गांव का है जहां धर्मेंद्र की बहन दुकान कोल्ड ड्रिंक खरीदने गई थी तभी दुकान पर बैठे सोनू और बचोले नाम के दो युवकों ने उससे छेड़खानी शुरू कर दी इसके बाद लड़की रोते हुए घर पहुंची और अपने भाइयों को पूरी बात बताई भाइयों द्वारा विरोध करने पर दबंग मनचलों ने अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ घर में घुसकर घर उनके परिवार पर



लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया दबंगों के हमले में अरविंद कुमार पुत्र गौतम प्रसाद उम्र 20 साल, धर्मेंद्र कुमार पुत्र गौतम प्रसाद उम्र 26 साल, राम श्री पत्नी गौतम प्रसाद उम्र 55 साल गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घरों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# लो वोल्टेज व बिजली कटौती से किसान सहित आम जनजीवन हैरान-परेशान



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नहरो में पानी नहीं है इंद्रदेव ने मुंह मोड़ रखा है और बिजली कटौती और लो वोल्टेज से आम जनजीवन हैरान और परेशान है। विद्युत विभाग की चार से छह घंटे कटौती ने जहां किसानों को परेशान कर रखा है तो वहीं आम जनजीवन अस्त व्यस्त है एक ओर बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है दूसरी तरफ उमस भरी गर्मी और तीसरी तरफ किसानों का धान नहीं लग पा रहा है। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विद्युत मंत्री एके शर्मा का आदेश बिजली विभाग के अधिकारियों के आगे बौना साबित हो रहा है। लगातार बिजली कटौती से जहां धान की रोपाई रुकी हुई है तो वही गर्मी से लोगों का जीना दुबर हो गया ।लेकिन बिजली विभाग है कि लो वोल्टेज और लगातार कटौती से जनता का तेल निकालने पर तुला हुआ है। पर्याप्त मात्रा में बारिश ना होना एवं नहरों में पानी न होना साथ लो वोल्टेज और बिजली कटौती ने किसानों सहित आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है।

# जनपद में 25 नव चयनित लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 7,720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से जनपद के 49 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली के बचत भवन सभागार में विधायक सलोन अशोक कुमार व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुख्यमंत्री के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा जनपद के 25 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

इस दौरान विधायक अशोक कुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जो भी भर्ती प्रक्रिया हो उसे पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के




साथ सम्पन्न की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को लगातार रोजगार देने का कार्य कर रही है।

प्रदेश में पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने नवनियुक्त लेखपालों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरकार की राजस्व संबंधी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का कार्य आपके द्वारा किया जाता है। आप सभी लोग अपना काम पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करें। जिससे की जनता की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण हो सके। जिलाधिकारी और सलोन विधायक ने नवनियुक्त लेखपालों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी (प्रा0) और नव चयनित लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फोन पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मुकदमा दर्ज




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** फोन पर गाली गलौज करना तथा जान से मारने की धमकी देने पर सुसंगत धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा। वादी राज नारायण पुत्र रामहर्ष निवासी ग्राम पुरे भगन मंजरे पोखरी के द्वारा दी गई तहरीर पर रविंद्र सोनकर पुत्र मेवा लाल निवासी ग्राम जिह्वा थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध फोन पर गाली गलोज करना तथा जान से मारने की धमकी देने पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अन्तर्गत 20 अगस्त तक निषेधाज्ञा लागू

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा व श्रावण मास प्रारम्भ होकर 19 अगस्त 2024 तक मनाया जायेगा। श्रवण में प्रत्येक सोमवार को जनपद में हिन्दू सम्प्रदाय के श्रद्धालुओं द्वारा गंगा नदी के डलमऊ, गोकना, गेगासो, रालपुर व अन्य स्नान घाटों व सई नदी के लालूपुर खास, भवरेश्वर मंदिर सहित विभिन्न घाटों पर स्नान कर शिव मन्दिरों पर जलाभिषेक किया जाता है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। चन्द्र दर्शन के अनुसार मुहर्रम का पर्व 08 जुलाई से प्रारम्भ होकर 31 जुलाई 2024 तक मनाया जायेगा। मुख्य रूप से मुहर्रम पर्व 17 जुलाई 2024 को 10वीं मुहर्रम, मनाया जायेगा। 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, 09 अगस्त को नागपंचमी, 19 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाना है इसके अतिरिक्त उप/सामान्य निर्वाचन के नामांकन, मतदान/मतगणना, जनपद में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी/वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जाना है। संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है।

अपर जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एकपक्षीय रूप से निषेधाज्ञा जारी 8 जुलाई से 20 अगस्त 2024 तक जारी की गई है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प के अंतर्गत 21 जून से 04 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के दिशा निर्देशानुसार विकास खण्ड राही के ब्लाक सभागार में मातृत्व लाभ योजना सप्ताह के थीम के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति काउंसलर श्रद्धा सिंह व संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल एवं सबला परिवार परामर्श केंद्र से दीपिका द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना निराश्रित पेंशन एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को विस्तार से बताया गया। वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत सम्बन्धी अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई, एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी राही सुरेन्द, संजय सिंह, जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं वन स्टाप सेंटर की केस वर्कर अर्चना, एमटीएस आकाश आदि उपस्थित रहे।

# खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के नेतृत्व में चलाया गया गोवंश संरक्षण अभियान

- काफी संख्या में गोवंशों को पहुंचाया गया अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान चलाया गया। बेसहारा आवारा एवं निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु यह अभियान 10 जुलाई से 20 जुलाई 2024 तक गोवंश के संरक्षण हेतु चलाया जाना है। इसी क्रम में आज बुधवार को खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह उप पशु-चिकित्सा अधिकारी सुरेश चंद्रा



व चिकित्सक उमेश चंद्र, ग्राम प्रधान सुल्तानपुर संतलाल लोधी तथा सचिव ग्राम पंचायत वैभव मिश्रा आदि के द्वारा मौजूद रहकर क्षेत्र की ग्राम पंचायत राघोपुर, सुल्तानपुर व पखनपुर से निराश्रित गोवंश को पकड़कर अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल असनी में सभी जानवरों को संरक्षित किया गया। जिससे किसानो की फसलों का नुकसान होने से बचाया जा सके साथ ही सड़क पर व गांव में कहीं कोई गोवंश घूमते हुए न दिखाई दे। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। गोवंश संरक्षण अभियान में सुशील कुमार बाजपेई,सुरेश कुमार व अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## आतंकियों के निशाने पर सेना

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में घात लगाकर किये गये आतंकी हमले में पांच सैनिकों का शहीद होना दुखद घटना है। हाल के दिनों में सेना व सुरक्षाबलों पर लगातार बढ़ते आतंकी हमलों ने देश की चिंता बढ़ाई है। हाल के लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में भारी मतदान को संकेत माना जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर का जनमानस राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर लोकतंत्र पर भरोसा जता रहा है। यह भी कि राज्य में बहुप्रतीक्षित विधानसभा चुनाव के लिये अनुकूल माहौल बन रहा है। लेकिन हाल में लगातार बढ़ते हमलों ने हमारी चिंता बढ़ा दी है। यहां उल्लेखनीय है कि ये हमले केंद्र में तीसरी बार राजग सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद अचानक बढ़े हैं। बहरहाल आठ जुलाई को सुनियोजित ढंग से किये गए चरमपंथी हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत पांच जवानों की मौत हुई है, वहीं पांच सैनिक घायल भी हुए हैं। बताते हैं आतंकवादियों ने घाटी में मारे गए बड़े आतंकी बुरहान वानी की बरसी पर यह हमला किया है। बहरहाल, कठुआ से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर बदनोटा में हुए घातक हमले ने आतंकियों के दुस्साहस को उजागर किया है। सवाल उठता है कि जब सशस्त्र सैनिक भी आतंकवादियों की जद में आ रहे हैं तो आम नागरिकों के लिये तो यह कितनी बड़ी चुनौती होगी? हालांकि, इस हमले की अभी तक किसी चरमपंथी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन आशंका है कि पाक अधिकृत कश्मीर से आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले संगठनों का इस घटना में हाथ हो सकता है। सेना इस इलाके में गहन सर्च अभियान चला रही है, लेकिन अभी घटना के सूत्र हाथ नहीं लगे हैं। दरअसल, घटनास्थल घने जंगलों से घिरा है और कठुआ से काफी दूर है। हाल के दिनों में आतंकवादियों ने जम्मू के इलाकों में आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। ग्यारह जून को भी कठुआ के एक गांव में हुई भिड़ंत में दो चरमपंथी तथा सीआरपीएफका एक जवान मारा गया था। उल्लेखनीय है कि आठ जुलाई 2016 को सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी की मौत हो गई थी। जिसके बाद घाटी में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। बहरहाल, हाल के दिनों में बढ़ी आतंकवादी घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। दरअसल, केंद्र सरकार दावा करती रही है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद आतंकी हमलों व पत्थरबाजी की घटनाओं में कमी आई है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पांच जवानों को खोने पर दुख जताया है और घटना की निंदा की है। निस्संदेह, जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति की गंभीर समीक्षा की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि केंद्र में नई सरकार के लिये जनादेश आने के कुछ दिन बाद ही नौ जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए चरमपंथियों के हमले में नौ लोग मारे गए थे और बड़ी संख्या में यात्री घायल हुए थे। दरअसल, आतंकियों ने सुनियोजित तरीके से बस के चालक को निशाने पर लिया था और चालक के नियंत्रण खोने के बाद बस खाई में जा गिरी थी। यहां ध्यान देने योग्य बात यह भी कि केंद्र में भाजपा नीत गठबंधन के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद हमलों में तेजी आई है। इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधियां सीमा पार से मिलने वाली मदद के बिना संभव नहीं हैं। इसे पाकिस्तान की हताशा भी कहा जा सकता है।

# इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग महत्वपूर्ण

**डा. वरिंदर भाटिया**

फिर कहना होगा कि डार्क वेब बिटकॉइन की बदौलत फल-फूल रहा है, यह क्रिप्टो-करेंसी है जो दो पक्षों को एक-दूसरे की पहचान जाने बिना भरोसेमंद लेनदेन करने में सक्षम बनाती है। बिटकॉइन डार्क वेब के दायरे को बढ़ाने में एक बड़ा फैक्टर रहा है। लगभग सभी डार्क वेब बिटकॉइन या किसी अन्य रूप में लेनदेन करती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां व्यापार करना सुरक्षित है। ऐसी जगह स्कैमर्स और चोरों को आकर्षित करती है, लेकिन जब आपका उद्देश्य बंदूकें या ड्रग्स खरीदना हो तो आप क्या उम्मीद करते हैं। साइबर क्राइम से बचने के लिए इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को यकीनी बनाना होगाज

डार्क वेब इंटरनेट का वो हिस्सा है, जहां वैध और अवैध दोनों तरीके के कामों को अंजाम दिया जाता है। यह इस समय साइबर दुनिया में चर्चा का विषय है। इंटरनेट का 96 फीसदी हिस्सा डीप वेब और डार्क वेब के अंदर आता है। हम इंटरनेट कंटेंट के केवल चार फीसदी हिस्से का इस्तेमाल करते हैं, जिसे सरफेस वेब कहा जाता है। डार्क वेब इंटरनेट का ऐसा एक हिस्सा है जिसे सर्च इंजन द्वारा इंडेक्स नहीं किया जाता है। डार्क वेब को आम तौर पर गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। लंदन में किंग्स कॉलेज के शोधकर्ता डैनियल मूर और थॉमस रिड ने 2015 में 5 सप्ताह तक 2723 लाइव डार्क वेब साइट्स की सामग्री को नजर रखी और पाया कि 57 प्रतिशत में अवैध सामग्री मौजूद थी। डीप वेब पर मौजूद कंटेंट को एक्सेस करने के लिए पासवर्ड की जरूरत होती है जिसमें ई-मेल, नेट बैंकिंग आते हैं। डार्क वेब को खोलने के लिए टॉर ब्राउजर का इस्तेमाल किया जाता है। यहां ड्रग्स, हथियार, पासवर्ड, चाइल्ड पॉर्न जैसी बैन चीजें उपलब्ध रहती हैं। डार्क वेब ओनियन राउटिंग टेक्नोलॉजी पर काम करता है। यह यूजर्स को ट्रैकिंग और सर्विलांस से बचाता है और उनकी गोपनीयता बरकरार रखने के लिए सैकड़ों जगह रूट और री-रूट करता है।

आसान शब्दों में समझें तो वो शख्स कुछ भी करे, उसे पकड़ना नामुमकिन हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डार्क वेब ढेर सारी आईपी एड्रेस से कनेक्ट और डिस्कनेक्ट होता है, जिससे इसको ट्रैक कर पाना असंभव हो जाता है। यहां यूजर की इन्फॉर्मेशन इंक्रिप्टेड होती है, जिसे डिकोड करना नाममुकिन है। डार्क वेब पर डील करने के लिए वर्चुअल करेंसी जैसे बिटकॉइन का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए होता है, ताकि ट्रांजैक्शन को ट्रेस न किया जा सके। कहते हैं कि डार्क वेब पर हत्या की सुपारी देने से लेकर हथियारों की तस्करी तक कई अवैध काम होते हैं। डार्क वेब पर यूजर्स से उनकी पर्सनल डिटेल लीक करने की धमकी देकर उनसे मोटे पैसे वसूले जाते हैं। डार्क वेब पर ढेर सारे



**आसान शब्दों में समझें तो वो शख्स कुछ भी करे, उसे पकड़ना नामुमकिन हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डार्क वेब ढेर सारी आईपी एड्रेस से कनेक्ट और डिस्कनेक्ट होता है, जिससे इसको ट्रैक कर पाना असंभव हो जाता है। यहां यूजर की इन्फॉर्मेशन इंक्रिप्टेड होती है, जिसे डिकोड करना नाममुकिन है। डार्क वेब पर डील करने के लिए वर्चुअल करेंसी जैसे बिटकॉइन का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा इसलिए होता है, ताकि ट्रांजैक्शन को ट्रेस न किया जा सके। कहते हैं कि डार्क वेब पर हत्या की सुपारी देने से लेकर हथियारों की तस्करी तक कई अवैध काम होते हैं।**

ऐसे भी स्कैमर्स होते हैं, जो बेहद सस्ते में वो चीजें भी बेचते हैं जो बैन हैं। बहुत से लोग वहां सस्ते फोन खरीदने के चक्कर में लाखों रुपए गंवा देते हैं। सरे विश्वविद्यालय में डा. माइकल मैकगायर्स द्वारा किए गए एक अध्ययन 'इनटू द वेब ऑफ प्रॉफिट' से पता चलता है कि हालात बदतर हो गए हैं। 2016 से 2019 तक डार्क वेब लिस्टिंग की संख्या जो किसी उद्यम को नुकसान पहुंचा सकती है, 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है? सभी लिस्टिंग (ड्रग्स बेचने वालों को छोड़कर) में से 60 प्रतिशत संभावित रूप से उद्यमों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बिग डेटा, क्रेडिट कार्ड नंबर, नशीली दवाइयां, अवैध हथियार, नकली मुद्रा, चोरी की गई सदस्यता के क्रेडेंशियल, हैक किए गए नेटफ्लिक्स समेत अन्य अकाउंट खरीदे जा सकते हैं। यही नहीं, यहां ऐसे सॉफ्टवेयर खरीदे जा सकते हैं जो आपको दूसरे लोगों के कंप्यूटर में सेंध लगाने में मदद करते हैं। हालांकि सब कुछ अवैध नहीं है, डार्क वेब का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है। उदाहरण के लिए आप शतरंज क्लब या ब्लैकबुक में शामिल हो सकते हैं, जिसे टॉर का फेसबुक जैसा एक सोशल नेटवर्क माना जाता है। अगर आपसे संबंधित डार्क वेब पर कोई जानकारी या दस्तावेज मिलते हैं, तो आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते, लेकिन कम से कम आपको पता चल जाएगा कि आप जोखिम वाले स्थान पर चिन्हित हैं। अगर आपकी निजी जानकारी या ऐसी कोई जानकारी डार्क वेब पर है, जिससे आपके लिए परेशानी खड़ी हो सकती है, तो आप सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पोर्टल पर या पुलिस को सूचित कर अपना बचाव कर सकते हैं। डीप वेब और डार्क वेब शब्दों का इस्तेमाल कभी-कभी एक-दूसरे के लिए किया जाता है, लेकिन वे एक जैसे नहीं हैं। डीप वेब इंटरनेट पर मौजूद किसी भी ऐसी चीज को संदर्भित करता है जिसे गूगल जैसे सर्च इंजन द्वारा इंडेक्स नहीं किया गया है और इसलिए उस तक पहुंचा नहीं जा सकता। डीप वेब कंटेंट में वह सब कुछ शामिल है जो पेवॉल के पीछे है या जिसके लिए साइन-इन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होती है। इसमें वह सभी कंटेंट भी शामिल हैं जिसे उसके मालिकों ने वेब क्रॉलर को इंडेक्स करने से रोक दिया है। मेडिकल रिकॉर्ड, शुल्क आधारित सामग्री, सदस्यता वेबसाइट और गोपनीय कॉर्पोरेट वेब पेज डीप वेब बनाने वाली चीजों के कुछ उदाहरण हैं। अनुमान है कि डीप वेब का आकार इंटरनेट के 96 फीसदी से 99 फीसदी के बीच है। इंटरनेट का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही मानक वेब ब्राउजर के माध्यम से सुलभ है, जिसे आम तौर पर क्लियर वेब के रूप में जाना जाता है। डार्क वेब दरअसल डीप वेब का एक उपसमूह है जिसे जानबूझकर छिपाया जाता है, जिसे एक्सेस करने के लिए एक विशिष्ट ब्राउजर टोर की आवश्यकता होती है। डार्क वेब का आकार वास्तव में कोई नहीं जानता, लेकिन अधिकांश अनुमान इसे कुल इंटरनेट का लगभग 5 फीसदी बताते हैं। डार्क वेब पर नेविगेट करना आसान नहीं है। यह जगह उतनी ही अव्यवस्थित और अस्त-व्यस्त है जितनी आप उम्मीद करेंगे जहां हर कोई गुमनाम है और एक बड़ा वर्ग ठगने के लिए तैयार बैठा हो। डार्क वेब तक पहुंचने के लिए टोर नामक एक अनाम ब्राउजर का उपयोग करना आवश्यक है। टोर ब्राउजर आपके वेब पेज अनुरोधों को दुनिया भर में हजारों यूजर्स द्वारा संचालित प्रॉक्सी सर्वर की एक सीरिज के माध्यम से कनेक्ट करता है, जिससे आपके आईपी एड्रेस को पता लगाना मुश्किल हो जाता है। यह एक छलावे की तरह काम करता है, लेकिन इसका परिणाम एक ऐसा अनुभव होता है जो डार्क वेब जैसा ही होता है- अप्रत्याशित, अविश्वसनीय और चौंकाने वाला। फिर कहना होगा कि डार्क वेब बिटकॉइन की बदौलत फल-फूल रहा है, यह क्रिप्टो-करेंसी है जो दो पक्षों को एक-दूसरे की पहचान जाने बिना भरोसेमंद लेनदेन करने में सक्षम बनाती है। बिटकॉइन डार्क वेब के दायरे को बढ़ाने में एक बड़ा फैक्टर रहा है।

## विचार

# धीमी औद्योगिक वृद्धि के पीछे कम एफडीआई प्रवाह ही मुख्य कारण

**नन्तू बनर्जी**

यह अजीब लग सकता है कि औद्योगिक महाशक्ति और एक प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखने वाले भारत को पिछले साल केवल 28अरब अमेरिकी डॉलर का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ, जबकि छोटे से सिंगापुर में 160अरब डॉलर और हांगकांग में 113 अरब डॉलर के एफडीआई का प्रवाह हुआ। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के अनुसार, आर्थिक मंदी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत में एफ्डीआई प्रवाह में 43 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें दो प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 13 खरब डॉलर रह गया है।

भारत को वास्तव में मजबूत अर्थव्यवस्था बनने के लिए अगले 10 वर्षों में कम से कम 150-200बिलियन डॉलर की वार्षिक आवश्यकता होगी। नयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को आने वाले वार्षिक बजट में देश में बड़े पैमाने पर एफ्डीआई प्रवाह के लिए सभी बाधाओं को दूर करने का ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर भारत का सकल घरेलू उत्पाद केवल 35.2 खरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया है। इसके विपरीत, पड़ोसी चीन का सकल घरेलू उत्पाद 2023 में 1260.6 खरब युआन था, जो 178.9 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है। भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि का रुझान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्व के लक्ष्य से दूर है जिसमें चालू वित्त वर्ष के अंत में 50 खरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के निशान को छूने का लक्ष्य रखा गया था। भारत को अपनी गरीबी और बेरोजगारी से निपटने के लिए कई वर्षों तक दोहरे अंकों की वार्षिक आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता है। देश को अपनी अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता होगी। अधिशेष धन वाले मुट्ठी भर घरेलू औद्योगिक निवेशक ऐसी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते। चीन का विशाल आर्थिक उत्थान देश में साल दर साल बड़े पैमाने पर एफडीआई प्रवाह द्वारा संभव हुआ है। 2021 में, चीन में एफडीआई प्रवाह 344 अरब डालर के शिखर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, चीनी बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) द्वारा अन्य देशों में निवेश 2023 में पूरा हुआ। चीन से आउटबाउंड ग्रीन फील्ड एफ्डीआई 140अरब डालर से अधिक था, जिसने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यह आउटबाउंड चीनी विलय और अधिग्रहण में गिरावट के बाद है क्योंकि पश्चिमी सरकारों ने प्रस्तावित चीनी विलय और अधिग्रहण सौदों की जांच तेज कर दी है। चीन स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में नये बाजारों में विस्तार कर रहा है। नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत का तेजी से विस्तार करने वाला अडानी समूह, जो सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का एक प्रमुख प्राप्तकर्ता है, ने अपनी महत्वाकांक्षी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है। गुजरात में चीन से जुड़ी एमजी मोटर्स भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा दे रही है। संयोग से, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था संयुक्त राज्य अमेरिका एफडीआई का शीर्ष प्राप्तकर्ता बना हुआ है, जो 2023 में कुल 341 अरब डॉलर था। अमेरिका में एफडीआई प्रवाह 2015 और 2016 में क्रमशः 484 अरब डॉलर और 480अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। हाल ही में अमेरिका में एफ्डीआई प्रवाह में काफी कमी आई है। शीर्ष-20 मेजबान अर्थव्यवस्थाओं में, एफडीआई प्रवाह में सबसे बड़ी गिरावट फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका और भारत में दर्ज की गई। भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी किये गये आंकड़ों में बताया गया है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उच्च ब्याज दरों और देश में विभिन्न क्षेत्रों में सीमित अवशोषण क्षमता जैसे बाहरी कारकों के कारण 2023-24 में एफडीआई पांच साल के निचले स्तर पर आ गया। विडंबना यह है कि भारत में एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जो तेजी से बढ़ रहा है, वह है शेयर बाजार। शेयर बाजार में जुआ खेलने वाले उच्च उपभोक्ता मुद्रास्फीति के बावजूद सूचीबद्ध शेयरों की कीमतों में और उछाल देखने के लिए कम ब्याज दरों के लिए अभियान चला रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है कि रिजर्व बैंक और सरकार ऐसे अभियानों के झांसे में आ सकते हैं। प्राथमिक बाजार में इक्विटी और ऋण में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कुछ हद तक नगण्य है, फिर भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत के शेयर बाजार को अत्यधिक जीवंत और अस्थिर बनाने के लिए लुका-छिपी का खेल जारी रखते हैं, जिससे यह सट्टेबाजों के लिए स्वर्ग बन जाता है। अधिकांश विदेशी सट्टेबाजों ने इस साल की शुरुआत में लोकसभा (निचले सदन) चुनाव के बाद केंद्र में अस्थिर सरकार की संभावना के डर से बाजार से धन बाहर निकलना शुरू कर दिया था। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सत्ता में वापसी ने इन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को वापस लाना शुरू कर दिया।




**हाल ही में अमेरिका में एफडीआई प्रवाह में काफी कमी आई है। शीर्ष-20 मेजबान अर्थव्यवस्थाओं में, एफडीआई प्रवाह में सबसे बड़ी गिरावट फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका और भारत में दर्ज की गई। भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी किये गये आंकड़ों में बताया गया है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उच्च ब्याज दरों और देश में विभिन्न क्षेत्रों में सीमित अवशोषण क्षमता जैसे बाहरी कारकों के कारण 2023-24 में एफडीआई पांच साल के निचले स्तर पर आ गया।**

# कांग्रेस शासित राज्यों में मुसलामान पिछड़े क्यों हैं?

**योगेंद्र योगी**

देश में अल्पसंख्यकों के विकास के बजाए भावनात्मक मुद्दों पर बरगला कर उनके दोहन का खेल जारी है। राजनीतिक दल अल्पसंख्यकों को वोट बैंक की फसल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। अल्पसंख्यकों का अधिक हितेषी साबित करने के लिए गैरभाजपा राजनीतिक दलों में कभी खत्म नहीं होने वाली चुनावी प्रतिस्पर्धा जारी है। इसका मंच चाहे चुनावी सभाएं हो या संसद के दोनों सदन। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का अल्पसंख्यक वोट बैंक को रिझाने के प्रयास में भाजपा पर देशभक्त अल्पसंख्यकों के खिलाफ भी हिंसा फैलाने का आरोप लगाया।

राहुल ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ, मुसलमानों के खिलाफ और सिख लोगों के खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। जबकि अल्पसंख्यक हर क्षेत्र में अपना योगदान देते हैं। अल्पसंख्यक देश के साथ पत्थर की तरह खड़े हैं, देशभक्त हैं और आप सबके खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अल्पसंख्यकों ने देश के साथ-साथ संविधान की भी रक्षा की है। राहुल गांधी का यह बयान महज एक चुनावी बयान से अधिक कुछ नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब अल्पसंख्यकों के वोट बैंक के लिए संसद के मंच का इस्तेमाल किया गया हो। चुनावी सभाएं हों या संसद, मौके-बेमौकों पर अल्पसंख्यक की हिमायत करने का कांग्रेस और दूसरे गैरभाजपा दल कोई मौका नहीं छोड़ते। अल्पसंख्यकों की पैरवी करने वाली कांग्रेस और राहुल गांधी ने यह खुलासा कभी नहीं किया कि आजादी के करीब 60 साल तक कांग्रेस का शासन केंद्र और ज्यादातर राज्यों में रहने के बावजूद अल्पसंख्यक बुनियादी सुविधाओं और देश की विकास की मुख्यधारा से दूर क्यों हैं। अल्पसंख्यकों को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस ने कांग्रेसशासित राज्यों में उनकी भलाई के लिए कौन से प्रयास किए। इसके अलावा केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में सरकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों से कौनसा भेदभाव किया गया है। इसका भी खुलासा कभी कांग्रेस ने नहीं किया है। यह सही है कि भाजपा ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों को पार्टी में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया, किन्तु यह भाजपा का आंतरिक मामला है। सरकारी स्तर पर भाजपा के मुसलमानों से भेदभाव का एक भी उदाहरण मौजूद नहीं है। जो योजनाएं देश या राज्यों के स्तर पर भाजपा सरकारों ने लागू कि उनमें सभी को पात्रता के आधार पर सुविधाएं दी गई हैं। जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर कोई अंतर नहीं रखा गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अनुसार साल 2014 से देश में पारसी, जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई और मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले लगभग 5 करोड़ से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से खासकर मुस्लिम लड़कियों के स्कूल छोड़ने की संख्या कम हुई है। 2014 से पहले मुस्लिम लड़कियों में स्कूल छोड़ने की संख्या 70 प्रतिशत थी जो अब घटकर 30 प्रतिशत से भी कम हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा सीखो और कमाओ योजना शुरु की गई। इसी योजना के तहत इस साल यानी 2022 में लगभग 8 लाख महिला को लाभ पहुंचा है। वर्ष 2021-22 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में मुसलमानों का कुल नामांकन 21.1 लाख रहा, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 19.22 लाख और 2014-15 में 15.34 लाख था, यानी 7 वर्षों में 37.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लेकिन कोरोना के दौरान इसमें बड़ी गिरावट आई थी। सवाल यह है कि देश में ज्यादातर वक्त राज करने के बावजूद कांग्रेस शासित राज्यों में मुसलमानों की साक्षरता दर सौ प्रतिशत क्यों नहीं हो पाई। निजी और सरकारी क्षेत्र में रोजगार विकसित करने के लिए कांग्रेस का आंकड़ा सर्वोच्च क्यों नहीं रहा। अल्पसंख्यकों की असुरक्षा को लेकर भी कांग्रेस और दूसरे राजनीतिक दल उन्हें भयभीत करने का काम करते रहें हैं, ताकि उनके वोट पर अधिक हिस्सा बटोरा जा सके।



# राशिफल

**मेषः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुनः-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**कर्क :-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें।

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या :-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फ्लीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# प्रधानमंत्री मोदी की सफल रूस यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 और 9 जुलाई को दो दिन की रूस यात्रा पर थे। करीब पांच वर्षों के अंतराल के बाद भारतीय प्रधानमंत्री की रूस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को कुछ और प्रगाढ़ता मिली ही, इसके साथ ही वैश्विक राजनीति में यह बड़ा संदेश भी गया कि अब दुनिया एकध्रुवीय व्यवस्था के इर्द-गिर्द नहीं रहेगी, बल्कि बहुध्रुवीय समीकरणों से ही वैश्विक राजनीति संचालित होगी।

भारत-रूस के बीच आखिरी वार्षिक शिखर वार्ता नयी दिल्ली में छह दिसंबर 2021 को हुई थी, तब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भारत दौरे पर थे, 2020 में कोविड महामारी के कारण यह वार्षिक बैठक नहीं हो पाई थी। फिर यूक्रन युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक श्री मोदी रूस दौरे पर नहीं गए थे। उनका आखिरी दौरा सितंबर 2019 में हुआ था। लेकिन इतने उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और सौहार्द्र का रिश्ता कायम ही रहा। 9 जुलाई को रूस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ी मार्के की बात कही कि रूस शब्द सुनते ही हर भारतीय के मन में सबसे पहला शब्द आता है, भारत का सुख-दुख का साथी। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आजादी के बाद से अब तक दुनिया के तमाम देशों में रूस ही वह देश रहा है जो हर मुकाम पर भारत के साथ खड़ा दिखाई दिया है।

भारत ने भी इस बीच आर्थिक, सामरिक या तकनीकी सहयोग के लिए दूसरे देशों से समझौते किए, संबंधों में नयी मजबूती दिखाई, लेकिन रूस के साथ भारत के संबंध जैसे पहले थे, अब भी वैसे ही हैं। यूक्रेन से युद्ध के कारण रूस और भारत के संबंधों पर भी सबकी निगाहें बनी हुई थीं, क्योंकि पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन आलोचनाओं के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा था। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर भारत की विश्वशांति की हिमायत शिखर वार्ता में की। राष्ट्रपति पुतिन को श्री मोदी ने कहा कि एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है। नरेन्द्र मोदी का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब यूक्रेन में एक अस्पताल पर रूस के हमले में बच्चों समेत 37 लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस के इस हमले की अमेरिका, यूक्रेन और नाटो देश निंदा कर ही रहे हैं, इस बीच भारत ने रूस को यह नसीहत देकर बता दिया कि वह किसी भी तरह की हिंसा और युद्ध के खिलाफही है। इसलिए इस बात को केवल रूस तक सीमित न रखकर इसके व्यापक मायने समझने की भी जरूरत है। अमेरिका और यूक्रेन अगर रूस के हमलों की आलोचना कर रहे हैं, तो उन्हें इजरायल के गजा पर हो रहे हमलों पर भी वही रुख अख्तियार करना चाहिए। लेकिन अमेरिका अब भी फिलीस्तीन पर इजरायल की क्रूरता को नहीं रोक रहा, न ही एक बड़े नरसंहार के दाग से खुद को बचा पा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा ऐसे वक्त पर हुई, जब अमेरिका में रूस-यूक्रेन संघर्ष को केन्द्रित करते हुए नाटो की बैठक थी। अमेरिका अब भी भारत को अपने प्रभाव में लेने की कोशिश में लगा है। मोदी-पुतिन बैठक से पहले अमेरिकी विदेश विभाग का बयान था कि अमेरिका को उम्मीद है कि भारत, या कोई अन्य देश जब रूस के साथ बातचीत करेगा, तो श्यह स्पष्ट करेगा कि मॉस्को को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर जेलेंस्की ने मॉस्को में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की निंदा करते हुए इसे शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका बताया। भारत जानता था कि श्री मोदी के रूस दौरे पर उसे इस तरह के दबाव का सामना करना पड़ेगा। लेकिन आजादी के बाद से ही भारत की विदेश नीति कुछ इस तरह तैयार की गई है कि वह किसी के दबाव या गुटबाजी में नहीं आता है। अपनी यात्रा में श्री मोदी ने एक तरफयक्रेन को लेकर राष्ट्रपति पुतिन को नसीहत दी, तो वहीं पुतिन ने भी यूक्रेन संघर्ष के समाधान की कोशिशों के लिए भारत का आभार जताया। रूस के साथ संबंधों को गहरा करने के लिए कजान और इकेतेरिनबुर्ग में कॉन्सुलेट खोलने का निर्णय भारत ने लिया है। खबरें ये भी हैं कि श्री मोदी ने रूसी सेना में जबरन भर्ती किए भारतीयों का मुद्दा पुतिन के सामने उठाया। जिस पर पुतिन ने आश्वासन दिया है कि वे सभी भारतीयों को बहाल कर देंगे। बताया जा रहा है कि यूक्रेन जंग के बीच लगभग 40 भारतीय रूसी सेना में तैनात हैं, पिछले महीने 2 लोगों की मौत हो गई थी।



**भारत ने भी इस बीच आर्थिक, सामरिक या तकनीकी सहयोग के लिए दूसरे देशों से समझौते किए, संबंधों में नयी मजबूती दिखाई, लेकिन रूस के साथ भारत के संबंध जैसे पहले थे, अब भी वैसे ही हैं। यूक्रेन से युद्ध के कारण रूस और भारत के संबंधों पर भी सबकी निगाहें बनी हुई थीं, क्योंकि पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन आलोचनाओं के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा था। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर भारत की विश्वशांति की हिमायत शिखर वार्ता में की। राष्ट्रपति पुतिन को श्री मोदी ने कहा कि एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ राहत एवं कार्य के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

उन्होंने तहसील तुलसीपुर में प्रभावित ग्राम लौकहवा, तहसील सदर में प्रभावित ग्राम बलरामपुर देहात, ग्राम सोनार का भ्रमण किया।

डीएम ने मोटर बोट से ग्राम में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की एवं हर संभव मदद का वादा किया।

बाढ़ प्रभावितों से वार्ता के दौरान डीएम ने प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत केंद्र में रहने की बात कही, प्रभावित परिवारों ने कहा पानी अब कम हो रहा है वह अपने घर पर ही रहेंगे, उन्होंने बाढ़ प्रभावितो को शुद्ध पेयजल, राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

डीएम ने सभी लेखपाल, सचिव को बाढ़ प्रभावित ग्राम में ही रहते हुए राहत कार्य किए जाने, ग्राम में जीवन रक्षक दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य,एसडीएम सदर व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



- मोटर बोट से पहुंचे बाढ़ प्रभावित गांव, प्रभावित से की वार्ता, हर संभव मदद का किया वादा
- डीएम ने युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य करते हुए बाढ़ प्रभावितों को शुद्ध पेयजल, राशन सामग्री की व्यवस्था प्रदान किए जाने का दिया निर्देश

### लखमा के तटबंध की कटान होने से गांव के अस्तित्व को खतरा

उतरौला( बलरामपुर) विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के ग्राम लखमा के तटबंध की सुबह तीन बजे से कटान होने से गांव के अस्तित्व का खतरा पैदा हो गया है। तटबंध की कटान की सूचना मिलने पर आनन फानन में प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर मरम्मत का काम शुरू कराया। सुबह नौ बजे तटबंध की मरम्मत कर दिया है। तटबंध की मरम्मत हो जाने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि वह स्वयं मौके पर जाकर तटबंध की मरम्मत करा दिए हैं फिलहाल गांव को कोई खतरा नही है।



- प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर शुरू कराया मरम्मत कार्य

# 116 नव चयनित लेखपालों को डीएम व जनप्रतिनिधि ने सौंपा नियुक्ति पत्र

- लगन एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्तब्यों का निर्वहन करें नव चयनित लेखपाल : डीएम
- प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के हित में अभूतपूर्व कार्य करते हुए दिया जा रहा रोजगार : विधायक पल्टूराम



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में नवचयनित 116 लेखपालों को डीएम पवन अग्रवाल, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान डीएम ने कहा की सभी नव चयनित लेखपाल लगन एवं पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। विधायक बलरामपुर पल्टूराम ने कहा मिशन रोजगार के तहत प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किया जा रहा है एवं युवाओं के हित में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से युवक घायल

**समृद्धि न्यूज, घाटमपुर।** बुधवार दोपहर बाद जहानाबाद रोड पर ट्रक की टक्कर से युवक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सीएससी में भर्ती कराया गया है, बताया जाता है बगला- गोपालपुर निवासी बेबी सचान अहिरवार पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रहे थे कि तभी ट्रक की चपेट में आ गये, सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### अलग-अलग घटनाओं में चार घायल

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को गंभीर अवस्था में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। छानी बक्छा निवासी राजेश सिंह बकरियां चलाते समय पेड़ में चढकर डालिया काट रहा था शरीर का संतुलन बिगड़ जाने पर नीचे जमीन पर गिर गया जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वही बिगहना निवासी अंकित सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और सड़क पर गिर घायल हो गया जिसे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया तीसरी घटना माचां निवासी बाबू खान पुत्र हामिद खान बरसात के मौसम जीव जंतु निकल रहे हैं अचानक मध्य रात बिच्छू में बाबू खान को काट लिया उसे तड़पता देख परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया इसी प्रकार बिपिन 12 वर्ष पुत्र रामकुमार जलालपुर निवासी अज्ञात कीड़े के काटने से आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया उसका इलाज जारी है।

### पुलिस ने शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सिसोलर थाना क्षेत्र के भमई गांव निवासी एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने चोरी के दो कीमती मोबाइलों सहित गिरफ्तार कर लिया है।उस पर तीन दर्जन से अधिक विभिन्न मामले दर्ज हैं। सिसोलर पुलिस के अनुसार भमई गांव निवासी भूपेंद्र सिंह का बड़ा आपराधिक इतिहास है। वह हिस्ट्रीशीटर भी है। इसी गांव के रामबाबू गुप्ता के दो मोबाइल जो कीमती थे चोरी चले गए।उसने संदेह में पुलिस को इसका नाम बताते हुए घटना की सूचना दर्ज कराई।पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की वह घर से बाहर जाते हुए बस स्टैंड के निकट पकड़ लिया गया। सिसोलर पुलिस के अनुसार भूपेंद्र सिंह उर्फ तानिया वांछित अपराधी है।उसको बाहर जाते हुए 36 हजार कीमत के दो मोबाइल बरामद भी किए गए हैं। हिस्ट्रीशीटर और बड़ा अपराधी है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### युवक को बचाने के चक्कर में वैन खाई में गिरी

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पत्नी का इलाज करा किराये की वैन से मूसानगर से वापस आते समय मिश्रीपुर गांव के समीप बाइक सवार दो युवकों को बचाने के चक्कर मे वैन खाई में जा गिरी। जिसमें सवार पांच लोग व बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। क्षेत्र के सिकरोधी गांव निवासी जयसिंह पुत्र दुर्गापाल अपनी पत्नी का इलाज करवाने भौली गांव निवासी सुभाष पुत्र ओमप्रकाश की मारुति वैन से गए थे। वापस आते समय मिश्रीपुर गांव के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार रामकुमार व धनुष सिंह पुत्रगण राजाराम निवासी ग्राम बरुआ को बचाने के चक्कर मे खाई में चली गई जिसमें वैन सवार जय सिंह पुत्र दुर्गा पाल उसकी पत्नी रानी व साला राजेन्द्र तथा ससुर भगवानदीन व भौली गांव निवासी चालक सुभाष घायल हो गए। वही बाइक सवारों को भी चोटे आई। सभी घायलों को एम्बुलेंश की मदद से सीएचसी कुरारा लाया गया। जहां घायलों का इलाज हुआ। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने क्रेन की मदद से वैन को खाई से बाहर निकलवा कर चौकी में खड़ा करवाया है।

### शराब पार्टी के बाद युवक की हत्या

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बिवार क्षेत्र के अतरार गांव मे मंगलवार को देर रात शराब पार्टी के बाद गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र के पति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। पुलिस के मुताबिक अतरार गांव निवासी संदीप सिंह( 40) की पत्नी अर्चना सिंह प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र है। उसी परिसर में पंचायत भवन है। बुधवार को संदीप का शव विद्यालय परिसरमें मिलने से हडकंप मच गया। संदीप का गला काटकरहत्या की गयी है। पुलिस ने बताया कि रात में संदीप सिंह व उसके साथियों ने शराब पार्टी की है तभी किसी बात को लेकर विवाद हुआ है और उसकी हत्या कर दी गयी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पडताल करने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जायेगी, शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### आकाशीय विजली गिरने से युवक की मौत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सिसोलर क्षेत्र के बक्क्षा गांव में बकरी चराते समय आकाशीय विजली गिरने से युवक की मृत्यु हो गयी पुलिस के मुताबिक गांव के चुन्नू बर्मा( 38) खेत में बकरी चरा रहा था। तभी अचानक बरसात होने के बाद बिजली गिर गयी और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।** मौरंग भरने जा रहा ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में मातम छाया हुआ है।

मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी राजकुमार पुत्र चेतराम राजपूत ने बताया कि उसका छोटा भाई 23 वर्षीय प्रवेश इटकौरा गांव के एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। बुधवार की तड़के करीब चार बजे वह ट्रैक्टर लेकर मौरंग भरने जा रहा था। तभी इटकौरा गांव के पास खेत में ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गया। जिससे उसके भाई की ट्रैक्टर में दबकर मौत हो गई मृतक के भाई ने बताया कि उसके पिता के नाम 12 बीघा जमीन है। वह पिता के साथ खेती में भी हाथ बटाता था। बताया कि उसका भाई अविवाहित था। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध मौरंग का खनन होता है। दिन रात मौरंग से भरे दर्जनों ट्रैक्टर निकलते हैं। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनके क्षेत्र में कोई मौरंग का अवैध खनन नहीं होता है।

# सर्पदंश से निजी स्कूल की शिक्षिका की मौत, परिजनों में शोक की लहर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

सर्पदंश से युवती की मृत्यु से गांव में सन्नाटा छा गया, परिजनों में दहशत है। विकास खंड रेहरा बाजार के अंतर्गत ग्राम सभा गूमा फातमा जोत के मजरा चैनवापुर निवासी राजेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव की पुत्री दिव्यांशी श्रीवास्तव आज सुबह करीब चार बजे भोर में अपनी नींद के अन्तिम पड़ाव पर बिस्तर से उठने ही वाली थी कि अचानक एक अत्यंत जहरीले सांप ने काट लिया आनन फानन में दिव्यांशी को सादुल्लाहनगर के एक निजी अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोण्डा रेफर कर दिया गया।

गोण्डा के जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। दिव्यांशी श्रीवास्तव के दर्दनाक मौत की खबर ने परिजनों को सदमे में डाल दिया, विदित हो कि दिव्यांशी एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापिका के तौर पर बच्चों और स्कूल स्टाफ में अपने व्यवहार के कारण प्रिय थी। ब्राइट फ्यूचर एकेडमी के मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश सहित सहयोगी अध्यापक व अध्यापिकाओं में शोक की लहर दौड़ गई छात्र -छात्राओ ने भीगी आंखों से शोक सभा में मृतिका के लिए प्रार्थना की।

ग्राम प्रधान ने बताया कि मृतिका के परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इसलिए इनको सरकारी आर्थिक सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया डिजटल ऑनलाइन हाजरी का विरोध

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व व निर्देश के क्रम में पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन तथा ऑनलाइन हाजिरी के विरोध की रणनीति पर गैड़ास बुजुर्ग के शिक्षकों ने उतरौला के डीजेवाई इंटर कॉलेज में बैठक कर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जनपद यह कार्यकारिणी के सदस्य शिक्षक मोहम्मद फिरोज ने किया।

ब्लॉक मंत्री वैभव शुक्ला, बालेश्वर एवं कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन तथा ऑनलाइन हाजिरी के विरोध की रणनीति को अमली जामा पहनाने पर प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा दिए गए निर्देशों को विस्तार पूर्वक साझा किया। बताया गया कि डिजिटलाइजेशन के हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। ऑनलाइन हाज़िरी की व्यवस्था से असहमत शिक्षकों के हस्ताक्षर दिनाँक 11 व 12 जुलाई को कराए जाएंगे। दोनों दिनों में से किसी दिन दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य बीआरसी पर अनिवार्य रूप से स्वयं उपस्थित होकर हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर करना रहेगा। उपस्थित सभी पदाधिकारीयों ने इस बात पर एकमत पोकर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति नही देंगे तो कोई भी हमसे ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नही करा सकता। क्योंकि शत प्रतिशत अध्यापक इस व्यवस्था के विरोध में हैं। पदाधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सभी अध्यापक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क को डाऊनलोड कर लें, क्योंकि अपनी बात को समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों, सरकारी तन्त्र, अधिकारियों व शासन तक पहुँचाने के लिए ङ्क सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। कोई भी माँग जब ङ्क पर ट्रेंड करती है तो उस पर सभी का ध्यान आकृष्ट होता है। अतः सभी अध्यापक अनिवार्य रूप से ङ्क को डाऊनलोड कर लें तथा संगठन के पदाधिकारियों को फालो कर लें जिससे यदि किसी दिन ङ्क पर कोई अभियान चलाया जाए तो उसके लिए सब तैयार रहें। वहीद अहमद, भुवनेश् सिंह, मनोज दुबे, मुकेश पाठक, विकास पांडेय, अश्वनी, बबलू, दुर्गेश शुक्ला, दिनेश पाल, मनोज कुमार, मनीष निरंजन, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुभाष यादव, ओम प्रकाश राजू, धनराज, प्रेम नारायण समेत अन्य शिक्षक पदाधिकारी मौजूद रहे।



# भाजपा ने मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम का किया आयोजन

- पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने सभी मतदाता एवं कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**





पनवाड़ी कस्बा के मुस्कान वाटिका का मैरिज हाउस में भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता अभिनंदन कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया ।भाजपा की पदाधिकारीयों से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे । श्री प्रकाश अनुरागी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने सभी आए हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की भाजपा पार्टी सबका साथ सबका विकास विश्वास की पार्टी पर काम करती है और चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है कार्यकर्ता एक जुटता से पार्टी के हित में कार्य करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने मतदाता अभिनंदन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव तो प्रत्येक 5 वर्ष में चुनाव आते रहते हैं लेकिन पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने जो विकास बुंदेलखंड के लिए किया कोई नहीं कर सकता पूर्व सांसद ने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को संसद भवन में उठाने का काम किया अगली बार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को सांसद बनाना है। घबराने की जरूरत नहीं है विपक्षी पार्टी का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होने देंगे उन्होंने सभी मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश सक्सेना ने कहा कि पुष्पेंद्र सिंह चंदेल क्षेत्र से तीसरी बार चुनाव हार गए लेकिन आने वाले अगले लोकसभा में चुनाव में मेहनत कर सांसद बनायेंगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछडी समुचित जाति जनजाति के हित में कार्य किया है। मतदाता अभिनंदन समारोह में सभी का आभार व्यक्त करने आए पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने संबोधित करते हुए यह कहा कि दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी सबको साथ में लेकर चलने वाली पार्टी सबसे ज्यादा सांसद एवं विधायक एवं एमएलसी जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख आदि प्रतिनिधियों वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने पर बनने पर, विपक्षी पार्टियों कांग्रेस पार्टी व उसके गठबंधन दल और दुश्मन देश चीन आदि देशों की फर्जी दुकान बंद हो गई आगे कहा कि जब हमारे सांसद दो थे तब हमारी पार्टी देश की बड़ी पार्टी थी और आज हमारे पास 320 से ऊपर सांसद है तो हमारी पार्टी दुनिया मैं सबसे बड़ी पार्टी है ।कार्यकर्ता हमीरपुर शीट हारने के बाद अपना मनोबल न गिराये हम कल भी जीते थे आने वाले कल में भी जीतेंगे इस मतदाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का किसी भी सूरत में उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर भाजपा के सहितकारिता समिति के डायरेक्टर चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, मंडल अध्यक्ष पवन सोनीपूर्व।मण्डल अध्यक्ष संतोष विष्वकर्मा, श्री प्रकाश मिश्रा, उपेन्द्र द्विवेदी ,पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर डी वी दुबे, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी महोबकंठ नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष चौरसिया, सुरेंद्र राजपूत ,राजू मिश्रा नीरज दुबे, प्रेम सक्सेना सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने की चकमार्ग पर अवैध कब्जा हटवाकर इंटरलाकिंग निर्माण की मांग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

आबादी के बीच से होकर जाने वाले चकमार्ग पर अवैध कब्जे व पक्का निर्माण न होने से कीचड व जलभराव के बीच से होकर आने जाने में ग्रामीण बच्चे बूढे व महिलाओ को अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ता है बार जिसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन से अवैध कब्जा हटवाकर चकमार्ग पर खडंजा/इंटरलाकिंग निर्माण की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

थाना रेहराबाजार के ग्राम पंचायत भगवानपुर ग्रिंट के अहिरनडीह पूर्वी के ग्रामीणों नितीश, सुखदेव, प्रिंस, लालू, सतीश आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अहिरनडीह पूर्वी में गाटा संख्या 507 चकमार्ग भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। पूर्व में ग्रामीण उक्त रास्ते से होकर आते जाते थे।लेकिन गांव के ही राजनीतिक रसूख रखने वाले मनबढ व दबंग रामानुज यादव,भोला यादव, अर्जुन यादव,तिलक राम,राजकुमार ने ग्राम प्रधान व लेखपाल से सांठगांठ कर चकमार्ग भूमि पर पक्का निर्माण करके अवैध अतिक्रमण कर लिए हैं जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित है। उक्त अवैध कब्जे के विरूद्ध कई उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन हल्का लेखपाल सुविधा शुल्क लेकर हर बार अपनी आख्या में चकमार्ग खाली होने की रिपोर्ट भेज देते हैं। अतिक्रमण कारीयों, प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से दर्जनों परिवारों का आवागमन बाधित है। ग्रामीणों ने बताया कि चकमार्ग पर अवैध कब्जे के कारण ही प्रधान द्वारा चकमार्ग पर पक्का निर्माण नहीं कराया जा रहा है जबकि चकमार्ग दर्जनों घरों के बीच से होकर जाता है।ग्रामीणों ने चकमार्ग भूमि की पैमाईश करवा कर अवैध कब्जे मुक्त कर पक्का निर्माण कराने की मांग जिलाधिकारी बलरामपुर से की है।

### युवक ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी युवक रामलखन 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राज बहादुर ने बुधवार को दोपहर में अज्ञात कारण के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सौ करोड़ की लागत से बना राठ, चिकासी, बिलरायां मार्ग ध्वस्त

- लोनिवि अभियंता सड़क निर्माण के नाम पर जनता के साथ कर रहे हैं छलावा
- ठेकेदार व जनप्रतिनिधियों के गठजोड़ से सरकार की छवि पर लग रहा है धब्बा
- अभियंताओं की मनमानी ने भी लोकसभा चुनाव में डाला असर



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में लोनिवि अभियंताओं की लूटपाट के चलते सड़के कुछ दिन बाद ध्वस्त हो जाती है,सौ करोड़ लागत से निर्माण खंड दिवतीय द्वारा निर्मित की गयी राठ से चिकासी पनवाडी मार्ग एक साल बाद पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। मगर जनता की पीड़ विभाग सुनने को तैयार नही है। इसके लिये पूरी तरह जनप्रतिनिधि दोषी है।

जानकारी के मुताबिक लोनिवि सड़को निर्माण के नाम पर जनता के साथ सालों से छलावा कर रहा है,चाहे शहरी क्षेत्र की हो या ग्रामीण क्षेत्र की सड़क हो बनने के कुछ दिन बाद पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है। जनपद हमीरपुर मैं बैठे अधिकारी और ठेकेदार मिलकर सरकार की बड़ी बड़ी परियोजनाओं मैं भ्रष्टाचार कर योगी जी कि साख को दाव पर लगा रहे है सरकार की सहयोगी पार्टी जनतादल(एस) के ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राजपूत ने सीधे मुख्यमंत्री को ट्वीट कर कहा है कि जनपद हमीरपुर की विधान सभा राठ मैं लोक निर्माण विभाग द्वारा जितने भी कार्य कराये जा रहे है उन मैं ठेकेदार की मिली भगत व विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते राठ से चिकासी तक बनने वाली सड़क मात्र एक वर्ष मैं ही बुरी ध्वस्त हो गई वहीं विवार से धोहल और धोहल से रहटिया तक बनायी गई सड़के कुछ दिन मैं ही टूट कर भारी भारी गड्ढों मैं तब्दील हो गई है शिकायत के बाद भी विभागीय अधकारियों ने ठेकेदार पर कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की मुख्य मंत्री से अनुरोध किया है कि शासन स्तर से तकनीकी टीम गठित कर कार्यवाही करायी जाये जिससे जनता के बीच सरकार कि छवि धूमिल न हो सौ करोड़ लागत से बनी राठ चिकासी मार्ग ध्वस्त होना एक नमूना है इस प्रकारकी दर्जनों सड़के है जो जिले में बनने के कुछ दिन बाद टूट गयीहै विलेज रोड में विभागीय अभियंता सबसे ज्यादा मनमानी कर रहे है।लोनिवि विभाग द्वारा छिबौली से सरीला और ज़रिया से सरीला के सड़क मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गये है उनको विभाग जानबूझकर अनदेखी कर रहे है,इसी प्रकार एसआर रोड व गड्ढा मुक्त मार्ग से बनने वाले बजट की जांच करा ली जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे। जनता का कहनाहै कि सड़क टूटने की शिकायत को लेकर जब भी वह लोनिवि गये है तो उन्हे चपरासी बेइज्जत कर भगा देता रहा है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस मामले में सीडी दो के अधिशाषी अभियंता डीपी वर्मा का कहना है कि सड़क की मरम्मत करायी जा रही है,खदान की सड़क होने के कारण जल्दी ही खराब हो गयीहै। उनका कहना है कि जो भी सड़क बनती है उसका कोई नियम नही है कब तक काम करती है। जबकि हर सड़क बनने के पहले उसकी लाइफ तय कर ली जाती है। मगर अधिशासी अभियंता हमेशा गुमराह करने का प्रयास करते रहे है।

### मैं होता तो सब ठीक कर देता

चार दिन पहले बांदा मंडल से स्थानांतरित हुये चीफ इंजीनियर कन्हैया झा का कहना है कि इस मामले की उन्हे जानकारी थी और सीडी दो के अधिशासी अभियंता से रोड मरम्मत कराने को कहा था। तभी उन्होने सड़क की मरम्मत शुरु करायी है। उनका कहना है कि उनका तबादला राजकीय निर्माण निगम में हो गया है,यदि मैं मंडल में रहता तो सब ठीक ठाक कर देता है। मगर मेरे जाने के बाद हमीरपुर की मशीनरी मनमानी शुरु कर दी है। फिर भी वह वहां के अधिशासी अभियंता से बात करेगे। बांदा मंडल में चीफ इंजीनियर मुकेश चंद्र शर्मा दो दिन पहले गये है। उन्हे कोई जानकारी नही है।

### जनता को फूटी आंखों नहीं देखना चाहते अधिशासी अभियंता

लोनिवि के अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड एमएल वर्मा आज तक जनता से नही मिले,बारह बजे के बाद दफ्तर में कभी कभार आते है, अन्यथा सारा काम अपने सरकारी आवास में बैठकर निपटाते रहते है,सड़क की समस्या को लेकर यदि जनता मिलने आती है तो निराश होकर वापस लौट जाती है यही नही एक्शियन जनता व पत्रकारों को फूटी आंखो नही देखना चाहते है। यदि कोई जनप्रतिनिधि मिलना चाहते है तो साफ इंकार कर दिया जाता है। जिससे सभी जनप्रतिनिधित बेहद दुखी है।

### आकाशी बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत



**समृद्धि न्यूज़ घाटमपुर।** साढ थाना क्षेत्र के गांव तिवारीपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई बताया जाता है कि गांव निवासी परदेसी बुधवार को करीब 4:30 बकरी चराने गया था इसी बीच बारिश होने लगी और वह बारिश से बचने के लिए पास ही बगीचे में आम के पेड़ के नीचे बैठ गया इसी बीच गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गयी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, सूचना पाकर साढ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

# स्कूली बच्चों को डग्गामार वाहनों में भूसे के समान भरकर जिंदगी के साथ किया जा रहा खिलवाड़

- पुलिस व एआरटीओ ने साधी चुप्पी, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, अभिभावक परेशान

**मौदहा, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



शासन के सख्त आदेश के बाद भी स्कूली बच्चों को आटो में भूसे के समान भरकर उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इस मामले में पुलिस व एआरटीओ पूरी तरह मौन साधे हुये है किसी समय बच्चों के साथ कोई हादसा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार कस्वे में ज्यादातर स्कूल स्कूली वस न लगाकर बच्चों को डग्गामार वाहन से भेजने व लाने का काम कर रहे है। जिले में डग्गामार वाहन कई मर्तवा पलट गया है मगर एआरटीओं की सेहत में कोई फर्क नही पडता है,जिम्मेदार अधिकारी फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहेहै

सरकार के निर्देशानुसार स्कूली वाहन प्राइवेट वाहन की एक निश्चित क्षमता और फिटनेस के प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। जुलाई माह में स्कूल खुलने के बाद बच्चों को विद्यालय जाने के लिए स्कूल प्रशासन अपने निजी एवं प्राइवेट वाहनों से संपर्क कर बच्चों का एडमिशन अधिक संख्या करने की होड़ में बच्चो की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते देखा जा सकता है। शासन ने वाहन संबंधी एक गाइड लाइन जारी की है जिमस बीस विंदुओ पर वाहन फिटनेस की शर्ते रखी गयी है मगर उसका कोई असर नही दिखायी पड़ रहा है।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रशासन वाहन शुल्क भरपूर मात्रा में लेता है मगर डग्गामार वाहनो से बच्चों को भेजने का काम करता है जिससे अभिभावक बेहद चिंतित रहते है। पूर्व में घटित घटनाओं से स्कूल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को सबक लेते हुए ऐसे निजी एवं स्कूल वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाए जिससे नौनिहाल किसी अप्रिय घटना का शिकार न हो सके।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्रों चन्द्र प्रताप सिंह उर्फ ध्यानू सिंह व अनुज सिंह को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**शिव दुलारी पत्नी स्व0 महिपाल सिंह ग्राम तेलमा, थाना दरियाबाद, जनपद बाराबंकी।**

# पौधरोपण महाकुंभः रोपे गए नीम, पीपल व बरगद के पौधे

- राज्यमंत्री, एसडीएम, सीओ सहित समाजसेवियों ने एक पेड़ मां के नाम से किया पौधरोपण
- प्राणवायु बचाने के लिए बचाएं पेड़ नितिन श्रीवास्तव




**रामसनेहीघाट,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

अन्न व पानी के बगैर मनुष्य एक आध दिन जीवित रह सकता है परंतु बिना ऑक्सीजन एक भी घंटे मनुष्य नही जीवित रह सकता है। ऑक्सीजन हमारे पेड़ पौधौ से मिलता है, इसलिए मनुष्य जीवन को बचाने के लिए पौधरोपण कर पेड़ो को बचाना होगा। यह विचार खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अमृत विचार समाचार पत्र के द्वारा स्थानीय जेबीएस इंस्टीट्यूट में पौधरोपण महाकुंभ कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम रोपित करते हुए व्यक्त किये। राज्यमंत्री ने सबसे पहले शिक्षण संस्थान परिसर में आम का पौधा रोपित किया। इसके बाद अन्य कई पौधे भी रोपित किए। वहीं संस्थान की प्रबंधक पूनम सिंह डायरेक्टर आकाश सिंह ने भी राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के साथ आम का पौध रोपित किया। अमृत विचार के ब्यूरोचीफ नितिन श्रीवास्तव ने कहा कि धरा को हरा-भरा बनाए रखने के लिए, हर इस बार शासन ने पूरे प्रदेश में करोड़ों पौधों को रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे लेकर जहां प्रशासनिक तौर पर वन विभाग समेत अन्य विभागों को आवंटित लक्ष्य में थोड़ा-थोड़ा लक्ष्य बांटकर पौधरोपण करने की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं स्वयसेवी संस्थाओं द्वारा भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पौधरोपण कर पेड़ो को बचाने की मुहिम को समाचार पत्र की टीम आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में एसडीएम रामआसरे वर्मा, सीओ जटाशंकर मिश्रा, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, कोतवाल ओपी तिवारी, रेंजर संतोष मिश्रा, बीडीओ डॉ. विनय मिश्रा, ईओ धीरज सिंह, समाजसेवी रत्नेश कुमार आदि ने आम, अनार, अमरुद, आंवला, गूलर, कदंब, नीम, पाकड़, बरगद, अशोक और पीपल समेत कई अन्य फलदार, औषधीय और छायादार पौधों को रोपित किया। राज्यमंत्री ने कहा कि ऑक्सीजन के बिना हमारा जीवन अधूरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि सभी लोग अपनी मां के नाम से एक पौध अवश्य लगाएं। प्रदेश सरकार ने भी बारिश के इस मौसम में करोड़ों पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसलिए धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पेड़ों का होना जरुरी है। हमें आगे आकर अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरुरत है।

### अमृत वाटिका के नाम से होगी वाटिका

शिक्षण संस्थान की प्रबंधक पूनम सिंह ने कहा कि आज जो पौधे अमृत विचार संस्थान की तरफ से विद्यालय परिसर में लगवाए गए हैं। उस स्थान को अब अमृत विचार वाटिका के नाम से जाना जाएगा। यही नहीं इस वाटिका में जो पौधे आज लगाए गए हैं या आगे लगाए जाते रहेंगे इन सभी पौधों की सुरक्षा व देखरेख शिक्षण संस्थान द्वारा अपने विद्यार्थियों की तरह ही करेगा। अमृत विचार संस्थान का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। विद्यालय परिवार अमृत विचार परिवार को दिल से आभार व्यक्त करता है।

### मंत्री व अधिकारी सम्मानित

कार्यक्रम में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को जिला संवाददाता ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं एसडीएम, सीओ, नायब तहसीदार, ईओ, कोतवाल, बीडीओ, प्रबंधक और डायरेक्टर आदि को संस्थान द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी ने एक स्वर में अमृत विचार के इस कार्यक्रम की खूब सराहना की।

### जिला मुख्यालय पर होगा समापन

अमृत विचार का यह अभियान जिले की सभी तहसीलों व ब्लॉक मुख्यालयों पर अगले एक माह तक आयोजित होगा। रामसनेहीघाट में अभियान पूरा होने के बाद 22 जुलाई को दरियाबाद संवाददाता काशीनाथ दीक्षित द्वारा जनसहभागिता से पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

### पीडीए एलाइंस ने चलाया पौधरोपण अभियान



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। पीडीए एलाइंस द्वारा कस्बा हैदरगढ़ स्थित मदरसा जमियतुल मदीना में बुधवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मदरसा परिसर में नीम जामुन अमरुद सहित विभिन्न प्रजातियों के आधा सैकड़ा पौधे रोपे गए और उनके संरक्षण संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव के प्रत्याशी रहे सपा नेता पप्पू सिद्दीकी ने वृक्ष को धरा का आभूषण बताते हुए कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि प्रकृति की मार से बचने के लिए बड़ी संख्या में पौधे लगाए और उनको सुरक्षित करने का भी काम करें। जिससे हमारा आने वाला कल सुखद हो सके। इस मौके पर हज़रत मौलाना ताज मोहम्मद सकाफी प्रबंधक मदरसा, दावते-इस्लामी के हज़रत मौलाना जीशान अतारी मदनी,सदर आला सिराज भाई, डॉक्टर मोहिउद्दीन आब्दी, सत्यम सिंह ,अतीक अहमद, शान बाबू, खुर्शीद भाई, शाहिद साबरी, कौशल खान आदि मौजूद रहे।

# कोटेदार की अनियमितता की शिकायत पर जांच करने पहुंची विभागीय टीम

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील नवाबगंज विकास खंड हरख अंतर्गत ग्राम पंचायत रहीमाबाद की उचित दर विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अनियमितता बरते जाने की शिकायत के आधार विभागीय टीम द्वारा ग्राम पंचायत रहीमाबाद जाकर जांच की गई। मौके पर कार्डधारको द्वारा बयान दिया गया कि कोटेदार द्वारा ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवा कर राशन नहीं दिया गया है। इसके उपरांत उचित दर दुकान की जांच की गई, जांच के दौरान दुकान में गेहूं, चावल एवं चीनी का स्टॉक शून्य पाया गया, जबकि ऑनलाइन विवरण के अनुसार विक्रेता के स्टॉक में 16.83 कु0 कुंतल गेहूं, 24.71 कुंतल चावल एवं 24 किलो चीनी अवशेष होना चाहिए थी। मौके पर विक्रेता से दुकान का स्टॉक एवं वितरण अभिलेख मांगे जाने पर विक्रेता द्वारा कोई भी अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए। उपरोक्त अनियमिताओं के आधार पर जिलाधिकारी के आदेशानुपालन में ग्राम पंचायत रहीमाबाद की उचित दर विक्रेता राजेश्वरी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत थाना जैदपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है तथा राजेश्वरी की दुकान का अनुबन्धपत्र निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई भी प्रक्रिया में लाई गई है।

इस संबंध में हरख पूर्ति निरीक्षक मो0 इमरान ने बताया कि रहीमाबाद में शिकायतो के मिलने पर जांच की गयी तो अभिलेख सहित तमाम कमियां पाने व राशन वितरण में गड़बड़ी मिली जिसे लेकर कोटेदार राजेश्वरी के विरुद्ध जैदपुर थाने में शिकायत कर कोटा निलंबित भी किया गया है।

### बाइक चोर को पीड़ित ने धर दबोचा, किया पुलिस के हवाले

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लगभग एक सप्ताह पहले चोरी हुई मोटरसाइकिल को पीड़ित ने स्वयं ही चोर को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया है। थाना सुबेहा के पिचुरी मजरे कमेला गांव निवासी ओम प्रकाश तिवारी की मोटरसाइकिल गत 2 जुलाई को कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में बाबा टीकाराम धाम से चोरी हो गई थी। बुधवार की शाम पीड़ित के एक रिश्तेदार ने फोन किया कि उनकी बाइक एक व्यक्ति चौबीसी गांव के पास शराब ठेके पर लेकर आया है।बाइक की नंबर प्लेट आधी टूटी है। रिश्तेदार से सूचना मिलते ही पीड़ित ओमप्रकाश तिवारी अपने साथियों के साथ चौबीसी गांव पहुंच गया और जैसे ही बदमाश बाइक लेकर चला पीड़ित व उसके साथियों ने उसे धर दबोचा ।पकड़ा गया बदमाश कोतवाली हैदरगढ़ के ही भिखरा गांव का सोनू पुत्र छोटेलाल बताया जाता है। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की बाइक व बदमाश को थाने लाकर छानबीन कर रही है।

# ड्रेन की सफाई में चल रहा सरकारी धन का बंदरबांट का खेल

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

ड्रेन की खुदाई और सफाई के नाम पर सरकारी धन के बंदरबांट का खेल चल रहा है।जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत से विगत वर्ष नाला की पटरियों पर चढ़ाई गई मिट्टी एक बार फिर उठा कर उसी पर डाली जा रही है।यह मामला तहसील रामनगर क्षेत्र के अन्तर्गत अशोकपुर ड्रेन का है।भारी बरसात के कारण नाला पूरी तरह से पानी से भरा हुआ चल रहा है।अचरज भरी बात तो यह है कि नाला के किनारे की मजबूती से जमी हुई मिट्टी को ही मशीन से उठाकर उसी पर डाल रहे है।जो हल्की बरसात में अधिकतर ऊपर से नीचे आ जायेगी।बारिश और बाढ़ के चलते ड्रेनें पानी से भर गई है।उसके बाद बाहर की मिट्टी किनारे डाल कर फर्जी भुगतान कराने की तैयारी की जा रही है।यह पूरा खेल ठेकेदार और अवर अभियंता की साठ गांठ से किया जा रहा है।यहां पर बात इतनी ही नहीं है नाले के दोनों किनारों पर जमे शीशम चिलवल के छोटे छोटे वृक्ष जो किनारों को मजबूती प्रदान कर रहे थे वह भी साफ हो रहे हैं।बाढ़ खंड के जे ई ज्योति प्रकाश से इस सम्बंध में बात की गई तब उनका कहना था निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को कार्य करने से रोक दिया गया था। अब उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।गौरतलब बात तो यह कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 30 जून तक सभी नहरों और ड्रेनों की सफाई तथा तटबंधों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिए जाने के निर्देश दिए थे परंतु अधिकारियों की मनमानी के चलते 30 जून बीत गया कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका और अब खाना पूर्ति कर सरकारी धन का बंदरबांट करने का खेल चल रहा है।

# विवाहिता ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता ने ससुरालियों पर मारने पीटने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे रामबक्स मजरे बम्हरौली अईमा गांव निवासनी साधना ने बताया की 10 साल पहले मेरा विवाह उक्त गांव निवासी बैजनाथ पुत्र रामफेर के साथ हुआ था और मेरे दो पुत्र आयुष 6 वर्ष व अनमोल 3 वर्ष है आरोप है कि दहेज की बात को लेकर मेरे पति मुझे आए दिन मारते पीटते व प्रताड़ित करते हैं पूर्व में भी कई बार मेरे साथ मार पीट कर चुके हैं। गत 8 जुलाई की शाम 4 बजे मेरे पति बैजनाथ ,सास रामावती , रामफेर पुत्र रामशंकर उक्त सभी लोग मेरे साथ गली गलौज करते हुए लात घुसो से और लाठी डंडे से मुझे मारना पीटना शुरू कर दिया और मुझे जान से मार देने की नियत में थे लेकिन बच्चो की चीख पुकार सुनने के बाद दौड़े पड़ोसियों ने मेरी जान बचाई । मारपीट के दौरान मुझे गंभीर चोटे आई है। विवाहिता ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की ।पुलिस ने पति समेत तीन लोग के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### खड़े ट्रक में टकराई पिकप, किशोर मौत, चालक घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ लखनऊ सुल्तान हाइवे पर मंगलवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक पिकअप रोड के किनारे पहले से खड़े हुए ट्रक से पीछे से जा टकराई । दुर्घटना में जहां एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई ,वही पिकअप चालक को गंभीर अवस्था में रेफर कर दिया गया हैं। गत 8/ 9जून की रात हैदरगढ़ की ओर से एक पिकअप सुल्तानपुर की ओर जा रही थी रात्रि 11 बजकर 30 मिनट पर जब पिकअप गोसूपुर गांव के निकट पहुंची तो पहले से खड़े ट्रक से टकरा गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पिकअप के अंदर फंसे दो लोगों को बड़ी मशक्कत करके पिकअप का गेट काटकर बाहर निकाला। पुलिस द्वारा सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराए गए कोठी थाना व कस्बा निवासी रमेश चंद्र के 15 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार की मौत हो गई, वहीं पिकअप चालक राजन को रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक मौके से फरार हैं।

### बिना बताए घर से फरार हुई युवती

**जैदपुर, बाराबंकी।** रात के अंधेरे का फायदा उठाकर एक लड़की बिना बताये घर से फरार हो गयी। पीड़ित पिता ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मामला जैदपुर के एक गांव का है जहां के एक पीड़ित पिता ने जैदपुर थाने मे शिकायत करते हुए बताया कि दिनांक 4-7-2024 की पीड़ित की 19 वर्षीय पुत्री रात में घर से बिना बताते फरार हो गयी है। जिसकी काफी खोजबीन की गयी परन्तु मिली नहीं। जो अपने साथ मोबाइल भी ले गयी। पीड़ित पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल व तलाश जारी है।

### कृषि विवि में स्वास्थ्य संसद-2024 का आयोजन 19 से

**अयोध्या।** 'स्वस्थ भारत' भगवान राम की नगरी अयोध्या में तीन दिनों के स्वास्थ्य संसद-2024 का आयोजन करने जा रहा है जो 19 जुलाई से शुरु होगा। यह आयोजन इस बार अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रांगण आयोजित किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य के कई आयामों पर गहन चिंतन होगा। इस बार का थीम अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा है।जानकारी के मुताबिक पहले दिन 19 जुलाई को विशेष सत्र में भारत में पैलिएटिव केयर इन इंडिया (प्रशामक देखभाल) पर चर्चा होगी।इसके बाद गीत संगीत का स्वास्थ्य पर प्रभाव की विशेष चर्चा होगी। शाम के समय संगीतमय राम संध्या में देश भर से आये कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन छह नीतिगत सत्र होंगे जिसमें अमृतकाल में उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य एवं कृषिगत विकास, भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा,ए.आई के दौर में भारतीय स्वास्थ्य इकोसिस्टम,स्वस्थ भारत के निर्माण में आयुष की भूमिका, स्वास्थ्य जागरूकता में मीडिया की भूमिका और स्वस्थ खेती स्वस्थ आहार,पोषण का आधार शामिल है।शाम के समय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें शेखर अस्तित्व, सरोज सुमन,डॉ, सागर, शंभु शिखर,भूमिका जैन,निखिल आनंद आदि का काव्य पाठ होगा। इसके बाद आगंतुक अतिथि नृत्य प्रस्तुति का रसास्वादन कर सकेंगे। वहीं दूसरी तरफ कार्यक्रम के अंतिम दिन नीतिगत सत्र में स्वस्थ भारत विकसित भारत के निर्माण में जनऔषधि,पोषण एवं आयुष्मान भारत की भूमिका पर विमर्श होगा।

# जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय प्लंबर और ऑपरेटर प्रशिक्षण संपन्न

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



आगा खान फाउंडेशन द्वारा विकास भवन सभागार में जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय प्लंबर और ऑपरेटर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 50 प्लंबर और ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्लंबरों को प्लंबर किट भी वितरित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत राज अधिकारी नितीश ने किया। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता अमित कुमार , स्वच्छ भारत मिशन के डीसी उद्धव राय,सहायक अभियंता आशीष, आर. एन सिंह, जल जीवन मिशन, आगा खान फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी जयराम पाठक उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्लंबर और ऑपरेटरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत आवश्यक तकनीकी ज्ञान और उपकरण प्रदान करना था, ताकि वे अपने क्षेत्रों में जल प्रबंधन और संरक्षण के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

आगा खान फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी जयराम पाठक ने इस अवसर पर कहा, ÷जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए समुदाय के हर स्तर पर तकनीकी दक्षता और संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी बल्कि समुदाय को भी स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न गतिविधियों और कार्यशालाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया।



### सरयू नदी का जलस्तर घटने के साथ बढ़ी मुसीबत

**रामनगर, बाराबंकी।** सरयू नदी के कहर से प्रभावित गांवों में घोर कठिनाईयों का दौर शुरु हो चुका है। तीन दिनों से लगातार बढ़ रहे नदी के जलस्तर में बुधवार से जैसे जैसे गिरावट दर्ज होने लगी बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां वैसे वैसे बढ़ने पूरी संभावना जताई जा रही है।पशुओं के लिये चारा पानी की तलाश और जगह जगह जलभराव से उत्पन्न वाली बीमारियों की समस्या से उन्हें जूझना पड़ेगा।मालूम हो कि सरयू नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से तराई क्षेत्र निवासियो में हडकम्प मच चुका था।बुधवार से नदी का जलस्तर घटने लगा है जो शाम के छः बजे खतरे के निशान से 47 सेमी ऊपर पर आ चुका था।जिससे लोगों में राहत की कुछ उम्मीद अवश्य जगी।लेकिन नष्ट हुई फसलें बरसीन घास चरी आदि के कारण मवेशियों की भूख मिटा पाने में भारी दुश्वारियो का सामना है।गंदगी और जगह जगह जलभराव संक्रामक बीमारियों का कारण बनेंगे।वही लोगों में पुनः नदी का जलस्तर कब बढ़ने लगे इस बात की चिंता सता रही है।तटबंध और ऊंचे स्थानो की तलाश कर मवेशियों को पहुंचाने में लगे हुये है।तहसील प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के लिये सुरक्षित स्थानों का चिन्हांकन कर उनकी हर समभव मदद में लगा हुआ है।

### आकाशीय बिजली गिरने से मकान में आई दरारें परिजन बाल-बाल बचे

**जगम्मनपुर ,जालौन।** बीती रात्रि अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज हवाओं के साथ तूफानी बारिश शुरू हो गयी तभी बादलों की गड़गड़ाहट के साथ मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से जहां, मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वही परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। हादसा इतना गंभीर था की छत के नीचे मजबूत पिलर को बीचों बीच से फाड़ कर बिजली जमीन के अंदर तक घुस गई जहां काफी बड़ा गड्ढा हो गया। परिवार के लोग सदमें में आ गये। बिजली गिरने की ड़गड़ाहट इतनी तेज थी। कुछ समय बाद आसपास के लोग पता करने लगे तभी अचानक चीख पुकार सुन देखते ही देखते लोगों का भारी हुजूंम इकट्ठा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार श्याम सुंदर पुत्र रामसनेही पाल निवासी बाराहीं थाना रामपुरा करीब रात नौ बजे रोज की भांति खाने के बाद सब सो गये थे कि अचानक बादलों में तेज गड गडाहट के साथ अचानक आकाशीय बिजली छत पर गिर पड़ी जिससे मकान के अंदर बने तीन कमरे की छतों के दो फाड हो गये लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

# अंडर ग्राउंड केबिल डालने के दौरान जलापूर्ति लाइन टूटी



**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

दूर संचार कम्पनी द्वारा जमीन के अंदर केबिल डालते समय जलापूर्ति लाईन टूट गयी जिससे मुन्ना फुलपावर चौराहा स्थित दयानन्द विद्यालय में पानी भर रहा है। विदित हो कि नगर में काफी दिनों से विभिन्न दूर संचार कम्पनियों द्वारा जमीन के अंदर लाईन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है जिसमे कम्पनियां उच्च तकनीक का इस्तेमाल करती है लेकिन फिर भी उनके इस कार्य से जल संस्थान की जलापूर्ति लाईन ध्वस्त हो जाती है जिससे जलभराव के साथ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था भी गड़बड़ हो जाती है हालांकि काफी दिनों से कम्पनी द्वारा कोई कार्य नही कराया जा रहा था लेकिन जैसे ही सोमवार रात मशीन ने अंडरग्राउंड खुदाई का काम शुरू किया तो दयानंद वाल विद्या मन्दिर के सामने पाईप लाईन टूट गयी और मंगलवार शाम उससे पानी की धार निकल पड़ी जो दयानंद बाल विद्या मंदिर के अंदर जा रही है।

प्रबन्धिका प्रीति जैटली के अनुसार जलापूर्ति लाईन टूटने की जानकारी उन्होंने जल संस्थान के जिम्मेदारों को दी थी जिसपर उसे दुरुस्त करने का अभियान शुरू किया गया।

# आरटीओ ने स्कूली वाहनों के संबंध में प्रधानाचार्यो संग की बैठक



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

- अनमोल है हर एक बच्चा, सबसे जरूरी सड़क सुरक्षाः ऋतु सिंह

मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के अनुपालन में प्रमुख सचिव परिवहन व परिवहन आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के जनपदों में स्कूली वाहनों की स्वस्थता जांच के सम्बन्ध में 08 जुलाई से 22 जुलाई तक स्कूल वाहनों को मानक के अनुरूप संचालन किये जाने हेतु अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इस क्रम में अयोध्या जनपद के सभी स्कूल प्रबन्धन/प्रधानाचार्य के साथ सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह द्वारा स्कूली वाहनों की फिटनेस समय से कराये जाने के सम्बन्ध में मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गयी। स्कूली वाहनों के अय व पच्छ भाग में विद्यालय बस लिखा जायेगा एवं दोनों पाश्र्व भागों में विद्यालय का नाम लिखा होना चाहिए।स्कूली वाहनों में दो किलोग्राम का बीआईएस मार्क का अग्निशमन यंत्र लगा होना चाहिए।वाहन के हार्न चालू हालत में हो,इण्डीकेटर एवं हैड एवं बैक लाइट एवं वाइपर सही होना चाहिए।

किसी मोटर यान का स्वामी या आपरेटर सार्वजनिक स्थान पर विद्यार्थियों को ले जाने के लिये परिवहन यान के रूप में किसी यान की तब तक प्रयोग नहीं करने देगा जब तक कि अधिनियम की धारा-74 के अधीन किसी शिक्षा संस्था द्वारा बस या ठेका गाड़ी परमिट के लिये उक्त अधिनियम की धारा-76 के अधीन परमिट जारी न कर दिया जाये। इसलिए सभी नियम पालन करें। बैठक में प्रबंधकों से भी सुझाव पर भी चर्चा हुई।बैठक में बड़ी संख्या में प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य के अलावा आरटीओ आफिस के अधिकारियों कर्मचारी मौजूद रहे।

### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम ADESH KUMAR दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम ADESH KUMAR MISHRA है। ADESH KUMAR MISHRA S/O JC No. 483271F NB SUB Arun Kumar R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Sarayatal, Post Garhita, Teh & Distt. Etawah, Pin-206131

### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम ASHISH KUMAR दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम ASHISH KUMAR MISHRA है। ASHISH KUMAR MISHRA S/O JC No. 483271F NB SUB Arun Kumar R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Sarayatal, Post Garhita, Teh & Distt. Etawah, Pin-206131

### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम BHOOPENDRA MAHTO दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम BHOOPENDAR MAHTO है। BHOOPENDAR MAHTO S/O Army No-2997687Y HAV Kailash Mahto R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Hari Nagar, Post-Tatisilwai, Distt. Ranchi, (Jharkhand ) Pin-835103

### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम SENU दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का वास्तविक नाम SENU DEVI है। SENU DEVI W/O Army No-2997687Y HAV Kailash Mahto R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Hari Nagar, Post-Tatisilwai, Distt. Ranchi, (Jharkhand) Pin-835103

# 99 नव चयनित लेखपालों को बांटे नियुक्ति पत्र



**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित नव नियुक्त लेखपालों को नियुक्त पत्र का वितरण लखनऊ में किया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कुल 7720 लेखपालों का चयन किया गया है। इसी क्रम में जालौन में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा लेखपाल नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया। सांसद नारायण दास अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान ने नवनियुक्त कुल 99 लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने जनपद में नव नियुक्त सभी लेखपालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी, नवनियुक्त लेखपालों से अपेक्षा की कि आपको सौंप गए कार्यो में आप खरे उतरेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुराग ने नवनियुक्ति लेखपालों का नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर कहा कि आज जनपद में 99 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। अपने योग्यता के बल पर इस स्थान को प्राप्त किये है।

### तीसरी मोहर्रम को हर तरफ़ से गूंज रही या हुसैन या हुसैन की सदाएं

**बाराबंकी।** अपनी दुनियां व आख़ेरत को कामयाब बनाएं, तालीमात ए अहले बैते रसूल अपनाएं। ईमान और उसके तक़ाज़े के उनवान से ज़िक्र करते हुए यह बात इमाम बाड़ा मीर मासूम अली कटरा मे असरे की तीसरी मजलिस को ख़िताब करते हुए आली जनाब मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने कही। मौलाना ने यह भी कहा कि अम्न चाहते हो तोअपने फैसले हैदरी मिजाज़ से करो,निस्वां मिजाज़ से नहीं। मजलिस से पहले बाक़र नक़वी, हुज़ैफ़ा व ज़ाकिर इमाम ने नज़रान, अक़ीदत पेश किए। मजलिस का आग़ाज तिलावत कलाम ए पाक से मो0 इसहाक अली मियां ने किया।

# बाइक चालक की वाहन में फंसने से हुई मौत

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

बाइक से आलू का बोरा लेकर जा रहे युवक का बोरा ओवरटेक करते समय असंतुलित बाइक समेत बाइक चालक दुकानदार सड़क पर गिर गया जिससे सिर में चोट आने की वजह से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरसा दोगढ़ी निवासी मनीष कुमार वर्मा (26) पुत्र स्व. उमाचरण वर्मा गांव में ही परचून की दुकान किए था। परचून की दुकान पर ही वह सब्जी भी बेचता था। दुकान पर आलू खत्म होने पर वह बुधवार की सुबह वह बाइक से जालौन स्थित थोक सब्जी मंडी से आलू खरीदने के लिए आया था। आलू खरीदकर उसने बोरा बाइक पर पीछे बांध लिया और गांव पहुंच गया। बोरा खोलने पर उसने देखा कि आलू का साइज बहुत छोटा है तो वह तुरंत ही उसे वापस करने के लिए जालौन लौट आया।

वापसी में जब वह छहपुला के पास पहुंचा तभी उसने आगे चल रहे किसी वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एसएसआई शीलवंत सिंह मौके पर पहुंच गए और पत्नी कुसमा देवी को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार शाम सड़क दुर्घटना में घायल हुए बाइक सवार की बुधवार को मृत्यु हो गई। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। घटनाक्रम के अनुसार नगर के मुहल्ला कागजीपुरा निवासी करन(40वर्ष)पुत्र सत्यनरायण मंगलवार शाम अपनी बाइक द्वारा जोल्हूपुर से कालपी के मुहल्ला कागजीपुरा स्थित घर लौट रहा था जैसे ही वह अमलतास तिराहे पर हाइवे क्रास करने लगा उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज उरई भेजा था।

# नवचयनित लेखपाल जिम्मेदारी से करें कर्तव्यों का निर्वाहन: रजनी तिवारी

- नवचयनित 47 लेखपालों में 35 महिला व 12 पुरुष का हुआ चयन
- सभी नवचयनित लेखपालों को राज्यमंत्री ने दिए नियुक्ति पत्र


नवचयनित महिला लेखपाल को नियुक्ति पत्र देती प्रदेश राज्यमंत्री रजनी तिवारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश की राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग/ जनपद प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की आयोजित बैठक के दौरान नवचयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होनें कहा कि जनपद में नवचयनित 47 लेखपालों में 35 महिला लेखपाल एवं 12 पुरूष लेखपालों का चयन हुआ है। यह बहुत गर्व की बात है। सभी नवचयनित लेखपाल पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करेगें। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने आयोजित बैठक के दौरान कहा कि सभी स्कूलों में बाउण्ड्रीवाल एंव पेयजल व शौचालय, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। 4 राजकीय, माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा है। 13 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पाइप पेयजल हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है। 3 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों व 3 सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जर्जर भवनों के पुर्ननिर्माण तथा अवस्थापना सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु सहयोगी अनुदान योजना के अन्तर्गत विभाग/ शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है। फार्मर रजिस्ट्री योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा कृषकों का विवरण तैयार कर डिजिटल इन्फ्रस्ट्रक्चर में संकलित किया जायेगा। इससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा। उन्होनें मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

उन्होनें पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को पकड़ने की कार्यवाही की जाएं। गौशालाओं की देख-रेख अच्छे से होनी चाहिए। कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान जिन सड़कों की खुदाई करायी गई है। उनकी मरम्मत का कार्य भी कराया जाये। विद्युत विभाग के सभी अधिकारी फोन अवश्य उठाये, तथा विद्युत से संबंधित समस्याओं का निस्तारण त्वरित करें। खराब ट्रांसफार्मर 24 घण्टे के अन्दर बदल जाना चाहिए।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, जिलाधिकारी शुभांत शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें बीड़ी श्रमिकों के बच्चे: डॉ. मुकेश गोला

- बीडी श्रमिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी नें दी जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को श्रम कल्याण संगठन द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। श्रम कल्याण संगठन द्वारा कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। बुधवार को यह जानकारी देते हुए गुरसहायगंज के बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार गोला ने बताया कि बीड़ी श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति हेतु नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है।


जानकारी देते चिकित्साधिकारी डा. मुकेश गोला।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रवृत्ति आवेदन के साथ बीड़ी श्रमिक को अपने परिचय पत्र की छाया प्रति लगाना अनिवार्य है। इसी के साथ उन्होंने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल तक के छात्रों के आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त एवं इंटर से लेकर उच्च कक्षाओं तक के छात्रों के आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है।

## महिला ने लेखपाल पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के नथापुर्वा गांव में खेत की पैमाइश करने गए लेखपाल ने एक महिला से मारपीट कर दी। महिला ने तिर्वा कोतवाली में लेखपाल के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग रखी है। नथापुर्वा गांव निवासी शकुन्तला पत्नी रावेन्द्र ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मंगलवार को क्षेत्रीय लेखपाल हिमांशू पाण्डेय व अजय साईं उसके पड़ोसी बन्टू के खेत की पैमाइश करने गए थे। पैमाइश के दौरान लेखपाल ने उसके खेत में खूंटी लगा दी। जब उसने विरोध किया, तो उक्त लेखपाल हिमांशू पाण्डेय ने उसके साथ मारपीट कर दी। विपक्षी बन्टू भी मारपीट पर आमादा हो गए। धमकी दी कि तुमको जान से मार देगें। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## डीसीएम में खुशी पिकअप चालक की मौत

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर चौकी के अंतर्गत करमुल्लापुर के पास एनएच- 34 पर तेज रफ्तार पिकप होने के कारण पीछे डीसीएम में जा घुसी जिसमें पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया पिकअप में लिखे मोबाइल नंबर से जानकारी करने पर बताया की सुनील पुत्र तेजपाल लखनपुरा जनपद बहराइच का निवासी पिकअप चालक जो कीर्ति नगर दिल्ली से गाड़ी लोड कर प्रयागराज जा रहा था तभी प्रेमपुर चौकी के अंतर्गत करमुल्लापुर के पास एन एच 34 पर नींद आने के कारण अंदेशा जताया जा रहा है पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर प्रेमपुर चौकी पर खड़ा करा दिया और शव को सौ सैयां अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया परिजनों को सूचना दे दी गई।

# पुलिस ने स्विमिंग पूल काण्ड के वांछित को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिनों पूर्व स्वीमिंग पूल में नहाने के विवाद को लेकर हुए लडाई झगडे जिसमें इलाज के दौरान एक युवक की मृत्यु हुई थी, के प्रकरण में बुधवार को कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु गस्त दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक दुबे नें हमराह सिपाहियों सतेन्द्र सिंह व विनय कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुवह मारपीट व हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गौतम शर्मा उर्फगौतम जोशी पुत्र स्व. जागेश्वर प्रसाद शर्मा निवासी मोहल्ला मुजाहिदनगर सर्विस रोड कस्बा को ग्राम नंगापुर्वा रोड स्थित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। प्रीाारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे नें बताया कि उपरोक्त मुकदमें में अभी तक कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शीघ्र ही अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।


पुलिस हिरासत में मौजूद वांछित।

कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्त को पुलिस सुरक्षा में न्यायालय भेजा गया है।

# किसान 12 तारीख को जाएंगे दिल्ली, धरना प्रदर्शन में होंगे शामिल



**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर एक बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जिला महासचिव जयप्रकाश सिंह के आवास बहबलपुर में हुई कई महीनो से शाहदरा 143 में किसान की जमीन को लेकर धरना प्रदर्शन चल रहा है। उसको लेकर दिल्ली रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास का घीराओ करने की तैयारी की जा रही है दिनांक 12/07/24 को सभी जिला अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ 500 कारकर्ताओ के साथ रवाना होंगे प्रदेश अध्यक्ष कन्नौज टीम के साथ सुबह 7 बजे अपने पूरे दलबल के साथ नवीगंज टोल प्लाजा पर एकत्र होकर निकलेंगे इस मौक,प्रदेश सचिव विजेंद्र यादव,मंडल सचिव कालीचरण जी,रामबाबू जी,प्रदेश अध्यक्ष युवा इंजी सौरव यादव,जिला अध्यक्ष कन्नौज प्रताप सिंह, विनित यादव,राजन यादव,देवेंद्र सिंह,श्यामवीर सिंह जयप्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुत्री का रिश्ता तोड़ने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिर्वा।** पुत्री की शादी का रिश्ता तोड़ने व उलाहना देने पर जाति सूचक गालियां देने व मारपीट करने के मामले में ठठिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ठठिया थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी बलवीर दोहरे ने लुंजीपुर गांव निवासी अमित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसने अपनी पुत्री का विवाह औरैया जनपद के दिबियापुर में तय किया था। उक्त अमित ने उसकी पुत्री की होने वाली ससुराल में जाकर उसके दामाद को अनर्गल बातें बता दी। जिससे उसकी पुत्री का रिश्ता टूट गया। जब वह विरोध करने उसके घर गया, तो उक्त अमित ने उसे जाति सूचक गालियां दी और मारपीट कर भगा दिया। मामले ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर एससी एसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### एसपी ने दो निरीक्षक व ग्यारह उपनिरीक्षकों की थानों में की तैनाती


पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने दो निरीक्षक व ग्यारह उपनिरीक्षकों सहित आरक्षियों व कम्प्यूटर आपरेटरों की विभिन्न थानों में तैनाती की है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने निरीक्षक कामता प्रसाद को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना नवाबगंज, निरीक्षक लक्ष्मी नरायन पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना कम्पिल, उप निरीक्षक चंद्रप्रकाश को पुलिस लाइन से थाना राजेपुर, उप निरीक्षक कुंवरवीर सिंह को पुलिस लाइन से थाना जहानगंज, उप निरीक्षक वीर सिह यादव थाना शमशाबाद, उप निरीक्षक उदय करण सिंह थाना कमालगंज, उदय सिंह थाना राजेपुर, विवेक कुमार थाना कादरीगेट, उ0नि0 जितेंद्र कुमार कोतवाली फर्रुखाबाद, जयंत फौजदार कादरीगेट, उ0नि0 अखिलेश कुमार कोतवाली फतेहगढ़ उ0नि0 अनुभव चौधरी थाना शमशाबाद, उ0नि0 अमित कुमार शुक्ला पुलिस लाइन से थाना मेरापुर स्थानान्तरित किये गये। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मुख्य आरक्षी, आरक्षी, कम्प्यूटर आपरेटर सहित 74 लोगों को विभिन्न थानों, यातायात शाखा, चुनाव कार्यालय, जोनल रिजर्व पुलिस लाइन आदि में तैनाती की है।

# हरे पीले वस्त्रों में बच्चों ने उठाया मैंगो डे का लुत्फ

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में मैंगो डे का आयोजन किया गया। हरे पीले वस्त्रों में नन्हे मुन्ने बच्चों ने फलों के राजा आम का रूप धारण कर मैंगो डे का लुत्फ उठाया विद्यालय परिवार को हरे व पीले रंग के आम के कट आउट और गुब्बारों से सुसज्जित किया गया। प्री प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे मुन्ने बच्चे और अध्यापिकाएं हरे व पीले रंग के वस्त्रों में सुसज्जित होकर कार्यक्रम में आई।




विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने बच्चों को आम के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए कहा कि आम में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो एंटी कैंसर एजेंट के रूप में काम कर सकते हैं। आम विटामिन सी से भरपूर होते हैं। कच्चे आम में फाइबर भी प्रचुर मात्रा में आम का प्रयोग लोग अपने दैनिक जीवन में कई प्रकार से करते हैं ,जैसे -आम का अचार, आम का जैम और मैंगो शेक के रूप में प्रयोग करते हैं। इस तरह बच्चों को आम की उपज ,रूप ,रंग व स्वाद के बारे में भी जानकारियां प्रदान की गई। नौनिहालों के द्वारा आम का स्टिक पेपर बनाया गया तथा आम के स्वाद का भी आनंद लिया गया। साथ ही एनीमेटेड मूवी व डांस का भी आनंद उठाया। कई प्रकार के खेलों का भी आयोजन कराया गया। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती विभा रानी सक्सेना ने बच्चों को फल व सब्जियां प्रतिदिन खाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने कहा कि छोटी उम्र में ही नेत्रों की क्षमता कम होना ,रोग प्रतिरोधी शक्ति का कम होना, बहुत ही चिंताजनक विषय है। जिस पीढ़ी के कंधे पर देश का भार है तथा भविष्य का उत्तरदायित्व है ,वह तभी पूर्णतः स्वस्थ व शक्तिशाली बनेगी ,जब विटामिन ,खनिज ,फाइबर व फैट आदि सभी तत्व पर्याप्त मात्रा में शरीर के अंदर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संस्था के बच्चे फल व सब्जियां खाने में रुचि लेने लगे हैं ,जो की निसंदेह एक बड़ी सफलता है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्री प्राइमरी टीचर्स वंशिका, प्रियांशी ,नेहा ,गुंजन ,दिव्या द्वारा किया गया।

# लेखपाल की दबंगई के आगे फीका पड़ा डीएम का रसूक

- दबंग लेखपाल कर रहा न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

बात तहसील छिबरामऊ की ग्राम पंचायत तालग्राम देहात में तैनात दबंग लेखपाल हरि नारायण की है जिनके द्वारा न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन किया गया, न्यायालय के यथास्थित के आदेश के बावजूद भी क्षेत्र में अवैध रूप से पैमाइश कर कब्जा कराए गए, असंक्रमणीय भूमि की यथास्थिति के आदेश के बावजूद दबंगई में भूमिधर की रिपोर्ट लगाई गई। यहां तक लेखपाल के दबंगई के आगे भारत सरकार के पीडब्लूडी विभाग को भी नतमस्तक होना पड़ा है आपको बता दें कि लेखपाल हरीनारायण द्वारा पीडब्लूडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सरकारी भूमि को भी लोगों से साठगांठ कर कब्जा करा दिया गया। जबकि न्यायालय द्वारा पूर्व में ही क्षेत्र में यथास्थिति कायम रखने का आदेश पारित किया है। लेखपाल के उक्त भ्रष्टाचारों व अवैधानिक कार्यों की जिलाधिकारी महोदय से साक्ष्यों के साथ शिकायत की गई परंतु लेखपाल लेखपाल की दबंगई के कारण जिलाधिकारी कार्यवाही करने से डरते व बचते नजर आ रहे हैं।

सैकड़ो साक्ष्य सहित शिकायतों के बावजूद जिलाधिकारी महोदय लेखपाल पर कार्रवाई की तो दूर की बात जनपद में हाल ही में हुए दर्जनों लेखपालों के तबादलों तक में हरि नारायण का नाम ढूंढने पर भी नहीं दिखा जिससे इस बात का संदेह और भी बढ़ गया है कि लेखपाल हरिनारायण के भ्रष्टाचारों व दबंगई के आगे जिलाधिकारी का पद व रसूक कमजोर व छोटा नजर आ रहा है।

# विवाहिता की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

- भाई की तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में विवाहिता ने तोड़ा था दम

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

ठठिया थाना क्षेत्र के बहसोरा गांव में मंगलवार को विवाहिता की हुई मौत के मामले में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मृतका के भाई ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रंगियनपुर्वा गांव निवासी बृजेश दोहरे ने ठठिया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसने अपनी बहन नीलम पुत्री शिवप्रसाद का विवाह 12 जून 2023 को ठठिया थाना क्षेत्र के बहसोरा गांव निवासी मिलन पुत्र छम्मीलाल के साथ किया था। विवाह में काफी दान-दहेज भी दिया था।



विवाह के कुछ समय बाद से ही उक्त ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसकी बहन का उत्पीड़न करते थे। मंगलवार को ससुरालीजनों ने उसकी बहन की हत्या कर दी। मृतका के भाई ने पति मिलन, ससुर छककीलाल, सास रमांकाति, देवर पवन, जेठ चन्द्रपाल के खिलाफ बहन की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष अरूण कुमार चैधरी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# 28वीं अंतर्जनपदीय कानपुर जोन की पुलिस खेलकूद प्रतियोगितायें शुरु

- बॉक्सिंग में फतेहगढ़ के नितिन प्रथम, इटावा के अभिषेक द्वितीय रहे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में 28वी अंतर्जनपदीय कानपुर जोन कानपुर की पुलिस कुश्ती क्लस्टर (पुरुष/महिला) कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता में पुलिस जोन कानपुर के 09 जिलों फर्रूखाबाद, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, औरैया, ललितपुर, जालौन व झाँसी द्वारा भाग लिया जा रहा है। इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी पुलिस खिलाड़ियों का हौसलाआफजाई किया और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, जिला क्रीड़ाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिलाधिकारी व मौजूद पुलिस अधीक्षक

प्रतियोगिताओं के इसी क्रम में बॉक्सिंग पुरुष में 71 किलो भार वर्ग में नितिन शर्मा फतेहगढ़ प्रथम, इटावा के विकास कुमार द्वितीय, 75 किलो भार वर्ग में इटावा के अभिषेक शर्मा प्रथम, शुभम सारन द्वितीय, 80 किलो भार वर्ग में सौरभ इटावा प्रथम, नितिन कानपुर देहात द्वितीय, 86 किलो भार वर्ग में हिमांशु यादव इटावा प्रथम, अवनीश कानपुर नगर द्वितीय, 92 किलो भार वर्ग में भूपेन्द्र कानपुर देहात प्रथम, रवीन्द्र चौधरी इटावा द्वितीय, 92 किलो प्लस भार वर्ग में पंकज जालौन प्रथम, कृष्ण कुमार इटावा द्वितीय स्थान पर रहे। बॉक्सिंग महिला 48 किलो भार वर्ग में साक्षी यादव इटावा प्रथम, काजोल कानपुर देहात द्वितीय, 50किलो भार वर्ग में कृष्णा जालौन प्रथम, रितु गुप्ता द्वितीय, 52 किलो भार वर्ग में बबली कानपुर प्रथम, पूजा नागर कानपुर नगर द्वितीय, 57 किलो भार वर्ग में प्रियंका कानपुर नगर प्रथम, सुनैना इटावा द्वितीय, 60 किलो भार वर्ग में दीपक इटावा प्रथम, अंजली कानपुर देहात द्वितीय, 63 किलो भार वर्ग में सरिता सागर झांसी प्रथम, कामिनी कन्नौज द्वितीय, 70 किलो भार वर्ग में सोनल चौधरी कानपुर देहात प्रथम, बबली कानपुर देहात द्वितीय, 75 किलो भार वर्ग में शैली त्यागी इटावा प्रथम, अन्नू यादव इटावा द्वितीय स्थान पर रही। बाडी बिल्डिंग 60 किलो भार वर्ग में राजकमल कानपुर देहात प्रथम, 70 किलो भार वर्ग में भूपेन्द्र सिंह फतेहगढ़ प्रथम, 75 किलो भार वर्ग में कुशल सिंह कानपुर देहात प्रथम, शुभम सरन इटावा द्वितीय, 80 किलो भार वर्ग में अमरदीप जालौन प्रथम, अभय शुक्ला इटावा द्वितीय, अर्चित कुमार कन्नौज तृतीय, 90 किलो भार वर्ग में पंकज फतेहगढ़ प्रथम, शोभित फतेहगढ़ प्रथम, 100 किलो भार वर्ग में अमित मलिक कन्नौज प्रथम स्थान पर रहे।

# सावन मेला में गंगा घाट पर सभी तैयारियां की जाए सुनिश्चित : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी त्यौहार आषाढ़ी पूर्णिमा, सावन के सोमवार एवं कावड़ यात्रा आदि पर्वों के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बैठक संपन्न हुई।



जिलाधिकारी ने कहा कि सावन के सोमवार/ सावन मेला के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाट पर स्नान करने आते हैं। सभी तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित की जाए। जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना होने पाए। मेहंदी घाट/गंगा ब्रिज में प्रकाश की व्यवस्था पूर्ण रूप से होनी चाहिए, प्रकाश हेतु जनरेटर की व्यवस्था भी कर ली जाए, जिससे लाइट जाने पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो। एनएचआई को निर्देश दिए कि गंगा ब्रिज क्रॉस होने पर रोड का घुमाव अधिक है। जिसके जानकारी हेतु साइन बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेहंदी घाट पर बैरिकेटिंग कराई जाए और दूरी निश्चित की जाए जिससे श्रद्धालु आसानी से गंगा स्नान कर सके। नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पर पेयजल और प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की शौचालयों की साफ सफाई पूर्ण रूप से होनी चाहिए। मेडिकल कैंप भी लगाए जाएं, जिसमें सभी प्रकार की दवाएं सुनिश्चित होना चाहिए। श्रद्धालुओं/यात्रियों के लिए विश्राम करने हेतु जगह का चिन्हांकन कर सभी व्यवस्थाएं की जाए। उन्होंने परिवहन विभाग और पुलिस यातायात को निर्देश दिए की बड़े वाहनों का रूट निर्धारित करें। रूट के अनुसार ही वाहनों का आवागमन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जलेसर घाट में ग्राम पंचायत और सिंचाई विभाग के सहयोग से परमानेंट बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाए। प्रकाश की व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालय आदि सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौरी शंकर मंदिर,अन्नपूर्णा मंदिर, दौलेश्वर मंदिर तिर्वा, गंगेश्वर नाथ मंदिर छिबरामऊ आदि मंदिरों के सड़कों की साफ सफाई पूर्ण रूप से होना चाहिए। रास्तों में अंधेरा नहीं होना चाहिए, जनरेटर की व्यवस्था पूर्व में ही कर ली जाए।

सड़को में यदि किसी प्रकार के गड्डे हैं तो उन्हें समय रहते ठीक किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए की कावड़ यात्रा और मोहर्रम यात्रा जिस रूट से निकलेगी वहां लूज केबल/तारों को ठीक कराया जाए।

# युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सिलसिले आसनाई युवती को गांव का ही एक युवक अपने साथी के सहयोग से कहीं बहला फुसला कर भगा ले गया। युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत मंगलवार की शाम 05 बजे सकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव का ही सुमित अपने साथी रानू के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। युवती की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।





# ई-रिक्शा चालक भूमिहीन मजदूर यूनियन ने डीएम को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शा चालक भारतीय भूमिहीन मजदूर यूनियन ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ई-रिक्शा चालकों से हो रही अवैध वसूली को रोके जाने की मांग की गयी है।

ई-रिक्शा चालक भारतीय भूमिहीन मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बाजिद अली उर्फ राका भाई मंसूरी के नेतृत्व में ई-रिक्शा चालकों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे मांग की गई कि कायमगंज रेलवे स्टेशन के वाहर वाहन स्टैण्ड ठेकेदार व उसके गुर्गो द्वारा जीआरपी व आरपीएफ पुलिस की सांठ-गांठ के चलते जबरिया दबंगई दिखाकर ई-रिक्शाचालकों से 30 से लेकर 50 रूपये की अवैध वसूली हो रही है। विरोध करने पर ई-रिक्शा चालकों के साथ मारपीट की जाती है। वाहन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

ठेकेदार पर अंकुश लगाकर अवैध वसूली बन्द करायी जाए। अगर अवैध वसूली ऐसे ही होती रही, तो यूनियन के लोग आंदोलन के लिए विवश हो जाएंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष साजिद अली उर्फ राका ने कहा कि 8 दिन का समय दिया गया है। अगर 8 दिन के बाद अवैध वसूली बंद नहीं हुई, तो वह लोग आंदोलन/अनशन करने के लिए विवश हो जाएंगे। दूसरी तरफ नगर की शराब दुकान पर सुबह से ही बिक्री शुरू हो जाती है। जिसमें सेल्समैन पुलिया पर बैठकर शराब अधिक मूल्यों पर बेच रहे हैं। शराब सभी बुराइयों की जड़ है। प्रदेश में शराब पूरी तरह से बंद कराई जाए। स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा पार्किंग स्टैंड पर ई-रिक्शा खड़े करने की अनुमति दी जाए एवं चार्जिंग व्यवस्था भी कराई जाए। समस्त भूमिहीन मजदूर ई-रिक्शा चार पहिया बड़े वाहन चालक और शादी विवाह में काम करने वाले मजदूर एवं भवन निर्माण करने वाले एवं खेतों में काम करने वाले, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले मजदूर, तंबाकू गोदाम में तथा कोल्ड स्टोरेज में, मंडी समितियों में, बीड़ी मजदूर, टायर पंचर वाले, रेहड़ी, फुटपाथ पर बैठे मोची समुदाय के लोग, घरेलू कामकाज महिलाएं एवं रेलवे स्टेशन पर कुली का कार्य करने वाले वितरक सभी मजदूर हैं। इस मौके पर रवि शंकर, नूर मोहम्मद, गजेंद्र, नदीम, आशीष, राजू, गुलशन, कुलदीप, छोटे, विनोद सक्सेना, रामवीर, आवेग, बबलू, शकीरा, आरिफ, नरेंद्र आदि आदि बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## उपनिरीक्षक सहित तीन लोगों के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम बसेली निवासिनी ममता पांडेय पत्नी विनय कुमार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें बताया कि 15 मई 2024 को मेरे पति घर पर नहीं थे। समय करीब 7 बजे विमलेश पुत्र छोटेलाल यादव निवासी सिलाह व एक अज्ञात व्यक्ति घर पर आए और मेरे साथ मारपीट की। डरा धमकाकर घर में बक्से में रखे 83 हजार रुपये निकाल ले गए। जो कि रूपये मेरी पुत्री के पैर के इलाज के लिए रखे थे। जब घटना की रिपोर्ट अपने पति विनय के साथ थाना नबाबगंज पर लिखाने गयी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। घर पर दरोगा गिरीशचंद्र आये और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे तथा कहा अपना प्रार्थना पत्र वापस ले लो तुम्हारा तथा तेरे पति का अंजाम बहुत बुरा होगा। जिस पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

# नव चयनित लेखपालों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में नव चयनित लेखपालों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र राठौर, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि गंगवार, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता व जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह द्वारा नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये।

उप्र अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा चयनित कर जनपद में 49 लेखपालों की नियुक्ति की गई है। जिसमें से आज 39 लेखपालों को नियुक्ति पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा



नियुक्ति पत्र के साथ लेखपाल

वितरित किये गये। नवनियुक्त लेखपालों में से 25 की तैनाती कायमगंज, 10 की तैनाती फर्रुखाबाद सदर व 04 की तैनाती अमृतपुर तहसील में की गई है। जनप्रतिनिधियों ने सभी नवनियुक्त लेखपालों से मेहनत एवं ईमानदारी से बिना किसी भेदभाव के कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन में वितरित किये जा रहे नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नवनियुक्त लेखपालों द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा नेता सहित पांच के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जबरियन मकान पर कब्जा करने व जाति सूचक गालियां देने के मामले में सपा नेता सहित पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई। थाना मऊदरवाजा के हैवतपुर गढ़िया निवासी सत्येंद्र कुमार जाटव पुत्र पातीराम ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि उसने एक अनुबंध पत्र 20 अगस्त 2022 को राघव दत्त मिश्रा पुत्र प्रभुदत्त मिश्रा निवासी बजरिया शालिग्राम थाना मऊदरवाजा से किया था। जिसे उन लोगों ने प्रार्थी को पढ़ने नहीं दिया और राघव दत्त मिश्रा के अधिवक्ता द्वारा अनुबंध पत्र को लिख लिया गया। जिसमें प्रार्थी ने 3 लाख प्राप्त किए थे, जबकि राघव दत्त मिश्र ने चार लाख 80 हजार रुपए लिखवा दिए जो गलत है और मेरी जाति को भी छुपा दिया, जबकि मैं अनुसूचित जाति का हूं। 2 लाख 50 हजार मैंने राघव दत्त मिश्र को किस्तों में वापस कर दिए। शेष 50 हजार रुपया उनका रह गया है। बकाया रुपयों की मैने व्यवस्था कर ली और राघव मिश्रा से कहा कि अपना रुपया ले लो और अनुबंध पत्र खारिज करवा दो तो राघव दत्त मिश्रा टाल मटोल करते रहे और मेरे मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। 29 जून 2024 को समय 4: 30 पर राघव दत्त मिश्रा, गौरव सक्सेना पुत्र नामालूम बजरिया थाना मऊदरवाजा दो-तीन अज्ञात व्यक्ति के साथ घर पर आए और मेरी पत्नी सरोजिनी को जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि सत्येंद को आज जान से मार देंगे। घर पर कब्जा कर लेंगे और धक्का देकर घर के अंदर घुस गए। मैं दौड़ कर आया तो देखा कि मेरी पत्नी जमीन पर पड़ी थी और वह लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।

मैंने इसका विरोध किया तो राघव दत्त मिश्रा कहने लगे कि अनुपम दुबे जेल से बाहर होते तो तेरी लाश पड़ी होती और मकान मेरा होता। इन लोगों के पास नाजायज असलाह थे जिससे मैं काफी घबरा गया। मौके पर उमेश ठाकुर अन्य लोग आ गए जिन्हें देखकर यह लोग भाग गए। दौरान ऐलानियां धमकी देकर गये कि तेरे 6 वर्षीय पुत्र को स्कूल भेजा तो गायब कर देंगे और तू मकान फिर अपने आप कर देगा। इस दौरान मेरे मकान के मूल दस्तावेज भी छीन ले गए। इन लोगों के भय के कारण मैं अपने पुत्र को स्कूल नहीं भेज रहा हूं। राघव दत्त मिश्रा समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष है और दबंग किस्म के व्यक्ति है। थाने पर गए, लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# सड़क के किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड के किनारे अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड पर ठंडी कुइयां के पास फुटपाथ पर एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त राकेश कुमार कटियार (45) निवासी ग्राम किसरोली थाना शमशाबाद के रूप में की। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बिलख-बिलख कर रोने लगे। मृतक राकेश कुमार कटियार की पत्नी ममता, पुत्र रिशू उम्र लगभग 22 वर्ष व साजन उम्र लगभग 18 वर्ष बतायी जा रही है। मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान थे। पूरा शरीर खून से सना था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक शराब पीने का आदी था।

अधिक शराब पीने के कारण उसका अपनी पत्नी से आये दिन विवाद होता रहता था। बीती शाम भी पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। जिस पर पति घर से भाग गया था। मृतक मूल रुप से चॉदपुर का रहने वाला है। मृतक चॉदपुर में अपनी जमीन भी बेच चुका है। वहीं लोगों का कहना है कि शराब के नशे में किसी वाहन से टकराकर उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बाइक दुर्घटना में युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** घर से बाहर खाने और कमाने के लिए गए युवक की घर वापस आते समय बाइक दुर्घटना में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम हरसिंहपुर निवासी 28 वर्षीय प्रभुदत्त द्विवेदी पुत्र शंभू रतन दिल्ली में पंडिताई एवं गार्ड की नौकरी करता था। बीते दिवस वह दिल्ली से सुबह 4 बजे बाइक द्वारा 18 वर्षीय निखिल के साथ वापस अपने गांव आ रहा था। थाना रजपुरा जिला संभल के पास बाईक और पिकअप में टक्कर हो गई। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी और उसकी मौत हो गई। साथ में बैठे निखिल के गंभीर चोटें आयीं जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और थाना अमृतपुर में सूचना देकर उसके परिजनों को अवगत कराया। परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी डेडबॉडी को देर रात घर ले आए। घर आने पर माता बिरना देवी, भाई रिंकू, बीनूस सचिन व बहन कंचन का रो–रोकर बुरा हाल था। मृतक की शादी नहीं हुई थी। सूचना मिलने पर गांव व पास पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुभनापुर थाना अमृतपुर निवासी 35 वर्षीय अनेश पुत्र ब्रिज बिहारी अपने साथी कन्हैया के साथ बाइक द्वारा फर्रुखाबाद अस्पताल में भर्ती अपने भाई को देखने गया था। देर रात वापस आते समय कुतलूपुर आईटीआई के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे अनेश का सर फट गया और उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठे कन्हैया के गंभीर चोटें आयीं। वहां से निकल रहे

> हेलमेट होता तो बच सकती थी मृतक की जान

लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजेपुर थाने की पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस द्वारा राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर मौजूद डॉक्टर ने अनेश को मृत घोषित कर दिया और घायल साथी को बेहतर इलाज के लिए लोहिया रेफर कर दिया। लोगों का कहना था कि अगर मृतक हेलमेट लगाए होता तो सर में चोट नहीं आती और जिंदगी बच सकती थी। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरा। पत्नी किरण एवं उसके तीन बच्चे जिसमें 10 वर्षीय जाह्नवी, 12 वर्षीय अमन एवं 7 वर्षीय रमन व माता देवश्री का रो-रोकर बुरा हाल था।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए किया जागरुक




जागरुकता अभियान चलाते नगर पंचायत के कर्मचारी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत द्वारा सिंगल प्लास्टिक यूज से मुक्त करने हेतु महाजागरुकता अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर पंचायत द्वारा सिंगल प्लास्टिक यूज से मुक्त करने हेतु नगर पंचायत शमशाबाद के कर्मचारियों द्वारा नगर में महा अभियान चलाकर आम जन मानस को जागरुक किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत कार्यालय से हुआ। इसके बाद थाना चौराहा होते हुए नगर के मुख्य बाजार में जागरूप किया गया। प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक ग्लास, चम्मच, कांटे, प्लास्टिक स्टिक, किसी प्रकार की सजावट के लिए प्लास्टिक की सामग्री का प्रयोग नहीं करें और दुकानदार भाइयों को जगरूप किया गया आप पन्नी का प्रयोग नहीं करें। यदि कोई पन्नी का उपयोग करते पाया जायेगा, तो उस पर कार्यवाही की जायेगी और जुर्माना भी लगेगा। इस अभियान में नगर पंचायत के एक दर्जन के लगभग कर्मचारी साथ में चल रहे थे।

## कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय द्वारा बार–बार जारी आदेशिकाओं को संबंधि थाना पुलिस द्वारा आदेशिकाएं तामीला अथवा बिना तामीला इस न्यायालय को प्रेषित नहीं की गई। अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिये है। पुलिस अधीक्षक को तामीला के संबंध में पत्र निर्गत किय जाये। सुनवाई के लिए २० जुलाई की तिथि नियत की गई है।

राज्य बनाम किशन पाल के मामले में किशन पाल जिला कारागार में है। साक्ष्य हेतु न्यायालय के समक्ष उपस्थित कराये जाने हेतु न्यायालय द्वारा बार–बार आदेशिकाएं जारी की जा रही है, किन्तु संबंधित थाना पुलिस आदेशिकाएं तामीला अथवा बिना तामीला इस न्यायालय को प्रेषित नहीं की गई। कोर्ट ने ९ जुलाई को नोटिस जारी किया था और 10 जुलाई को न्यायालय में उपस्थित होकर कारण दर्शित करें कि आदेशिकाएं वापस न्यायालय में प्रेषित क्यों नहीं की गई। इस पर संबंधित थाना प्रभारी न तो स्वयं न्यायालय में उपस्थित हुए और न ही नोटिस के साथ संलग्न आदेशिकाएं तामीला अथवा अदम तामीला न्यायालय में प्रेषित की गई। संबंधित थाना प्रभारी ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना की है। अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिये है। पुलिस अधीक्षक को तामीला के संबंध में पत्र निर्गत किय जाये। सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

# जमीन पर कब्जे को लेकर हुई मारपीट में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन पर कब्जा को लेकर हुई मारपीट में दंपति और पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव निवासी इंद्रेश कुमार पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके साले अशोक कुमार ने गांव में ही 5 डिसमिल जमीन राजू पुत्र संतराम से खरीदी थी। जिसका 1 जनवरी 2024 में बैनामा हुआ था। जिस पर अशोक कुमार ने अपनी बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी थी। दिनांक 8 जुलाई को जब इंद्रेश कुमार के पिता अनिल कुमार मोहम्मदाबाद से शाम लौट रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि गांव के कृपाल, सुरेंद्र, पुष्पेंद्र, नकुल और सुस्वेंद्र अशोक कुमार की जमीन की निहास उखाड़ रहे थे और अपनी ईंट उतार रहे थे। जिसका अनिल ने विरोध किया। जानकारी पाकर अनिल का पुत्र इंद्रेश कुमार घटनास्थल पर अपनी मां को साथ लेकर पहुंचा, तो दबंगों ने अनिल कुमार, इंद्रेश कुमार और अनिल कुमार की पत्नी मिथलेश कुमारी को लाठी-डंडों से जमकर पीटा और गंभीर रूप से तीनों को घायल कर दिया। थाने पहुंचकर तीनों ने प्रार्थना पत्र दिया था। थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने मामले की गहराई समझते हुए मुकदमा लिखने के आदेश दिए। बीती रात पुलिस ने इंद्रेश कुमार की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। मुकदमे की विवेचना बवना चौकी प्रभारी योगेश कुमार श्रीवास्तव करेंगे। थाने के एसएसआई राम सिंह ने बताया पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ है। मुकदमे की विवेचना बवना चौकी प्रभारी करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### करंट लगने से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** करंट लगने से युवक की हालत गंभीर हो गयी। उसे परिजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम पकरिया निवासी 30 वर्षीय राजकुमार पाल पुत्र राकेश चन्द्र बुधवार को सुबह पंखा चलाने के लिए तार लगा रहा था। उसी दौरान उसके जोरदार करंट लग गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पिता राकेश कुमार राजकुमार को लेकर सुबह लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पत्नी रत्नेश व माँ शान्ति देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। राजपूताना चौकी प्रभारी अच्छे लाल पाल ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटना में अधेड़ सहित दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम अलाइय्यापुर निवासी अशोक कुमार उम्र 50 वर्षीय पुत्र मूसेलाल बाइक द्वारा कायमगंज अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव अकराबाद निवासी जयवीर उम्र 15 वर्षीय पुत्र रामसरन भी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

### किशोर ने गृहकलह में जहरीले पदार्थ का किया सेवन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव निजामुद्दीनपुर निवासी चाँद मियाँ उम्र 16 वर्षीय पुत्र बब्लू ने गृह कलह से क्षुब्द होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहाँ उपचार जारी है।

### बेड से गिरकर वृद्ध की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव नगला मोहन निवासी श्रीकृष्ण वर्मा उम्र 79 वर्षीय पुत्र चोखेलाल वर्मा वेड पर सो रहे थे। सोते समय अचानक उन्होंने करवट ली, तभी बेड से नीचे गिरकर अचेत हो गये। पत्नी पत्नी शिरोवनी, पुत्र सुशील व सुनील कुमार कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर विपिन कुमार ने श्रीकृष्ण को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### दबंगों ने युवक को पीटा, थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बबना चौकी निवासी शनि ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया वह घर से शाम 5 बजे सड़क (गांव के किनारे) पर गल्ला विक्रेता की दुकान से मक्का के पैसे लेने जा रहा था। रास्ते में गांव के ही चार नामजद युवकों ने शनि को पहले गाली-गलौज किया। जिसका शनि ने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से शनि को जमकर मारा पीटा। थाने पहुंचकर पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# मारपीट के मामले में सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित सचिन कठेरिया पुत्र चमन लाल कठेरिया निवासी सोता बहादुरपुर घटियाघाट थाना कादरीगेट ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते दिन पीड़ित के दोस्त गोपाल गुप्ता की शादी अमेठी कोहना गेस्ट हाउस में थी। जिसमें पीड़ित अपने दोस्त कृष्ण पाण्डेय उर्फ अक्कू पाण्डेय के साथ जाना था, तो पहले हम लोग जूती लेने फतेहगढ़ आ रहे थे, रास्ते में लोको रोड पर समय करीब ९ बजे शिवा जाटव पुत्र जयवीर, निवासी नानकनगर भोलेपुर, दीपक उर्फ अमन पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी लोको रोड भोलेपुर, अंकुश पुत्र अजय सिंह निवासी राजन नगला भोलेपुर, सागर जाटव पुत्र दिलेराम जाटव निवासी भोलेपुर, बंशल जाटव पुत्र नामालूम निवासी भोलेपुर, बॉबी पुत्र नामालूम निवासी दीन दयाल बाग पांचालघाट थाना कादरीगेट, आनन्द पुत्र नामालूम निवासी निनौआ फतेहगढ़ ने हम लोगों को रास्ते में घेर लिया और बिना बात के जान से मारने की नियत से हाथों में लिये लोहे की राडों व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे तथा गाली-गलौज कर रहे थे, तभी मौके पर मेरा दोस्त ऋषी गौतम आ गया। जिसने हम लोगों को बचाने का प्रयास किया, तो उपरोक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की।

किसी तरह बचकर निकले, तो उपरोक्त लोग कह रहे थे कि आज तो बच गये, अगली बार जिन्दा नहीं छोड़ेंगे। मारपीट से पीड़ित अचेत हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# पीड़ित को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता:एसडीएम



तहसील का निरीक्षण करते एसडीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार ने चार्ज लेते ही कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा शासन कि मंशा के अनुसार कार्य करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करूँगा। उन्होंने कहा तहसील में पीड़ित की समस्याओं का समाधान होगा। समाधान करने में हीलाहवाली करने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। सभी लोग समय पर तहसील में उपास्थित होकर अपना कार्य करें। इसके बाद उन्होंने तहसील परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील में खड़ी मोटर साइकिलों को देखकर उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उन्हें तत्काल हटवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने हिदायत दी कि अगर दोबारा से मोटरसाइकिल खड़ी मिलीं, तो कार्रवाई की जायेगी। इसके बाद वह नजारत पहुँचे। जहाँ नायब नाजिर रेनू सक्सेना सीट पर नहीं मिलीं। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उपजिलाधिकारी मालबाबू कार्यालय पहुंचे। जहां उन्हें मालबाबू योगेंद्र कुमार भी नहीं मिले। जिस पर उन्होंने स्पस्टीकरण माँगा। इसके बाद उन्होंने तहसील सभागार में कानूनगो व लेखपालों की मीटिंग की। जहाँ उन्होंने कहा कि किसी भी काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा समय से सभी लोग उपस्थित होकर अपना कार्य करें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत



रोते बिलखते मृतक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उसको मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम गाँधी निवासी 40 वर्षीय आलोक बाथम पुत्र हरीकिशन राजमिस्त्री का कार्य करता था। वह ग्राम आशा की मड़ैया निवासी वीरपाल की पुत्री के विवाह में शामिल होने गया था। वापस आने के दौरान रामनिवास महाविद्यालय के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। रात 10.58 मिनट पर उसे ईएमटी मनोज कुमार व सिपाही अंकित ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पत्नी दीपा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 15 दिवसीय नाट्य विद्या कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतेंदु नाट्य अकादमी एवं सांस्कृतिक विभाग लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में संस्कार भारती द्वारा 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन का शुभारंभ कर मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ0 रजनी सरीन ने कहा युवा पीढ़ी नाटक अभिनय सीखकर अपना करियर बनाए।

जिसमें रोजगार के साथ व्यक्तित्व के विकास, अच्छे समाज निर्माण में अपना सहयोग करें। एशियन कंप्यूटर सेंटर जोगराज में चल रही नाट्य विद्या की कार्यशाला में डा0 रजनी सरीन ने कहा नाट्य शास्त्र समाज का दर्पण है। जैसा समाज कला साधक बनाएगा उसी प्रकार का समाज दिखाई देता है। समाज में कलाओं के माध्यम से समाज और राष्ट्रभक्ति को जागृति करती है। उन्होंने कहा नाटक वर्तमान समय में युवाओं का करियर के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करती है। व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करती है। सभी प्रशिक्षर्थी कार्यशाला में सीखकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग दें। प्रांतीय महामंत्री एवं अकादमी के नामित सह निर्देशक सुरेंद्र पाण्डेय ने सनातन संस्कृति का इतिहास, वैदिक युग मानव जीवन जप तप चिंतन में नीरज हो गया था। तब सृष्टि के रचनाकार ब्रह्मा ने चारों वेदों की सूक्तियों को लेकर पंचम वेद नाट्य शास्त्र (रस शास्त्र) की रचना की पृथ्वी पर भरत मुनि अपने शिष्यों के साथ नाट्य शास्त्र को मानव कल्याण हेतु रस मय आनंद मय में जीवन जीने के लिए विस्तार किया। फर्रुखाबाद क्षेत्र में कलाओं का इतिहास 19वीं शताब्दी से शुरू होता है।



शुभारम्भ के दौरान मौजूद डॉ. रजनी सरीन व अन्य

नगर के प्रसिद्ध वैध लल्ला हकीम द्वारा पारसी थिएटर लाला लोकमाणी द्वारा कला परिषद नाटकों की परंपरा शुरू हुई। इस समय रामलीला एवं रासलीला की परंपरा में पंडित कृपा शंकर, पंडित श्यामा चरण दुबे, पंडित करुणा शंकर रामायणी, माधवराव मधैआ कला साधक आए कला संरक्षक गोकुल नाथ सरीन, पंडित विमल प्रकाश तिवारी, दादा चंद्रशेखर शुक्ला, रंगकर्मी सच्चिदानंद विजय दवे (मटर लाल) कला साधकों ने रामलीला के माध्यम से नाट्य विधा की परंपरा को जीवित रखा वर्तमान समय में संस्कार भारती के संरक्षक कला मित्र स्वर्गीय आचार्य ओम प्रकाश मिश्र (कंचन) जिन्होंने विलुप्त कलाओं को खोजना अनुसंधान करना चिंतन मनन के द्वारा विगत वर्षो से कार्यशाला के रूप में कला साधको की श्रृंखला उत्पन्न की। उसी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ एवं सांस्कृतिक विभाग लखनऊ के तत्वाधान में संस्कार भारती कला साधकों की नाट्य विधा में 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रही है। प्रशिक्षक अमित सक्सेना ने कहा नाट्य व्यक्ति का प्राकृतिक स्वभाव है जो मानव के जन्मजात होता है। नाटक मानव जीवन जीने की कला है जो अभिनय द्वारा व्यक्ति में विकास होता है। एक अच्छा कला साधक अपनी कला साधना चिंतन मनन के द्वारा मानव जीवन में रस में आनंद में सुख मय बना देता है। इसी में अपना जीवन जीता है यह दुनिया एक रंगमंच है। कला साहित्य अभिनय के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है।

अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यशाला में में नाट्य कला संयोजक अरविंद दीक्षित, राज गौरव पाण्डेय, रविंद्र भदोरिया, दिलीप कश्यप (कलमकार), शैली दिवाकर, डॉ0 नावेद अंसारी, धीरज मोर्य, सत्या सिंह, अनुराग पांडेय (रिंकू), प्रिया राजपूत, अर्पण शाक्य, तन्मय पांडेय नाट्य विद्या की कार्यालय में सहभागिता की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में कथक नृत्य की छात्राओं को मुख्य अतिथि डा0 रजनी सरीन के द्वारा उत्तर प्रदेश अकादमी के प्रमाण पत्र स्नेहा श्रीवास्तव, मान्या वर्मा, वैष्णवी गुप्ता, मोनिका राठौड़, शालू, वैष्णवी, श्रेया, अर्जिता, आस्था को प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्कार भारती के सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव में सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद दिया।

## दबंगों ने महिला के साथ की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी सुखरानी पत्नी सत्य प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके दरवाजे पर ग्राम पंचायत की पोल पर विद्युत लाइट लगी हुई थी। जिसे गांव के ही नामजद लोग लाइट को पोल से खोल रहे थे। जब महिला ने इसका विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने महिला से गाली-गलौज किया। गाली-गालीज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला घर पर अकेली थी। आज सुबह थाने पहुंचकर महिला ने गांव के चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। हल्का प्रभारी नरेश कुमार ने बताया तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गाजे-बाजे के साथ प्लास्टिक उन्मूलन जागरुकता महाअभियान के तहत निकाली गई रैली




जागरुकता रैली निकालते नगर पालिका के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन जागरुकता महाअभियान के अन्तर्गत नगर में गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई। बाजार में आम जन मानस को जागरुक करते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने सभी लोगों से अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। दुकानदार प्लास्टिक की थैली में सामान न बेंचे। लोगों से थैला लाने के लिए प्रेरित करें।

पॉलीथिन का प्रयोग करते हुए जो भी दुकानदार पाया गया उस पर जुर्माना लगाया जायेगा और पॉलीथिन को जब्त किया जायेगा। नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी जागरुक करते हुए टाउन हाल तिराहे से शुरु होकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए लालगेट तिराहे तक पैदल मार्च करते हुए जागरुकता कार्यक्रम में भाग लिया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पॉलीथिन हटाओ अभियान के अन्तर्गत चेकिंग की जायेगी। जिस दुकानदार के पास पॉलीथिन बरामद हुई तो उसे जब्त कर जुर्माना लगाया जायेगा। ज्यादा मात्रा में पॉलीथिन मिलने पर जुर्माना के अलावा अन्य कार्यवाही भी की जायेगी। साथ ही रसोई व फलों एवं गीला कचरा हरे डब्बे में डाले। सूख कचरा नीले डब्बे में डालने के लिए भी जागरुक किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

## कठुआ आतंकी हमले में शहीद हुए सैनिकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने शहर के पटेल पार्क पहुंचकर शहीद जवानों को कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि दी। वीर जवानों पर किये गये आतंकी हमले की निंदा की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर शिवाशीष तिवारी, अतुल राजपूत, दीपक सक्सेना, वात्सल्य मिश्रा, अंकित वर्मा, जतिन बाल्मीकि, अन्ना गुप्ता, कुनाल दिवाकर, श्याम यादव, सत्यम वर्मा, जतिन बाथम, आशु सक्सेना, शेखर दिवाकर, यश वर्मा, अर्जुन दिवाकर, विक्की दिवाकर, अरुण यादव, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भाविप स्थापना दिवस पर दस पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस पर पांचाल शाखा द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ब्लड बैंक में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में रक्तवीर भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर अभिषेक सिंह, पूनम जैन, शिवम गुप्ता, दीपावली, संयोजक आयुष गुप्ता आदि 10 लोगों ने रक्तदान किया। कन्हैया लाल जैन ने स्थापना दिवस पर विचार रखे और रक्तदान करने वालों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इंजीनियर राजीव गोयल अब तक 100 बार रक्तदान कर चुके है। इस अवसर पर सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, अनुपम पुरवार, कन्हैया शुक्ला, तुषार अग्रवाल, अमित, योगेश वर्मा, आयुष गुप्ता मौजूद रहे। व्यवस्था ब्लड बैंक के पंकज कटियार व गिरीश ने देखी।



रक्तदान करती पूनम जैन मौजूद भाविप पदाधिकारी

# 16 संकुल शिक्षकों ने ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में दिया सामूहिक त्याग पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड शमशाबाद के संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रुप से त्याग पत्र दे दिया है। सभी संकुल शिक्षकों ने पिछले दो वर्ष से अधिक समय से संकुल शिक्षक के दायित्वों का निष्ठा पूर्व निर्वाह्न कर रहे थे।

ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में सभी संकुल शिक्षकों ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा सम्बोधित पत्र में दर्शाया कि ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करते हुए मैं त्याग पत्र दे रहा हूं। जिसमें संकुल शिक्षक प्रदीप गंगवार, मुफीद खान, अभिषेक ओमर, हिमांशु यादव, आयुष गंगवार, लोकेश कुमार, रमन गंगवार, शिखा गंगवार, अमित कुमार वर्मा, अमरेन्द्र वर्मा, भूपेश सिंह, हरिश्चन्द्र राजपूत, अमित कुमार सिंह, अजीत सिंह, गुरमीत सिंह, सोम्या निगम सहित 16 संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रुप से त्याग पत्र 9 जुलाई को खण्ड शिक्षाधिकारी को सौंपा है। देखना है कि उनका त्याग पत्र स्वीकार किया जाता है या ऑन लाइन उपस्थिति स्थिगित की जाती है। ऐसे में जनपद के सभी शिक्षकों में आक्रोश है कि पढ़ाई के अलावा अन्य कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी लगायी जाती है। ऐसे में जबरदस्ती थोपी गई ऑन लाइन हाजिरी का विरोध जारी रहेगा। इसके लिए प्रदेश भर में शिक्षक लामबंद है। अभी तक प्रदेश भर में शिक्षकों ने अपनी ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करायी है। शासन प्रशासन ऑन लाइन उपस्थिति को लेकर गंभीर होने के बाद सरकार के आदेश का इंतजार कर रही है।

# शिक्षकों का ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर तीसरे दिन विरोध रहा जारी



काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

परिषदीय विद्यालयों में ऑन लाइन उपस्थिति को लेकर विरोध जारी है। जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध किया गया। जबकि शासन की ओर से शिक्षकों को 8:30 बजे तक का उपस्थिति दर्ज कराने का समय दिया गया है। शिक्षक संगठनों के आदेशानुसार किसी भी शिक्षक ने ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करायी। प्राथमिक शिक्षक संघ, कूटा, अटेवा, पीएसपीएसए, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ आदि ने ऑन लाइन हाजिरी का विरोध किया। डिजिटाइजेशन को लेकर शिक्षक आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड़ में है।

जिसको लेकर 11 व 12 जुलाई को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा जायेगा। शिक्षकों ने एक स्वर में मांग की है कि जब तक शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होगा, तब तक थोपे गये आदेशों का विरोध जारी रहेगा। तीसरे दिन डिजिटाइजेशन का विरोध करते हुए शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। उन्होंने कहा कि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आगे भी विरोध जारी रहेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र के संचालन हेतु जगह के निर्धारण व बजट की मांग हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने पर व केंद्र में स्टाफ की उपलब्धता पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी व कमेटी द्वारा जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र को मूकबधिर विद्यालय में संचालित करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, डीडीओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 26 वर्ष से फरारी काट रहे जीआरपी दरोगा को पकड़कर लाने का कोर्ट ने एसपी को दिया आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डकैती के मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष जीआरपी फर्रुखाबाद 26 वर्षों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। न्यायालय की ओर से गैर जमानतीय वारण्ट जारी किये गये तथा 82 की प्रक्रिया लम्बे समय जारी है, परन्तु उसका तामीला आख्या प्राप्त नहीं है। यह वाद वर्ष 2000 से लंबित है। अभियुक्त अनुपस्थिति के कारण दूसरे अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए अपने स्तर से इस बाबत पूरा प्रयास कर जानकारी कर लिखित सूचना अगली तिथि तक उपलब्ध करायें कि अभियुक्त राम कुमार सिंह वर्तमान में कहां नियुक्त/ कार्यरत है तथा यदि सेवानिवृत्त हो गया हो तो सेवा अभिलेख के अनुसार वह वर्तमान में कहाँ पर उपलब्ध हो सकता है तथा उसे किस स्थान से पेंशन प्राप्त हो रही है। 20 जुलाई को अभियुक्त रामकुमार सिंह की उपस्थिति/आरोप के प्रश्न पर सुनवाई हेतु पेश हो।

राज्य बनाम रामकुमार आदि धारा 392 के मामले में अभियुक्त हरिश्चन्द्र अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित है। रामकुमार अनुपस्थित है। अभियुक्त हरिश्चन्द्र के अधिवक्ता ने सूचित किया कि इस मामले में दूसरा अभियुक्त रामकुमार 17 मई 1998 को उपनिरीक्षक/ थानाध्यक्ष जीआरपी फर्रुखाबाद के रुप में तैनात था। तब से अभियुक्त रामकुमार ने न्यायालय में उपस्थिति नहीं दी है और अपनी जमानत भी नहीं करायी। अभियुक्त रामकुमार पुत्र स्व0 हीरालाल लम्बरदार निवासी ग्राम गोहना फरमाना थाना सदर जनपद रोहतक हरियाणा 14 फरवरी 2022 को जनपद मथुरा में तैनात था। उसके पूर्व 2001 व 2002 में उक्त अभियुक्त जनपद एटा में कार्यरत था। न्यायालय की ओर से गैर जमानतीय वारण्ट जारी किये गये तथा 82 की प्रक्रिया लम्बे समय जारी है, परन्तु उसका तामीला आख्या प्राप्त नहीं है। यह वाद वर्ष 2000 से लंबित है। अभियुक्त अनुपस्थिति के कारण दूसरे अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय अभिनितम उपाध्याय ने 20 जुलाई को अभियुक्त रामकुमार को न्यायलय में प्रस्तुत करने के एसपी को निर्देश दिये है।



बैठक लेते डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में एक जनपद एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में एक जनपद एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेलों में प्रतिभाग करने पर स्टाल किराये, यात्रा व्यय, माल ढुलाई पर मिलने वाले वित्तीय अनुदान के लिये आये हुए 06 आवेदनों पर विचार कर दावे को शासनादेश के अनुसार उपयुक्त पाये जाने पर भुगतान का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग केंद्र व संबंधित अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने श्याम नगर में दबिश देकर 100 किलो लहन किया नष्ट

▸ 45 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी ने टीम के साथ संदिग्ध ग्राम में दविश देकर 100 किलो लहन नष्ट किया। इस दौरान 45 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

टीम ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे ने टीम के साथ संदिग्ध ग्राम श्यामनगर में दबिश देकर दौरान लगभग 100 किलो लहन नष्ट कर दिया।

45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया। टीम ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट व सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। टीम ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।



लहन नष्ट करती आबकारी टीम

## छत पर सोये किसान की नीचे गिरने से हुई मौत

**जालौन (उरई)।** उमस भरी गर्मी में छत पर सो रहा किसान अचानक छत से नीचे गिर कर घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों ने किसान को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। एक सप्ताह पूर्व से चल रहे इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद घर मातम छा गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी आनंद पाल (52) पुत्र छेदालाल बीती दो जुलाई को उमस भरी गर्मी के चलते छत पर सोने के लिए चले गए। मध्य रात्रि के बाद अचानक पानी बरसने लगा। भीगने से बचने के लिए वह हड़बड़ी में उठे और अंधेरे में नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों की तरफबढ़े। लेकिन वह अंधेरा होने के चलते सीढ़ियों को समझ नहीं पाए और छत से सीधे नीचे आ गिरे। छत से नीचे गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोग आनन फानन में उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें पहले झांसी फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। ग्वालियर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई। घर के मुखिया की मौत की खबर जब घर पहुंची तो पत्नी शीला देवी, बेटी निशमी, पूजा, कविता व पुत्र बोबी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। दोपहर बाद जैसे ही उनका शव घर पहुंचा तो चीख पुखार मच गई।

## आईटीआई में प्रवेश शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** व्यावसायिक, शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधिशासी निदेशक लखनऊ द्वारा जारी पत्र के आदेशानुसार आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन 10 जुलाई से प्रारम्भ हो रहे है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यासायिक एवं टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से 149 राजकीय संस्थानों में हो रहे दीर्घकालीन व्यवसायों में नवीन सत्र प्रवेश हेतु ऑन लाइन आवेदन 10 जुलाई से 8 अगस्त तक निर्धारित है। जिसके लिए ऑन लाइन प्रवेश शुरु हो गये है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# उपनिरीक्षक व प्रभारी निरीक्षक के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अभियुक्त के विरुद्ध जारी किये गये धारा 82 के अन्तर्गत उद्घोषणा का प्रकाशन कराकर थाने से न्यायालय को वापस प्राप्त नहीं करायी गई और न ही न्यायालय द्वारा तलब किये गये उपनिरीक्षक व कोतवाली प्रभारी मोहम्मदाबाद उपस्थित नहीं हुए और न ही अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। न्यायालय ने उपनिरीक्षक उदय पाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी कोतवाली मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिया है। दोनों पुलिसकर्मी स्वयं का पक्ष 22 जुलाई को न्यायालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। प्रकीर्ण वाद में सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तिथि नियत की गई है। राज्य बनाम मुन्ना के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त मुन्ना पुत्र हेमराज के विरुद्ध धारा 82 के अन्तर्गत उद्घोषणा थाने से इस आख्या के साथ उपनिरीक्षण उदय पाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद मनोज भाटी द्वारा वापस प्राप्त करायी गई कि अभियुक्त 15 वर्षों से गांव छोड़कर चला गया है। उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। साथ ही ग्राम प्रधान की लिखित तहरीर दाखिल की गई। न्यायालय ने दो तिथि 24 मई व 7 जून को आदेश जारी किया था कि 82 की उद्घोषणा के अनुसार विधिवत प्रकाशन कराकर आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करें, किन्तु थाने द्वारा न तो प्रकाशन कराया गया और अभियुक्त के गांव छोड़ जाने की आख्या न्यायालय में प्रस्तुत की गई। न्यायालय ने दोनों पुलिस कर्मियों को 4 जुलाई को पुनः उद्घोषणा का प्रकाशन किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया था। दोनों पुलिस कर्मी द्वारा न्यायालय में उपस्थित हुए और समय प्रदान किये जाने की मांग भी नहीं की गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि दोनों पुलिस कर्मी जानबूझकर न्यायालय के आदेशों का अनुपालन नहीं कर रहे है। न्यायालय ने 8 जुलाई को तलब किया था, लेकिन दोनों पुलिस कर्मी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय ने उपनिरीक्षक उदय पाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी कोतवाली मोहम्मदाबाद के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिया है। प्रकीर्ण वाद में सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से भतीजे की मौत, चाचा घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से भतीजे की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चाचा घायल हो गये। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम अवंतीबाई निवासी 40 वर्षीय निरंकार पुत्र ग्यादीन अपने चाचा छंगेलाल के साथ बाइक से भवानी नगर दावत खाने जा रहा था। राजेंद्र नगर के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे निरंकार की मौत हो गयी, जबकि घायल छंगेलाल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की पत्नी अनीता व रामबेटी आदि परिजनों में चीत्कार मच गयी। मृतक खेती करने का कार्य करता था।

# मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान गर्व का अवसर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने खुशी जाहिर करते हुए इसे 140 करोड़ देशवासियों के लिए गर्व का अवसर बताया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज 140 करोड़ देशवासियों के लिए गर्व और संतुष्टि की अनुभूति का अवसर है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किया गया है। इस समय मोदी एकमात्र राष्ट्राध्यक्ष हैं, जिन्हें 2 बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का अवसर मिला और उसके साथ ही रूस ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है।

भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के लिए यह और भी खुशी की बात है कि नरेन्द्र मोदी भारत के पहले ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं, जिन्हें फ्रांस के अलावा मिस्र, भूटान, यूएई, सऊदी अरब और फिलिस्तीन के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान यह उस प्रतिष्ठा, गरिमा और सम्मान का प्रमाण है, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व स्तर पर मिला है। इस सम्मान पर विपक्षी दलों के नकारात्मक बयान पर हमला बोलते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी दक्षता से दुनिया को दिखाया कि युद्ध से परे भी समाधान निकाला जा सकता है लेकिन विपक्षी दल को हर शुभ अवसर पर नकारात्मक बातें खोजते हैं, वे इस भव्य आयोजन के बारे में नकारात्मक बातें करते हैं। विपक्षी दल पूछते हैं कि प्रधानमंत्री यूक्रेन पर क्यों नहीं बोलते। हम सरकार में हैं, प्रधानमंत्री मोदी को अंतरराष्ट्रीय विषयों पर बोलने का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। यहां सवाल उठता है कि कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर कितने प्रस्ताव अपनी कार्यकारिणी में रखे और पारित किये। कांग्रेस ने अपनी सीडब्ल्यूसी की बैठक में फिलिस्तीन के पक्ष में इजराइल-हमास युद्ध के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया था। इस पर सोनिया गांधी ने एक लेख भी लिखा और प्रियंका गांधी ने इसके बारे में ट्वीट किया ।

### चांसलर ने किया मोदी के सम्मान में निजी भोज का आयोजन

**विएना।** ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहैमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में मंगलवार रात निजी भोज का आयोजन किया। श्री मोदी अपनी विदेश यात्रा के दूसरे चरण में कल रात ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना पहुंचे जहां हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ऑस्ट्रिया के चांसलर श्री नेहैमर ने श्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा, फ्रवियना में आपका स्वागत है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी! ऑस्ट्रिया में आपका स्वागत करना खुशी और सम्मान की बात है। ऑस्ट्रिया और भारत मित्र और भागीदार हैं। मैं आपकी यात्रा के दौरान हमारी राजनीतिक और आर्थिक चर्चाओं की प्रतीक्षा कर रहा हूँ! श्री मोदी ने कहा, चांसलर कार्ल नेहैमर, वियना में आपसे मिलकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रिया की दोस्ती मजबूत है और आने वाले समय में यह और भी मजबूत होगी। चांसलर श्री नेहैमर ने प्रधानमंत्री के साथ एक सेल्फी ली और उसे सोशल नेटवर्किंग साइट पर साझा किया। बाद में चांसलर श्री नेहैमर ने श्री मोदी के सम्मान में निजी भोज का आयोजन किया। इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच अनौपचारिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि श्री मोदी की यह यात्रा भारत-ऑस्ट्रिया साझीदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। निजी कार्यक्रम के लिए ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहैमर ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की मेजबानी की। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है। द्विपक्षीय साझेदारी की पूरी क्षमता का दोहन करने पर चर्चा आगे होनी है। आज आधिकारिक रूप से फेडेरल चांसलरी में प्रधानमंत्री का परंपरागत ढंग से स्वागत किया जाएगा। इसके तुरंत बाद प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक होगी और इसके बाद दोनों नेताओं के प्रेस वक्तव्य होंगे। भारत ऑस्ट्रिया सीईओ बैठक में शामिल होने के बाद दोनों नेता दोपहर के भोज में शामिल होंगे।

# दस वर्षों में लोकोपायलट के काम करने की परिस्थितियां सुधरीं : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी



**नयी दिल्ली ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोको पायलटों के बारे में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा कही जा रही बातों को 'गलत' और 'निराधार' करार दिया है और कहा है कि बीते दस वर्षों में लोको पायलट सहित रनिंग स्टाफ के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं और इससे उनकी काम करने की परिस्थितियां बेहतर हुईं हैं। श्री वैष्णव ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में यह लिखा और यह भी बताया कि 34 हजार रनिंग स्टाफ की भर्ती हो चुकी हैं जबकि 18000 अन्य की भर्ती की जा रही है।

रेल मंत्री ने कहा, लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। चूंकि विपक्ष द्वारा हमारे लोको पायलटों को हतोत्साहित करने के लिए बहुत सारी गलत सूचनाएं और नाटकबाजी की जा रही है, इसलिए मैं चीजों को बिल्कुल स्पष्ट कर रहा हूं। कामकाजी परिस्थितियों में सुधार के मामले में पता होना चाहिए कि लोको पायलटों के ड्यूटी घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। यात्राओं के बाद विश्राम सावधानीपूर्वक प्रदान किया जाता है। औसत ड्यूटी के घंटे निर्धारित घंटों के भीतर बनाए रखे जाते हैं। औसत ड्यूटी, इस वर्ष जून माह में 8 घंटे से भी कम है। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही यात्रा की अवधि निर्धारित घंटों से अधिक होती है।÷ श्री वैष्णव ने कहा, ÷लोको पायलट लोको कैब से इंजन चलाते हैं। 2014 से पहले कैब की हालत बहुत ख़राब थी। 2014 के बाद से, एर्गोनोमिक सीटों के साथ कैब में सुधार किया गया है, और इस समय सात हजार से अधिक लोको कैब वातानुकूलित हैं। नये लोकोमोटिव का निर्माण में अनिवार्य रूप से एसी कैब लगाया जा रहा है।÷ऑफ-ड्यूटी विश्राम सुविधाओं के बारे में उन्होंने कहा कि जब पायलट एक यात्रा पूरी कर लेते हैं, तो मुख्यालय से बाहर होने पर वे आराम के लिए रनिंग रूम में आते हैं। 2014 से पहले रनिंग रूम की हालत बहुत ख़राब थी। अब लगभग सभी (558) रनिंग रूम वातानुकूलित हैं। कई रनिंग रूम में फुट मसाजर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। संयोगवश, कांग्रेस ने लोको पायलटों की कामकाजी परिस्थितियों को समझे बिना इसकी आलोचना की थी।

# मप्र सरकार 233 करोड़ में खरीदेगी नया विमान

**▸ बॉम्बार्डियर चैलेंजर 3500 को मोहन कैबिनेट ने दी मंजूरी**

एजेंसी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक में कई अहम निर्णय लिए हैं। कैबिनेट ने राज्य शासन के लिए 233 करोड़ में नया विमान खरीदेगी की स्वीकृति दी है। सरकार ने कनाडा की कंपनी बॉम्बार्डियर इंक के चैलेंजर 3500 मॉडल को खरीदने का फैसला किया है।

दरअसल, छह मई 2021 को ग्वालियर में लैंडिंग के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। तब से राज्य सरकार के पास कोई विमान नहीं था। इस दौरान कनाडा की कंपनी की बोली सबसे कम रही। साथ ही निविदा शर्तों में जो आवश्यकताएं बताई गई हैं, उसे चैलेंजर 3500 पूरी करता है। विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु वर्ग के विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरों के युक्त-युक्तीकरण की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास, आश्रम और सामुदायिक कल्याण केन्द्रों में निवासरत विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति कल्याण व जनजातीय कार्य विभाग द्वारा निर्धारित शिष्यवृत्ति दरों के अनुरूप युक्त-युक्तीकरण की स्वीकृति दी है।

स्वीकृति अनुसार बालकों को वर्तमान में प्रतिमाह देय शिष्यवृत्ति 1230 रुपए में वृद्धि कर 1550 रुपये एवं बालिकाओं को 1270 रुपये में वृद्धि कर 1590 रुपये प्रतिमाह दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति कल्याण व जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मूल्य सूचकांक के आधार पर आगामी शिष्यवृत्ति की दर में वृद्धि, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु कल्याण विभाग के लिए भी मान्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना ÷नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन÷ (नेवा) को मध्यप्रदेश विधान सभा में क्रियान्वित करने के लिए 23 करोड़ 87 लाख रुपये की परियोजना का अनुमोदन दिया हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम में देश की समस्त विधान सभाओं को पेपर लेस करने एवं उन्हें एक प्लेटफार्म पर लाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) लांच की गई है।

## पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट का आदेश एक सप्ताह में खोला जाए शंभू बॉर्डर

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं ने हरियाणा हाईकोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को यह आदेश दिए हैं। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को कहा कि हरियाणा सरकार एक हफ्ते में रोड क्लियर करे और वहां से बैरिकेड हटाए। हाईकोर्ट ने कहा कि शंभू बॉर्डर पर स्थिति शांतिपूर्ण है। किसानों की मांग केंद्र सरकार से है और इसलिए उन्हें दिल्ली की तरफ जाने की छूट दे देनी चाहिए। सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार ने कहा कि अगर वे शंभू बॉर्डर से बैरिकेड हटा देते हैं तो फिर किसान अंबाला में घुस जाएंगे और एस पी ऑफिस का घेराव करेंगे। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि वर्दी वालों को घबराना नहीं चाहिए। लोकतंत्र में किसानों को हरियाणा में घुसने या घेराव करने से नहीं रोका जा सकता।

# ममता के खिलाफ दाखिल राज्यपाल की मानहानि याचिका पर होगी सुनवाई

एजेंसी



**कोलकाता।** राज्यपाल डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस की ओर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले पर सुनवाई होगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को यह स्पष्ट कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि दायर किए गए मानहानि के मुकदमे में अंतरिम आदेश की खातिर दाखिल किए गए राज्यपाल के आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होगी।

न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने बुधवार को कहा कि इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेंगे। न्यायमूर्ति राव ने बोस के वकील को यह भी निर्देश दिया कि वह प्रतिवादियों को आवेदन की प्रतियां उपलब्ध करवाएं। राज्य सचिवालय में 27 जून को एक प्रशासनिक बैठक के दौरान बनर्जी ने कहा था, ''महिलाओं ने मुझे बताया है कि वह हालिया कथित घटनाओं की खबरें सुनने के बाद राजभवन जाने से डरती हैं।'' उनकी टिप्पणी पर राज्यपाल ने कहा था कि जन प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह गलत और निंदनीय धारणाएं न बनाएं। दो मई को राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने बोस के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था, जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत, किसी राज्यपाल के विरुद्ध उसके कार्यकाल के दौरान कोई आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

## खबरें एक नजर में

### मुर्मु ने किया डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफियों का अनावरण किया। अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। जब पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हजारों प्रशंसकों के सामने खेलते हैं, तो खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे जीतें या हारें खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और उन्हें दूसरी टीमों का सम्मान करना चाहिए। कभी-कभी खेल में आवेग और जुनून होता है, लेकिन खिलाड़ियों को अपनी भावनाओं पर काबू पाने और खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए।श्रीमती मुर्मु ने भरोसा जताया किया कि सभी खिलाड़ी दृढ़ संकल्प और खेल भावना के साथ खेलेंगे। राष्ट्रपति ने सभी फुटबॉल प्रेमियों से भारत में फुटबॉल के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

### ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने रूस रवाना हुए बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने लिए रूस रवाना हो गये। गौरतलब है कि रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 11 और 12 जुलाई को ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक होने वाली है, जिसमें श्री बिरला भारतीय संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर श्री बिरला से मुलाकात की। इस दौरान लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी ने भी उनसे मुलाकात की। भारतीय संसदीय दल में श्री बिरला के अलावा श्री हरिवंश, राज्यसभा सदस्य शंभू शरण पटेल और लोकसभा अध्यक्ष के विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) राजीव दत्ता शामिल हैं। श्री बिरला सम्मेलन के दौरान अन्य देशों की संसद के अध्यक्षों से वार्ता करेंगे। साथ ही सम्मेलन से जुड़े विषयों पर भारत का पक्ष रखेंगे। श्री बिरला यात्रा के दौरान मॉस्को में भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात करेंगे।

### केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत का निधन

**देहरादून।** केदारनाथ से भाजपा विधायक शैला रानी रावत का मंगलवार रात्रि निधन हो गया। वह लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। उनके निधन से शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक स्थान पर होगा। लंबे समय से बीमार चल रही 68 वर्षीय विधायक शैला रानी रावत का दो दिनों से मैक्स अस्पताल देहरादून में उपचार चल रहा था। दो महीने पहले एक कार्यक्रम के दौरान फिसलने से उन्हें चोट लग गई। इस कारण उन्हें मैक्स अस्तपाल में उन्हें भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान देहरादून के मैक्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शैला रानी रावत दो बार की विधायक थी। वह 2012 में पहली बार कांग्रेस पार्टी से विधायक चुनी गईं। वर्ष 2017 में चुनाव प्रचार के दौरान वह फिसलकर गिर गई थीं, जिससे उन्हें गंभीर चोट लग गई थी। इसके बाद वह गंभीर बीमारी की चपेट में आ गई थीं। वह लगभग तीन साल तक अस्तपाल में भर्ती रहीं। स्वस्थ्य होने पर 2022 में फिर से विधायक निर्वाचित हुईं। हरीश रावत की सरकार के दौरान कांग्रेस में हुई बगावत के समय शैलारानी भी पार्टी के नौ वरिष्ठ विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गईं।

### मुनाफावसूली से लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई।** विश्व बाज़ार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार क़रीब आधे प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.87 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,924.77 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 47,450.68 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 53,779.98 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2576 में मुनाफावसूली जबकि 1363 में लिवाली हुई वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, हेल्थकेयर, पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.69 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 0.99, दूरसंचार 0.44, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 1.60, रियल्टी 0.07, टेक 0.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.25 प्रतिशत टूट गए।

# टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंचे रुतुराज गायकवाड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में पहुंच गए हैं। गायकवाड़ ने यह उपलब्धि रविवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में भारत की 100 रन की व्यापक जीत में 47 गेंदों पर नाबाद 77 रन की पारी खेलने के बाद हासिल की। परिणामस्वरूप, गायकवाड़ 13 पायदान की छलांग लगाकर 20वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड शीर्ष पर हैं।

गायकवाड़ के भारतीय टीम के साथी रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा ने भी रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की है। पिछले महीने भारत के विजयी टी20 विश्व कप अभियान में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रहे रिंकू ने दूसरे टी20 मैच में 22 गेंदों पर 48 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसकी बदौलत वह चार पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए दूसरी ओर, भारत के लिए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने दूसरे मैच में मात्र 47 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर 75वें स्थान पर अपनी रैंकिंग दर्ज की। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई, जिन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में छह विकेट चटकाए, गेंदबाजों की रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के होनहार बल्लेबाज ब्रायन बेनेट दो आक्रामक कैमियो की बदौलत 25 पायदान की छलांग लगाकर 96वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दो मैचों में 15 गेंदों पर 22 और नौ गेंदों पर 26 रन बनाए। पहले दो मैचों के बाद, तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी भी आठ पायदान ऊपर चढ़कर 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे को पहला टी20 मैच 13 रन से जीतने में 1/17 के अपने स्पेल की बदौलत अहम भूमिका निभाई थी।

## गृह मंत्री शाह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रसन्नता का विषय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी 14 जुलाई को प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का एक साथ शुभारंभ कर रहे हैं। एक्सीलेंस कॉलेजों की विशेषता है कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। सभी मंत्रीगण अपने-अपने क्षेत्र में कॉलेजों के शुभारंभ कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में कही। बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम् गान के साथ आरंभ हुई। बजट के जन-कल्याण एवं विकास से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर सभी जिलों में संवाद कार्यक्रम किए जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों को राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए बनने वाले एक्सप्रेस-वे तथा सभी विभागों को उपलब्ध कराई गई पर्याप्त राशि से प्रदेश के विकास पर होने वाले प्रभाव के संबंध में जिलों में चर्चा हो।

# सीबीआई जांच पर सवाल उठाने वाला बंगाल का मुकदमा सुनवाई योग्य : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार की ओर से किसी मामले में जांच की सहमति वापस लेने के बावजूद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से जांच जारी रखने को चुनौती देने का पश्चिम बंगाल सरकार का मुकद्दमा सुनवाई करने लायक है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार की इस प्रारंभिक आपत्ति को खारिज कर दिया कि इस तरह का मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर एक मूल मुकदमे को सुनवाई योग्य घोषित किया।

पश्चिम बंगाल सरकार ने आरोप लगाया था कि सीबीआई ने राज्य की ओर से सहमति वापस लेने के बावजूद राज्य के मामलों की जांच जारी रखी। अपने मुकदमे में राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि सीबीआई प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है, जबकि राज्य ( पश्चिम बंगाल) ने अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में मामलों की जांच करने के लिए केन्द्रीय एजेंसी को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी। पश्चिम बंगाल ने 16 नवंबर 2018 को राज्य में जांच और छापेमारी करने के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर मुकदमे की सुनवाई करने की योग्यता पर केंद्र द्वारा की गई प्रारंभिक आपत्तियों पर सुनवाई पूरी करते हुए 08 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और एक या अधिक राज्यों के बीच विवाद में सर्वोच्च न्यायालय के मूल अधिकार क्षेत्र से संबंधित है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तब शीर्ष अदालत के समक्ष दलील दी थी कि राज्य सरकार किसी भी मामले में सीबीआई जांच के लिए सहमति वापस लेने के लिए सर्वव्यापी, व्यापक और सर्वव्यापी निर्देश जारी करने के अधिकार का दावा नहीं कर सकती।श्री मेहता ने कहा था, ÷राज्य सरकार केवल अलग-अलग संबंधित मामले के आधार पर सहमति देने/अस्वीकार करने की शक्ति का प्रयोग कर सकती है। उन्होंने अदालत से पश्चिम बंगाल के मुकदमे को खारिज करने का अनुरोध किया था। मेहता ने यह भी कहा था, ÷सीबीआई केंद्र के अधीन नहीं है। यह एक स्वतंत्र निकाय है। इसलिए, इस मामले में केंद्र सरकार पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर शीर्ष अदालत के समक्ष दो अलग-अलग मामलों में एक ही मुद्दे पर मुकदमा चलाने का आरोप लगाया थापश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत के समक्ष दलील दी थी कि सीबीआई राज्य सरकार की आम सहमति के बिना पश्चिम बंगाल से संबंधित मामलों की जांच नहीं कर सकती। उन्होंने आगे दलील दी।

# सनातन संस्कृति की आस्था को मिलेगा बल : धामी

**▸ सीएम धामी ने दिल्ली में किया केदारनाथ मंदिर का शिलान्यास**

समृद्धि न्यूज




**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को दिल्ली के हिरंकी (बुराड़ी) में केदारनाथ मंदिर का भूमि-पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस मंदिर से शिव भक्तों और सनातन संस्कृति की आस्था को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दिल्ली में बाबा केदार के मंदिर के निर्माण से सभी शिव भक्तों की मनोकामना पूर्ण होगी। बुराड़ी क्षेत्र का जिक्र हमारे पौराणिक ग्रंथों में मिलता है। इस क्षेत्र का संबंध महाभारत काल से भी है। बुराड़ी की पावन धरती में उत्तराखण्ड और सनातन संस्कृति के मूल परिचायक बाबा केदारनाथ जी का धाम हमारी संस्कृति और आस्था का आधुनिक प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह मंदिर श्रद्धा को जीवन, मानव को महादेव, समाज को अध्यात्म और वर्तमान पीढ़ी को प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में सनातन संस्कृति की ध्वजा फैल रही है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण, भव्य काशी कॉरिडोर का निर्माण, अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है। इसके अतिरिक्त केदारनाथ व बदरीनाथ का पुनर्निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड भारत की सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान का कालखंड है। आज विदेशों से आने वाले मेहमानों का स्वागत श्रीमद्भागवत गीता भेंट करके होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार योग दिवस का आयोजन आदि कैलाश में किया गया था, जिसका उद्देश्य केदारनाथ धाम, आदि कैलाश जैसे हमारे राज्य के पवित्र स्थलों को जन-जन तक पहुंचाना था।

उन्होंने कहा कि आज संपूर्ण विश्व ने योग को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल निरंतर बढ़ रही है। चार धामों के साथ अन्य धार्मिक स्थलों को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। चार धाम यात्रा के सुगम संचालन के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मानसखंड यात्रा के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों का विकास कार्य जारी है। आगामी कावड़ मेले को लेकर भी प्रदेश सरकार द्वारा तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति, भक्ति और श्रद्धा का पाठ पढ़ने के साथ ही हमारे भीतर दया, करुणा, मानवता एवं राष्ट्रसेवा का भाव पैदा करती है। उन्होंने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र में बन रहा केदारनाथ मंदिर पूरी मानवता को प्रेरणा देने का काम करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा, महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज, स्वामी राजेंद्रानंद, गोपाल मणि महाराज, विधायक महेश जीना, विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, विधायक संदीप झा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कोपा अमेरिका 2024 : मेसी के 109वें गोल की बदौलत अर्जेंटीना फाइनल में

**न्यू जर्सी।** लियोनेल मेसी के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल की बदौलत गत चैंपियन अर्जेंटीना ने मंगलवार रात कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका के फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना के लिए मैच में जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में और मेसी ने 51वें मिनट में गोल किया। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं और कोपा अमेरिका में 14 गोल किए हैं, जो रिकॉर्ड से तीन कम है। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम 130 गोल हैं, जो मेसी से ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल हैं, ईरान के अल डेई ने 1993 से 2006 तक 108 गोल किए थे। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना का अजेय क्रम 10 मैचों तक बढ़ गया है। अर्जेंटीना की टीम फाइनल में रविवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करेगी। यदि अर्जेंटीना की टीम फाइनल जीतती है तो यह उनका रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब होगा।

# मैक्स एट होम ने लखनऊ में शुरु कीं स्वास्थ्य सेवाएं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मैक्स हेल्थकेयर की अग्रणी होमकेयर सर्विस और आउट ऑफ हॉस्पिटल सेवाएं प्रदान करने वाली ब्रांच मैक्स एट होम ने लखनऊ में अपनी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। इस विस्तार का उद्देश्य लखनऊ वासियों को उच्च गुणवत्ता वाली, व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है। मैक्स एट होम ने होमकेयर सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए ख्याति प्राप्त की है, जो प्रत्येक रोगी को उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके अनुरूप चिकित्सकीय सहायता विकल्पों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है।

मैक्स एट होम पैथोलॉजी टेस्ट और स्वास्थ्य जांच, ईसीजी, एक्स-रे, एम्बुलेटरी बीपी, होल्टर मॉनिटर और स्लीप स्टडी जैसे उन्नत डायग्नोस्टिक्स, नर्सिंग केयर, केयरटेकर और स्वास्थ्य परिचारक, घर पर क्रिटिकल केयर और स्टेप-डाउन आईसीयू, फिजियोथेरेपी और पुनर्वास, चिकित्सा उपकरण, दवा वितरण, वयस्क टीकाकरण, डॉक्टर की विजिट और परामर्श, माँ और बच्चे की देखभाल सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।

होमकेयर, यानी घर पर ही मरीजों की देखभाल, एक बढ़ता हुआ क्षेत्र है। लेकिन इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती यह है कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को घर पर ही आईसीयू जैसी देखभाल कैसे दी जाए। इसके लिए गहन चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम, जीवन रक्षक उपकरण, 24/7 रिमोट निगरानी क्षमता और जटिल प्रोटोकॉल और चिकित्सा दिशानिर्देशों से लैस एक प्रशिक्षित नर्सिंग टीम की आवश्यकता होती है, ताकि अस्पताल के आईसीयू के बाहर कुशलतापूर्वक देखभाल और आपातकालीन सहायता प्रदान की जा सके। मैक्स एट होम का क्रिटिकल केयर प्रोग्राम उन परिवारों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जहां मरीजों को लंबे समय तक देखभाल की जरूरत होती है। यह उन परिस्थितियों में मरीजों और उनके परिजनों की मदद करता है, जहां ठीक होने में समय लग सकता है, दुर्घटना हो गई है, या किसी मरीज को जीवन के अंतिम चरण में सहारा चाहिए। मैक्स हेल्थकेयर के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने कहा, मैक्स एट होम का लखनऊ में आना एक बड़ा कदम है. इससे हमारा मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। हमारा लक्ष्य है कि हम व्यक्तिगत और संवेदनशील देखभाल घरों में प्रदान करें, और हम इस समुदाय में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं।